भोपाल ■ गुरुवार 14 मई 2026 ■ वर्ष -10 ■ अंक-79 ■ पृष्ठ-12 ■ मूल्य-₹04

दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज



## सोना 9,000 और चांदी 22 हजार महंगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर लगने वाली ड्यूटी छह फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दी है। बुधवार को जारी इस आदेश के बाद सर्राफा बाजार में सोना 9 हजार और चांदी 22 हजार रुपए महंगी हो गई है। 10 ग्राम सोने का भाव 1.60 लाख और 1 किलो चांदी का भाव 2.87 लाख रुपए पर पहुंच गया है। सरकार का मकसद विदेशी खरीद कम करना और देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे दबाव को घटाना है। सरकार ने सोने पर 10 प्रतिशत बेसिक कस्टम ड्यूटी और पांच प्रशित एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस लगाया है। इस तरह कुल प्रभावी टैक्स 15 फीसदी हो गया है। इससे पहले 2024 के बजट में वित्त मंत्री सीतारमण ने इंपोर्ट ड्यूटी 15 प्रतिशत से घटाकर छह फीसदी की थी।

**केंद्र सरकार ने आयात शुल्क 15 फीसदी किया**

**पीमए ने तीन दिन पहले कहा था-सोना न खरीदें**

## सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित, देशभर में 85.20 छात्र-छात्राएं पास पर पिछले साल से 3.19 फीसदी कम

# सीबीएसई 12वीं का पास प्रतिशत देशभर में गिरा, रायपुर-लखनऊ से पिछड़ा भोपाल

### त्रिवेंद्रम का रिजल्ट बेस्ट, प्रयागराज फिर पहुंचा सबसे पीछे, 12वीं परीक्षा 2026 में भोपाल रीजन का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से नीचे आया

- भोपाल रीजन में इस बार सिर्फ 79.43 फीसदी विद्यार्थी हुए सफल
- दिल्ली ईस्ट रीजन ने भी 91 फीसदी से अधिक परिणाम हासिल किए

**सत्ता सुधार ■ भोपाल/नई दिल्ली**

सीबीएसई ने बुधवार को 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। कुल 85.20 फीसदी छात्र पास हुए हैं। यह पिछले साल से तीन फीसदी कम है। 94,028 छात्रों ने 90 फीसदी से ज्यादा नंबर स्कोर किए हैं। वहीं, 17,113 बच्चों ने 95 प्रतिशत से ज्यादा नंबर स्कोर किए हैं। इस बार कॉपियां ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम के तहत चेक की गईं। सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में भोपाल रीजन का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से नीचे रहा। भोपाल रीजन में इस बार 79.43 फीसदी विद्यार्थी सफल हुए, जबकि देशभर का औसत पास प्रतिशत 85.20 फीसदी दर्ज किया गया। भोपाल का प्रदर्शन रायपुर, लखनऊ और रांची जैसे कई रीजन से पीछे रहा। वहीं, इस वर्ष देशभर में कुल पास प्रतिशत 85.20 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो पिछले साल के 88.39 फीसदी की तुलना में 3.19 प्रतिशत कम है।



#### बेटियों ने फिर मारी बाजी

12वीं में लड़कियों का परीक्षा परिणाम 88.86 फीसदी रहा। जबकि लड़कों का 82.23 प्रतिशत रहा। लड़कियों का रिजल्ट लड़कों से 6.73 फीसदी बेहतर रहा। ट्रांसजेंडर स्टूडेंट्स का रिजल्ट 100 प्रतिशत है। इस तरह से छात्राओं 6.73 प्रतिशत के अंतर ने बाजी मारी है।

#### केंद्रीय विद्यालय का रहा दबदबा

12वीं परीक्षा में सबसे बेहतर परिणाम केंद्रीय विद्यालय का रहा, जहां पास प्रतिशत 98.55 फीसदी दर्ज किया गया। जवाहर नवोदय 98.47 के साथ दूसरे स्थान पर रहा। सरकारी का पास प्रतिशत 89.55 रहा, सहायता प्राप्त संस्थानों में यह 86.07 दर्ज किया गया। वहीं, ईएमआरएस स्कूलों का पास प्रतिशत 85.55 और प्राइवेट स्कूलों का 84.22 फीसदी रहा।

#### त्रिवेंद्रम निकला अव्वल

क्षेत्रवार प्रदर्शन में तिरुवनंतपुरम (त्रिवेंद्रम) सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाला रीजन रहा, जहां 95.62 फीसदी विद्यार्थी सफल हुए। वहीं प्रयागराज का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा और यहां पास प्रतिशत 72.43 प्रतिशत दर्ज किया गया। दिल्ली वेस्ट और दिल्ली ईस्ट रीजन ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 91 फीसदी परिणाम हासिल किए।

| रीजनवार | पास प्रतिशत |
|---|---|
| त्रिवेंद्रम | 95.62 |
| चेन्नई | 93.84 |
| बेंगलुरु | 93.19 |
| विजयवाड़ा | 92.77 |
| दिल्ली वेस्ट | 92.34 |
| दिल्ली ईस्ट | 91.73 |
| अहमदाबाद | 90.60 |
| गुरुग्राम | 88.45 |
| लुधियाना | 87.92 |
| पुणे | 87.32 |
| अजमेर | 86.78 |
| पंचकूला | 85.73 |
| रांची | 85.01 |
| गुवाहाटी | 83.41 |
| लखनऊ | 82.21 |
| भुवनेश्वर | 81.71 |
| देहरादून | 81.42 |
| रायपुर | 80.88 |
| भोपाल | 79.43 |
| नोएडा | 79.02 |
| पटना | 74.45 |
| प्रयागराज | 72.43 |

## अमूल-मदर डेयरी ने दूध 2 रु. लीटर किया महंगा

- आम आदमी को झटका,नई कीमतें आज से
- गोल्ड 70 और फ्रेश 57 रुपए लीटर मिलेगा



**नई दिल्ली।** अमूल के बाद मदर डेयरी ने भी बुधवार को दूध की कीमतों में दो रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। दोनों कंपनी के नए दाम गुरुवार से लागू होंगे। अमूल और मदर डेयरी ने दूध के प्रमुख वेरिएंट और पैक पर कीमतें बढ़ाई हैं। गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के मुताबिक, पशु आहार, पैकेजिंग और ईंधन की लागत बढ़ने के कारण यह फैसला लिया गया। अमूल का कहना है कि यह बढ़ोतरी 2.5 फीसदी से 3.5 प्रतिशत के बीच है। गौरतलब है कि अमूल ने मई 2025 के बाद पहली बार दूध के दाम बढ़ाए हैं। वहीं मदर डेयरी ने इससे पहले दूध की कीमतों में अप्रैल 2025 में बढ़ोतरी की थी।

## नर्मदा नदी पर नए पुल का निर्माण कराएगी सरकार

### प्रदेश की लाड़ली बहनों के खातों में पहुंचे 1835 करोड़ रुपए

- सीएम बोले-नरसिंहपुर को किसी की नजर न लगे
- सरकार महिलाओं को उद्योग लगाने प्रोत्साहित कर रही
- 21 एकड़ जमीन दान करने वाले परिवार का होगा सम्मान

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

सीएम डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को नरसिंहपुर जिले के मुंगवानी में आयोजित समारोह में लाड़ली बहना योजना की 36वीं किस्त जारी की। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 22 हजार 542 महिलाओं के बैंक खातों में 1835 करोड़ 67 लाख की राशि ट्रांसफर की। उन्होंने 296 करोड़ के 40 विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन भी किया। वहीं मेधावियों को लैपटॉप वितरित किए। क्षेत्र को सात नए पुलों की सौगात भी मिली है। वहीं सीएम ने घोषणा की कि नर्मदा नदी पर एक नए पुल का निर्माण किया जाएगा। नरसिंहपुर के मुंगवानी में कॉलेज खोला जाएगा। शेर नदी पर 24 करोड़ से 250 मीटर लंबा पुल बनेगा। नरसिंहपुर के स्टेडियम में हॉकी एस्ट्रो टर्फ बिछाई जाएगी। सिंचाई के लिए बुडेना बांध के लिए परीक्षण कराया जाएगा।



#### नरसिंहपुर जिला अद्भुत

मुख्यमंत्री ने कहा-भगवान नरसिंह के नाम पर बसा नरसिंहपुर जिला अद्भुत है। यहां के विकास कार्यों को देखकर लगता है कि कहीं नरसिंहपुर को किसी की नजर न लग जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को राजनीति, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सरकार लगातार अवसर दे रही है।

## भवानीपुर से विधायक बने मुख्यमंत्री शुभेंदु

**कलकत्ता।** बंगाल की राजनीति में बुधवार को ऐतिहासिक घटनाक्रम देखने को मिला, जब विधानसभा में भव्य शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कई नए विधायकों ने शपथ ली। इस दौरान अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और विधायकों को औपचारिक रूप से गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया। प्रोटेम स्पीकर तापस राय की मौजूदगी में सभी विधायकों ने शपथ ली। वहीं भवानीपुर और नंदीग्राम सीट से विजयी मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने भी शपथ ली। शुभेंदु ने भवानीपुर विधानसभा सीट से विधायक बने रहने का निर्णय लिया है।

## अपर्णा यादव के पति प्रतीक का निधन

### कार्डियक अरेस्ट से गई जान, अपर्णा के घर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 38 साल थी। सुबह 6 बजे भाजपा नेत्री पत्नी अपर्णा यादव के भाई अमन सिंह बिष्ट उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिविल अस्पताल के चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. डीसी पांडेय के मुताबिक, जब प्रतीक को लाया गया, तब उनकी पल्स पूरी तरह डाउन थी। हार्ट भी रुक चुका था। लखनऊ मेडिकल कॉलेज में प्रतीक के शव का पीएम कराया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि कार्डिएक अरेस्ट से प्रतीक की मौत हुई है। विसरा रिपोर्ट के बाद और चीजें स्पष्ट होंगी। प्रतीक का शव घर लाया गया है। अंतिम संस्कार गुरुवार को लखनऊ में दोपहर 12:30 बजे पिपरा घाट पर होगा। इस बीच, प्रतीक की पत्नी और भाजपा नेता अपर्णा यादव भी असम से लखनऊ लौट आई हैं। वो एयरपोर्ट से सीधे अपने घर पहुंचीं। अपर्णा हिमंता बिस्वा सरमा के शपथ ग्रहण के लिए असम गई थीं। सीएम योगी आदित्यनाथ, मंत्री सुरेश खन्ना, डिंपल यादव समेत कई बड़े नेता पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की।



## सरकार ने बढ़ाई एमएसपी अब 2441 रु. क्विंटल धान

### केंद्रीय कैबिनेट ने किसानों को दिया तोहफा

- किसानों को 2.60 लाख करोड़ रुपए का भुगतान होगा
- एमएसपी उत्पादन लागत से 50 फीसदी अधिक सुनिश्चित
- कोयला गैसीकरण के लिए 37,500 करोड़ मंजूर
- नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का होगा कायाकल्प
- 20,667 करोड़ की सेमी हाई-स्पीड रेल परियोजना मंजूर

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट बैठक में आर्थिक मामलों की समिति ने 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। सरकार ने खरीफ मार्केटिंग सीजन के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 72 रुपए बढ़ाकर 2,441 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया। ताकि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके। वहीं कैबिनेट में 37,500 करोड़ रुपए से कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने की एक योजना को भी मंजूरी दी गई है।

**रेल परियोजना को दी मंजूरी:** रेलवे की 20,667 करोड़ की अहमदाबाद (सरखेज) - धोलेरा अर्ध-उच्च गति दोहरी लाइन परियोजना को भी मंजूरी दी गई है। भारत की पहली सेमी हाई-स्पीड रेल परियोजना के रूप में, यह परियोजना एक अग्रणी परियोजना के रूप में काम करेगी। कैबिनेट ने नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उन्नयन और आधुनिकीकरण को मंजूरी दे दी है।



| फसल | एमएसपी | वृद्धि % |
|---|---|---|
| धान | 2,441 | 72 |
| ज्वार | 4,023 | 324 |
| बाजरे | 2,900 | 125 |
| रागी | 5,205 | 319 |
| मक्का | 2,410 | 10 |
| अरहर | 8,450 | 450 |
| मूंग | 8,780 | 12 |
| उड़द | 8,200 | 400 |
| मूंगफली | 7,517 | 254 |
| सूरजमुखी | 8,343 | 622 |
| सोयाबीन | 5,708 | 380 |
| तिल | 10,346 | 500 |
| नाइजरसीड | 10,052 | 515 |
| कपास | 8,267 | 557 |

#### भारत के पास पर्याप्त कोयला

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए कहा-कोयला गैसीकरण का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। भारत में कोयले का प्रचुर भंडार है। अगले 200 वर्षों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत के पास पर्याप्त कोयला है।

### प्रधानमंत्री के काफिले में 50 फीसदी कटौती

## पीएम मोदी के काफिले में दिखीं सिर्फ दो गाड़ी

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

दुनियाभर में बढ़ते ऊर्जा संकट के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने काफिले को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की कमी किए बिना प्रधानमंत्री के काफिले में शामिल वाहनों की संख्या घटा दी गई है। दावा किया जा रहा है कि काफिले की गाड़ियों में 50 फीसदी की कटौती की गई है। एक वीडियो में पीएम मोदी के काफिले में सिर्फ 2 गाड़ियां दिखीं। सरकार के इस कदम को ईंधन बचत और खर्च नियंत्रण की दिशा में अहम पहल माना जा रहा है। यह फैसला सुरक्षा एजेंसियों और स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप के मानकों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। नई व्यवस्था के तहत अब केवल जरूरी सुरक्षा और संचालन से जुड़े वाहन ही प्रधानमंत्री के काफिले का हिस्सा होंगे।



#### अब ई-वाहनों का करेंगे इस्तेमाल

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी सुझाव दिया है कि जहां संभव हो, काफिले में इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल बढ़ाया जाए। हालांकि इसके लिए नए वाहन खरीदने के बजाय मौजूदा संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर दिया गया है। सरकार के इस कदम को पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत के संदेश के रूप में भी देखा जा रहा है।

## तमिलनाडु में विजय की सरकार ने सदन में जीता विश्वासमत

**एजेंसी ■ चेन्नई**

तमिलनाडु विधानसभा में बुधवार को सीएम विजय की टीवीके सरकार ने फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। वोटिंग के वक्त सदन में 171 विधायक मौजूद थे। इनमें 144 ने टीवीके का समर्थन किया। टीवीके के पक्ष में एआईएडीएमके के 25 बागी विधायकों नें भी वोट डाला। एआईएडीएमके के 47 विधायक हैं। 22 ने सरकार का विरोध किया। फ्लोर टेस्ट में 59 विधायकों वाली डीएमके ने वॉकआउट कर दिया। सदन मे मौजूद पीएमके के 4 और भाजपा के एक विधायक वोटिंग में शामिल नहीं हुए। फ्लोर टेस्ट के साथ एआईएडीएमके में फूट भी पड़ गई। पार्टी पलानीस्वीमी और सीवी षणमुगम में गुट में बंट गई। वहीं सीएम विजय ने कहा हमारी सरकार सेक्युलर तरीके से घोड़े की रफ्तार से काम करेगी न कि हॉर्स ट्रेडिंग में शामिल होगी। इधर, फ्लोर टेस्ट पास करने के कुछ घंटे बाद ही विजय ने ज्योतिषी राधन पंडित को ओएसडी पद से हटा दिया।

**चाहिए थे 118 वोट और समर्थन में 144 मिले**

**एआईएडीएमके के 25 विधायक साथ आए**



### धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े मामलों पर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

## हिंदू धर्म जीवन जीने की कला! आस्था साबित करने के लिए मंदिर जाना जरूरी नहीं... घर में दीपक जलाना भी पर्याप्त

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश और उनकी धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को हिंदू धर्म को लेकर कई अहम टिप्पणियां की हैं। अदालत ने साफ कहा है कि हिंदू धर्म जीवन जीने की एक कला है- वे ऑफ लाइफ... हिंदू धर्म में अपनी आस्था साबित करने के लिए किसी को भी मंदिर जाना अनिवार्य नहीं है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अपनी आस्था के लिए केवल घर में एक दिया जलाया जाना भी काफी है। दरअसल, सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश और उनकी धार्मिक स्वतंत्रता के लिए चल रही सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों वाली संवैधानिक पीठ कर रही है। सीजेआई सूर्यकांत इस संवैधानिक पीठ के अध्यक्ष हैं।





### कर्मकांडों का पालन जरूरी नहीं, आस्था को नहीं दे सकते चुनौती

#### जस्टिस नागरत्ना बोलीं- वे ऑफ लाइफ...

जस्टिस बीवी नागरत्ना ने अधिवक्ता के सवालों पर कहा कि- हिंदू धर्म जीने का एक तरीका है- यानी वे ऑफ लाइफ... कोई जरूरी नहीं है कि किसी को हिंदू धर्म में अपनी आस्था साबित करने के लिए मंदिर जाना जरूरी हो, या फिर कोई अनुष्ठान करना जरूरी हो, यह सब उसकी इच्छा है, उसकी स्वतंत्रता है। वहीं सीजेआई सूर्यकांत ने भी जस्टिस नागरत्ना के मत का समर्थन किया और कहा-केवल अपने घर में एक दीपक जलाने वाला भी उतना ही हिंदू है, जितना मंदिर जाने वाला, आप उसकी आस्था को चेलेंज नहीं कर सकते।

#### वकील ने उठाया सवाल

बुधवार को 15वें दिन की सुनवाई के दौरान जब याचिकाकर्ता के अधिवक्ता डॉ. मोहन गोपाल ने धार्मिक समुदायों के अंदर सामाजिक न्याय की मांग पर सवाल उठाते हुए कहा कि हिंदू धर्म को धार्मिक श्रेणी में परिभाषित करने के बाद 1966 में माना गया कि हिंदू वह है जो दर्शन के मामले में वेदों को सर्वोच्च मानता है, लेकिन क्या आज हर हिंदू वेदों को सर्वोच्च मानता है।

## ब्रीफ न्यूज

### फिजूल खर्ची रोकने अब भोपाल में होगी क्षेत्रीय कार्यशाला

**भोपाल।** पीएम नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अपील को ध्यान में रखते हुए 15 मई को इंदौर की फाइव स्टार कन्वेंशन सेंटर में प्रस्तावित क्षेत्रीय कार्यशाला अब वन भवन भोपाल में आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में केवल संबंधित वन वृत्तों इंदौर, खण्डवा एवं उज्जैन बन वृत्त के भारसाधक अधिकारी मुख्य वन संरक्षक एवं वन संरक्षक ही उपस्थित होकर अपने वृत्त का प्रस्तुतीकरण देंगे। वन मंडलाधिकारी अपने मुख्यालय पर रहकर इस कार्यशाला से ऑनलाइन जुड़ेंगे। 15 मई को इंदौर के पांच सितारा ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में आयोजित एक दिन की कार्यशाला में सैकड़ों लीटर पेट्रोल को व्यर्थ में फूंकने और अफसरों के स्वागत-सत्कार में लाखों रुपए खर्च होते, अब वन भवन भोपाल में कार्यशाला आयोजित होने से फिजूल खर्चों पर अंकुश लगेगा।

### मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**भोपाल।** प्रदेश में शासकीय कार्यप्रणाली में नवाचार, सुशासन और जनसेवा के उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार' वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने जानकारी दी कि यह पुरस्कार मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों, विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा उनके अधीन कार्यरत निगम, मंडल, बोर्ड एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके नवाचार आधारित उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिये प्रदान किए जाएंगे। ऐसे कार्य जिनसे प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सेवा प्रदाय व्यवस्था अथवा जनहित में सकारात्मक और प्रभावी परिवर्तन आया हो।

### मुलताई नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार ने थामा भाजपा का दामन

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को बैतूल जिले की मुलताई नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार एवं उनके पति प्रहलाद सिंह परमार को भाजपा की सदस्यता दिलाई। खण्डेलवाल ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। खण्डेलवाल ने कहा कि मुलताई नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार ने भाजपा की रीति-नीति एवं पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास व जनकल्याण के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा एक परिवार है, यहां सभी का स्वागत है। सभी कार्यकर्ता परिवार भाव के साथ जनता की सेवा और संगठन के कार्यों को बुलंदियों तक पहुंचाते हैं। कांग्रेस पार्टी में जनता की सेवा करने वाले कार्यकर्ताओं के लिए कोई स्थान नहीं है। देश और प्रदेश की जनता लगातार भाजपा पर भरोसा कर रही है। भाजपा संगठन साफ सुधरी राजनीति करने वालों को काम करने के लिए अनुकूलता प्रदान करना और मौका देने का कार्य करता है।

'चाइल्ड बजटिंग इन मध्यप्रदेश' प्रशिक्षण कार्यशाला में मंत्री भूरिया बोलीं-

# बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विकसित मध्यप्रदेश @2047 की आधारशिला

सत्ता सुधार ■ भोपाल

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि मध्यप्रदेश के बच्चों का सर्वांगीण विकास ही राज्य के सतत और समावेशी विकास की आधारशिला बनेगी। मंत्री भूरिया बुधवार को होटल कोर्टयार्ड मैरियट में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'चाइल्ड बजटिंग इन मध्यप्रदेश' विषयक प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के राज्य बजट में बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता दिखती है। उन्होंने मुख्य वित्तीय प्रावधानों को साझा करते हुए कहा कि बजट में इस वर्ष 26 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि की गई है। स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में 23 हजार 747 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें 'पोषण 2.0' जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। राज्य के कुल व्यय का 13.7 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा पर व्यय के लिये आवंटित किया गया है।

मंत्री भूरिया ने स्पष्ट किया कि बच्चों का विकास केवल संबंधित बाल विकास विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। उन्होंने कहा चाइल्ड बजट स्टेटमेंट में अब 19 विभागों को शामिल किया गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य और सामाजिक न्याय जैसे सभी विभागों को एक निर्धारित लक्ष्य अनुसार मिलकर काम करना होगा। विभागों के बीच जब बेहतर समन्वय होगा, तभी बजट का वास्तविक लाभ धरातल पर दिखेगा। उन्होंने प्रदेश के 55 जिलों की विविधता का उल्लेख करते हुए कहा कि हर जिले में बच्चों की आवश्यकताएं अलग हो सकती हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्थानीय आवश्यकताओं को समझें और उसी के अनुरूप कार्य योजना बनाएं। यूनिसेफ की सोशल पॉलिसी चीफ (दिल्ली) क्रिस्टीना पोपीवानोवा ने मध्यप्रदेश की इस पहल को संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार कन्वेंशन के अनुरूप बताया। उन्होंने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब बच्चों में निवेश को 'लाभार्थी' के नजरिए से नहीं बल्कि 'उत्पादकता' के आधार पर देखा जाए।



महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक अभिताभ अवस्थी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बाल बजट के अंतर्गत 75 हजार 587 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह राशि राज्य के कुल बजट का 19.4 प्रतिशत और सकल घरेलू उत्पाद का 4.1 प्रतिशत है। वर्ष 2022 में बाल बजटिंग की पहल शुरू करने के बाद, मध्यप्रदेश अब इसके पांचवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। इस प्रक्रिया में विभागों की भागीदारी 17 से बढ़कर 19 हो गई है, जो राज्य की 'होल ऑफ गवर्नमेंट अप्रोच 'को दर्शाती है।

### बच्चे हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी

महिला एवं बाल विकास आयुक्त निधि निवेदिता ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कि राज्य की लगभग 40 प्रतिशत आबादी 3 करोड़ बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि चाइल्ड बजट की रिपोर्टिंग को अधिक वैज्ञानिक और पारदर्शी बनाना अनिवार्य है।विभागों को केवल आंकड़ों पर नहीं, बल्कि साक्ष्यों पर ध्यान देना होगा कि उनकी योजनाओं का वास्तविक लाभ बच्चों तक कैसे पहुँच रहा है।

**'इक्विटी' पर जोर :** यूनिसेफ मध्यप्रदेश के चीफ फील्ड स्टॉफ, विलियम हैनलोन ने कहा कि मध्यप्रदेश 'चाइल्ड बजटिंग' के 5 सफल वर्ष पूरे कर चुका है और यह केवल खर्च की रिपोर्टिंग से आगे बढ़कर 'परिणाम-आधारित' बजटिंग की ओर बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश की अधिकांश जनजातीय आबादी को देखते हुए बजट में लिंग और भौगोलिक स्थिति के आधार पर समानता का ध्यान रखा जाना चाहिए। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों का संचालन यूनिसेफ की सामाजिक नीति विशेषज्ञ पूजा सिंह द्वारा किया गया। इसमें शामिल 19 विभागों के प्रतिनिधियों ने बजट प्रक्रिया और क्रियान्वयन के अपने अनुभव साझा किए।

■ बिना परीक्षा पास किए कोई शिक्षक नहीं बन सकता

■ सुप्रीम कोर्ट ने कहा-जो छूट मिलनी थी, मिल चुकी

# मध्यप्रदेश में शिक्षकों को पास करना ही होगा टीईटी

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश में शिक्षकों की पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पात्रता परीक्षा में जो भी छूट दी जानी थी, वह पहले ही दी जा चुकी है। ऐसे में अब होने वाली किसी भी भर्ती में पात्रता परीक्षा पास किए बिना कोई भी शिक्षक नियुक्त नहीं किया जा सकता। पुनर्विचार याचिका राज्य सरकार के साथ मध्य प्रदेश और देशभर के अन्य राज्यों के शिक्षा संगठनों की ओर से दायर की गई थी। याचिकाओं में 1998 से 2009 के बीच नियुक्त शिक्षकों को परीक्षा से छूट देने की मांग की गई थी।

**पांच साल की छूट पहले ही दी जा चुकी :** हालांकि सुनवाई के दौरान अदालत ने स्पष्ट कहा कि वर्ष 2017 में नियम लागू होने के बाद पांच साल की छूट पहले ही दी जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा तय किए गए नियमों का पालन सभी राज्यों और शिक्षकों को करना होगा। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज और अधिवक्ताओं की ओर से विभिन्न दलीलें पेश की गईं, लेकिन फिलहाल शिक्षकों को राहत मिलने की संभावना कम नजर आ रही है। हालांकि, 70 से अधिक याचिकाओं पर बुधवार शाम तक सुनवाई जारी रही। ऐसे में मामले में अंतिम निर्णय अभी नहीं आया है।



फाइल फोटो

### शिक्षकों का भोपाल में प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

इधर, भोपाल में तीन दिन पहले अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर बड़ा शिक्षकों ने बड़ा प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने एमपी नगर एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर प्रदर्शन को समाप्त किया। आयोजकों के मुताबिक, भोपाल के भेल स्थित दशहरा मैदान में 'मुख्यमंत्री अनुरोध यात्रा' के तहत प्रदेश के अलग अलग जिलों से करीब 50 हजार से ज्यादा शिक्षकों ने भाग लिया। अजाद अध्यापक संघ के अध्यक्ष भरत पटेल ने चेतावनी दी कि अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो जून में फिर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। संयुक्त मोर्चे के संयोजक जगदीश यादव ने कहा कि अगर सरकार परीक्षा लेना ही चाहती है तो शिक्षकों को पढ़ाई के लिए समय दिया जाए और उन्हें जनगणना जैसे कामों में न लगाया जाए। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने साफ कहा कि पहले से नौकरी कर रहे शिक्षकों को दोबारा शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी TET देने के लिए मजबूर करना गलत है।

**कोर्ट का रुख सकारात्मक नहीं लगा :** जनजातीय कल्याण शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंगौर ने कहा- हमारे संगठन ने भी एक याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान वह खुद मौजूद थे। अधिवक्ताओं के मजबूत तर्कों के बावजूद कोर्ट का रुख सकारात्मक नहीं लगा। दरअसल, यह मामला सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 के उस आदेश से जुड़ा है, जिसके बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने वर्ष 1998 से 2009 के बीच बिना टीईटी नियुक्त हुए शिक्षकों के लिए पात्रता परीक्षा अनिवार्य करने के निर्देश जारी किए थे। ये नियुक्तियां राज्य सरकार की मेरिट प्रक्रिया के तहत हुई थीं। मध्य प्रदेश में ऐसे शिक्षकों की संख्या करीब डेढ़ लाख बताई जा रही है।

### परीक्षा में फेल हुए तो जाएगी नौकरी

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कहा था कि यदि कोई शिक्षक पात्रता परीक्षा पास नहीं करता है, तो उसकी सेवा समाप्त की जा सकती है।



इसके बाद लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आदेश जारी होने पर प्रदेशभर के शिक्षक संगठनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया था। शिक्षक संगठनों ने फैसले के खिलाफ आंदोलन भी किया। उन्होंने मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट से आदेश पर पुनर्विचार की मांग की। पिछले महीने मध्य प्रदेश सरकार, शासकीय शिक्षक संगठन, राज्य कर्मचारी संघ और कई शिक्षा संगठनों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की गई थी।

### एक नजर में टीईटी परीक्षा

टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट एक राष्ट्रीय स्तर की पात्रता परीक्षा है। यह तय करती है कि कोई अभ्यर्थी कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने के लिए योग्य है या नहीं। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) ने वर्ष 2010 में इस परीक्षा को अनिवार्य किया था।

# डिप्टी सीएम देवड़ा ने त्यागी पायलट और फॉलो वाहन सुविधा

### पीएम मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आह्वान पर किया अमल





सत्ता सुधार ■ भोपाल

पीएम मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आहवान पर राष्ट्रहित में डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने एक बड़ा निर्णय लिया है। देवड़ा ने अपने कारकेड में उपलबध कराई गई फॉलो एवं पायलट वाहन सुविधामय स्टाफ सहित तत्काल लौटा दिया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की अपील केवल एक सुझाव नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण मंत्र है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पेट्रोलियम ईंधनों की बचत आज की अनिवार्य आवश्यकता है। यह न केवल सरकारी खजाने पर बोझ कम करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने विश्वास जताया कि इस पहल से न केवल संसाधनों की बचत होगी, बल्कि समाज में ऊर्जा संरक्षण के प्रति एक सकारात्मक संदेश भी जाएगा। उन्होंने नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे अपनी दैनिक जीवन शैली में ईंधन की बचत को प्राथमिकता दें क्योंकि ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा का उत्पादन है।

### शुक्ल ने भी वापस की फॉलो व पायलट सुविधा

पीएम मोदी द्वारा देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और पेट्रोलियम ईंधनों के किफायती एवं विवेकपूर्ण उपयोग के संबंध में की गई अपील के अनुक्रम में उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने उनके काफिले के लिये उपलब्ध कराई गई फॉलो एवं पायलट वाहन सुविधा, संबंधित स्टाफ सहित, वापस कर दी है। शुक्ल ने कहा कि पीएम मोदी ने ऊर्जा संरक्षण एवं सुरक्षा के दृष्टिगत नागरिकों से ईंधन की बचत को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम ईंधनों की बचत केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के हित, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रहित से जुड़ा विषय है। सरकार जनहित में संसाधनों के सर्वोत्तम एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए सतत प्रतिबद्ध है।

प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने सौंपी जिम्मेदारी

# पूर्व मंत्री गुप्ता बने भवन निर्माण संदृढ़ीकरण समिति के संयोजक



सत्ता सुधार ■ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेवाल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भवन निर्माण एवं संदृढ़ीकरण समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस पर जिन जिला कार्यालयों के भवनों का भूमिपूजन व निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है, उन्हें तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बैठक में भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति की भी घोषणा की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भवन निर्माण एवं संदृढ़ीकरण समिति के संयोजक व सदस्यों को संबंधित कार्यों के लिए संभाग प्रभारी की भी जिम्मेदारी सौंपी है। समिति के संयोजक उमाशंकर गुप्ता को रीवा एवं शहडोल संभाग, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ को सागर व ग्वालियर संभाग, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी को भोपाल व नर्मदापुरम संभाग, प्रदेश कोषाध्यक्ष, सीए अखिलेश जैन को जबलपुर व छिंदवाड़ा एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती को इंदौर एवं उज्जैन संभाग का प्रभारी बनाया गया है।

### पुराने जिला कार्यालयों को भी और व्यवस्थित किया जाए

प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेवाल ने पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता को भवन निर्माण एवं संदृढ़ीकरण समिति का संयोजक बनाया गया है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बरूआ, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष, सीए अखिलेश जैन, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती एवं आर्किटेक्ट गौरव गर्ग को समिति का सदस्य बनाया गया है। उपरोक्त समिति कार्यालय निर्माण एवं उनके सुदृढ़ीकरण जैसे कार्यों के साथ कार्यालय में आवश्यक सुविधाओं का कार्य भी देखेंगे। समिति के सदस्य प्रभार वाले संभागों में नियमित प्रवास कर निर्माण कार्यों का अवलोकन करेंगे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह व निकाह योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल

### मंत्री कुशवाह ने कार्यक्रम में शामिल होकर नवदंपतियों को दी शुभकामनाएं

सत्ता सुधार ■ भोपाल

प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह कुसमानिया देवास में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम में 51 जनजाति कन्याओं का विवाह जनजाति परंपरा से संपन्न हुआ, 33 जोड़ो का विवाह वैदिक परंपरा से संपन्न हुआ एवं 16 मुस्लिम कन्याओं का निकाह संपन्न कराया गया।

मंत्री नारायण सिंह एवं खातेगांव विधायक आशीष शर्मा ने कन्याओं को 49 हजार रूपये राशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर उन्होंने विवाह के पवित्र बंधन में बंध रहे नवदंपतियों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीसी के माध्यम से वर्चुअली जुड़कर नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। मंत्री कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह योजना समाज के सभी वर्गों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जो सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ-साथ जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान कुशवाह ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं सभी नवविवाहित जोड़ों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए।



कार्यक्रम में जनपद पंचायत कन्नौद अध्यक्ष सावित्री रेवाराम सारण, जिला पंचायत सदस्य संतोष काकोड़िया, जनपद पंचायत सदस्य, हुकम पटेल, मोहन पटेल, महेश परमार, संतोष काकोड़िया, सुनील कर्मा, राजेश चौहान, पिंकी बारेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी कन्हैयालाल तिलवारी, उपसंचालक सामाजिक न्याय संगीता यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कन्नौद दीपक मुजाल्दे मौजूद थे।

**निशाना** नीट पेपर लीक मामले में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने भाजपा पर साधा निशाना

# जहां-जहां बीजेपी लंबे समय से है, वहां पेपर लीक के मामले सबसे ज्यादा

### केन बेतवा प्रभावितों से मिलने मध्यप्रदेश आएंगे राहुल गांधी

सत्ता सुधार ■ भोपाल

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नीट परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले में बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी हमेशा यह संदेश देने की कोशिश करती है कि विभाग से जुड़े राजनीतिक सभी लोग शुद्ध हैं, जबकि पूरी गड़बड़ी कर्मचारी, अधिकारी ही करते हैं। यह देश को गुमराह करने करने वाला तथ्य है। पटवारी ने कहा कि जहां-जहां बीजेपी लंब समय से है, वहां पेपर लीक की सबसे ज्यादा मामले आए हैं।

पटवारी ने आरोप लगाया कि कोई भी पेपर लीक होता है या फिर कोई सरकारी नौकरी की परीक्षा में धांधली होती है, उसमें कोई न कोई बीजेपी का पदाधिकारी, नेता, मंत्री का नाम आएगा। इस बार की नीट परीक्षा की गड़बड़ी में जो आरोपी पकड़ा गया, उसके 4 परिजन नीट परीक्षा पास कर चुके हैं, आखिर उसके 4 परिजन को इनमें जगह कैसे मिली। नीट जैसी परीक्षा में बार-बार ऐसी गड़बड़ी होती है तो सवाल उठता है कि आखिर यह कैसा डिजिटल भारत है। पटवारी ने आरोप लगाया कि जो भी नई तकनीक बनती है उन सभी में बीजेपी गडबड़ी करती है। ईवीएम में गड़बड़ी के जरिए चुनाव को प्रभावित करती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी केन-बेतवा लिंक परियोजना के प्रभावित आदिवासियों से मिलने के लिए जल्द मध्य प्रदेश दौरे पर आने वाले हैं। हाल ही में प्रभावित आदिवासियों से मिलने के बाद पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने सरकार पर आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में आदिवासियों को बिना उचित मुआवजे के उन्हें हटाया जा रहा है। करीब 10 साल पहले तय किए गए प्रति परिवार मुआवजे के हिसाब से अब राशि दी जा रही है, जो नाकाफी है।



पटवारी ने आरोप लगाया कि नदी जोड़ो अभियान के तहत केन-बेतवा लिंक परियोजना में सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार ही 50 हजार से ज्यादा पेड़ प्रभावित हो रहे हैं, जबकि असल आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा है. 10 हजार से ज्यादा आदिवासी प्रभावित हो रहे हैं, जिन्हें सरकार एक मुश्त पैसा दे रही है। पुलिस प्रशासन और वन विभाग का पूरा अमला लेन-देन कर वन काटने में लगे हुए हैं। इसको लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिख रहे हैं।

### लगातार लीक हो रहे पेपर

जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि 'जहां-जहां बीजेपी लंबे समय से हैं, वहां लगातार पेपर लीक हुए हैं। गुजरात में 2014 से लेकर अभी तक 14 पेपर लीक हुए हैं। हरियाणा में 5 से 7 पेपर लीक हुए। यहां बीजेपी की पिछले करीबन 15 साल से सरकार है। उत्तराखंड में 4 बार पेपर लीक हुए। मध्य प्रदेश में व्यापम में 13 अलग-अलग परीक्षा के पेपर लीक हुए। यहां 25 साल से सरकार है।

# मोहन सरकार एक बार फिर ले रही 1800 करोड़ का कर्ज

### सरकार ने डेढ़ महीने में बाजार से उठाए 6400 करोड़

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार एक बार फिर बाजार से बड़ा कर्ज लेने जा रही है। राज्य सरकार आज कुल 1800 करोड़ रुपए का ऋण उठाएगी। इसमें 1200 करोड़ रुपए और 600 करोड़ रुपए के दो अलग-अलग राज्य विकास ऋण शामिल हैं। इससे पहले सरकार चालू वित्त वर्ष के अप्रैल महीने में ही 4600 करोड़ रुपए का कर्ज ले चुकी है।

वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सरकार ने 7.86 मध्यप्रदेश राज्य विकास



ऋण 2042' के तहत 1200 करोड़ रुपए का बॉन्ड जारी किया है। इसके साथ ही 600 करोड़ रुपए का एक अन्य ऋण भी लिया जा रहा है। यह ऋण 15 अप्रैल 2026 से प्रभावी माना जाएगा, जबकि इसकी नीलामी 12 मई 2026 को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मुंबई कार्यालय के माध्यम से की गई थी। ऋण राशि का भुगतान आज किया जाएगा।

भोपाल आज का तापमान

| MIN | MAX |
| --- | --- |
| 29 | 40 |

## ब्रीफ न्यूज

### रेल महाप्रबंधक उत्कृष्ट संरक्षा जागरूकता पुरस्कार' से सम्मानित

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह द्वारा संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सतर्कता एवं त्वरित कार्यवाही के लिए रेलकर्मी हिमांशु अग्रवाल, वरिष्ठ गुड्स ट्रेन मैनेजर इटारसी, भोपाल मंडल को उत्कृष्ट संरक्षा जागरूकता पुरस्कार' प्रदान कर सम्मानित किया गया। 12 अप्रैल को खंडवा में मालगाड़ी संचालन के दौरान हिमांशु अग्रवाल ने लोको संख्या 31224 का चार्ज लेने के पश्चात लोड की जांच करते समय वैगन से रिसाव की आवाज सुनकर तत्परता से जांच की। बाद में प्रभावित वैगन को रेक से पृथक कर स्थिति को नियंत्रित किया गया। इनके द्वारा त्वरित गति से की गई सुरक्षात्मक कार्रवाई के कारण रेल परिचालन को सुरक्षित बनाए रखने में बड़ी सफलता मिली है। रेल प्रशासन ने हिमांशु अग्रवाल की सजगता, कर्तव्यनिष्ठा एवं त्वरित निर्णय क्षमता की सराहना करते हुए सम्मानित किया।

### रानी कमलापति-सांतरागाछी हमसफर एक ट्रिप निरस्त

**भोपाल।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बिलासपुर जंक्शन-चाँपा जंक्शन रेलखण्ड पर थर्ड एवं फोर्थ लाइन से सबन्धित सयुंक्त अधोसरंचनात्मक निर्माण कार्यो हेतु प्री-नॉनइंटरलॉकिंग/नॉनइंटरलॉकिंग /पोस्ट नॉनइंटरलॉकिंग कार्य जून माह में किया जाना है। जिसके चलते पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली रानी कमलापति-सांतरागाछी जंक्शन-रानी कमलापति हमसफर ट्रेन दोनों दिशाओ में 01-01 ट्रिप निरस्त रहेगी। जिसका विवरण इस प्रकार है-गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी जंक्शन हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन रानी कमलापति से 10 जून 2026 को निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 22170 सांतरागाछी जंक्शन-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन सांतरागाछी जंक्शन से 11 जून 2026 को निरस्त रहेगी ।

### एम्स भोपाल में 25 मई को सीएमई व कार्यशाला

**भोपाल।** एम्स भोपाल के योग के माध्यम से मन-शरीर हस्तक्षेप हेतु सहयोगात्मक केंद्र के अंतर्गत 25 मई 2026 को 'इंटीग्रेटिव मेडिसिनः ब्रिजिंग साइंस एंड होलिस्टिक हीलिंग फॉर कॉम्प्रिहेंसिव केयर' विषय पर एक दिवसीय सीएमई एवं कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम एम्स भोपाल परिसर में आयोजित होगा, जिसमें चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञ, शिक्षाविद और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य साक्ष्य-आधारित आधुनिक चिकित्सा और योग जैसे पारंपरिक समग्र उपचार पद्धतियों के बीच समन्वय स्थापित करना है, ताकि मरीजों को अधिक प्रभावी और व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें।

### नीट पेपर लीक मामले में भोपाल में छात्रों ने खोला मोर्चा

# एजेंसी को खत्म करने और मामले की न्यायिक जांच की मांग




सत्ता सुधार ■ भोपाल

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 में पेपर लीक के आरोपों के बाद राजधानी भोपाल में छात्रों का गुस्सा सड़कों पर दिखाई दिया। छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन और युवा संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन ने ज्योति टॉकीज चौराहे पर विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने एजेंसी को खत्म करने, निष्पक्ष जांच कराने और परीक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई।

नीट-यूजी परीक्षा में हर साल मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल होते हैं। मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए छात्र लंबे समय तक तैयारी करते हैं। ऐसे में पेपर लीक की खबरों ने छात्रों और अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना था कि मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के साथ अन्याय हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान छात्र संगठनों ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में लगातार गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। कभी पेपर लीक तो कभी परीक्षा केंद्रों पर अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही हैं। छात्रों ने कहा कि इससे परीक्षा प्रणाली पर भरोसा कमजोर हो रहा है और लाखों युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ रहा है। संगठन ने कहा कि इतनी बड़ी परीक्षाओं में बार-बार गड़बड़ी होना केवल लापरवाही नहीं, बल्कि बड़े स्तर पर मिलीभगत का संकेत है। उन्होंने पूरे मामले की न्यायिक निगरानी में जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

#### बड़े आंदोलन की दी चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को भंग करने की मांग भी उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ सीधे सरकार द्वारा आयोजित कराई जानी चाहिए। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि परीक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और बड़ा किया जाएगा।

# छात्रों को दबाव से बचाने टॉपर लिस्ट जारी नहीं, मेरिट सर्टिफिकेट मिलेगा

### सीबीएसई रिजल्टः भोपाल के 9 हजार 399 छात्र-छात्राएं हुए थे शामिल

#### लड़कियों का रिजल्ट लड़कों की तुलना में 6.73 प्रतिशत ज्यादा

#### डिजिटल मूल्यांकन से आई तेजी और पारदर्शिता

सत्ता सुधार ■ भोपाल



सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने बोर्ड परीक्षा 2026 का रिजल्ट जारी कर दिया है। देशभर में करीब 18.50 लाख से अधिक विद्यार्थियों के साथ मध्यप्रदेश के 80 हजार 454 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें भोपाल के 9 हजार 399 छात्र-छात्राएं शामिल थे। इस बार बोर्ड परीक्षा में कुल 85.20 फीसदी विद्यार्थी सफल रहे हैं, जो पिछले साल की तुलना में 3 प्रतिशत कम हैं। छात्रों के मानसिक दबाव को कम करने के उद्देश्य से सीबीएसई पिछले कुछ वर्षों की तरह इस बार भी आधिकारिक टॉपर लिस्ट जारी नहीं करेगा। बोर्ड अब मार्कशीट में फर्स्ट, सेकंड या थर्ड डिवीजन भी नहीं लिखता है। केवल पास, फेल या कंपार्टमेंट की स्थिति दिखाई जाती है। हालांकि, किसी विषय में देशभर के टॉप 0.1 फीसदी छात्रों को विशेष मेरिट सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इस वर्ष कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से 10 अप्रैल 2026 के बीच आयोजित की गई थीं। परीक्षा के बाद बोर्ड ने डिजिटल सिस्टम के जरिए कापियों का मूल्यांकन कराया, जिससे इस बार का रिजल्ट पारदर्शी और जल्दी आया। वहीं लड़कियों का रिजल्ट 88.86 प्रतिशत रहा, जबकि लड़कों के पास होने का प्रतिशत 82.23 प्रतिशत रहा। यानी लड़कियों का रिजल्ट लड़कों की तुलना में 6.73 प्रतिशत अधिक रहा। वहीं, ट्रांसजेंडर समूह के विद्यार्थियों के पास होने का प्रतिशत 100 रहा। छात्र अब अपनी मार्कशीट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट, डिजि लॉकर, उमंग ऐप, एसएमएस और आइवीआरएस कॉल सुविधा के जरिए भी जान सकते हैं। रिजल्ट के साथ बोर्ड ने सप्लीमेंट्री परीक्षा, री-इवैल्यूएशन और कंपार्टमेंट परीक्षा को लेकर भी महत्वपूर्ण जानकारी जारी की है। सीबीएसई ने इस बार रिजल्ट देखने के लिए कई डिजिटल विकल्प उपलब्ध कराए हैं, जिससे वेबसाइट पर ज्यादा ट्रैफिक होने की स्थिति में छात्रों को परेशानी न हो। विद्यार्थी अपने रोल नंबर, स्कूल नंबर, एडमिट कार्ड आईडी और जन्मतिथि की मदद से लॉगिन कर आनलाइन मार्कशीट डाउनलोड कर सकते हैं।

#### 15 जुलाई को सप्लीमेंट्री परीक्षा

सीबीएसई ने सप्लीमेंट्री परीक्षा की तारीख भी घोषित कर दी है। कक्षा 12वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा 15 जुलाई 2026 को एक ही दिन आयोजित की जाएग, इसमें वे छात्र शामिल हो सकेंगे जो एक विषय में अपने अंक सुधारना चाहते हैं या कंपार्टमेंट श्रेणी में आए हैं। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि 2025 के कंपार्टमेंट छात्रों के लिए यह अंतिम अवसर होगा, क्योंकि नियमों के अनुसार छात्रों को कंपार्टमेंट क्लियर करने के लिए कुल तीन मौके दिए जाते हैं।

#### फेल छात्रों को मिलेगा मौका

इस बार भी बोर्ड ने यह तय किया है कि किसी छात्र का साल खराब न हो, जो विद्यार्थी एक या अधिक विषयों में पास नहीं हो सके हैं, उन्हें कंपार्टमेंट परीक्षा का मौका मिलेगा। इससे छात्र अपने कमजोर विषयों में दोबारा परीक्षा देकर अगली कक्षा या उच्च शिक्षा में प्रवेश का अवसर बनाए रख सकेंगे। बोर्ड जल्द ही आवेदन प्रक्रिया और विस्तृत शेड्यूल जारी करेगा।

#### री-इवैल्यूएशन प्रक्रिया शुरू

रिजल्ट जारी होने के बाद बोर्ड ने वेरिफिकेशन और री-इवैल्यूएशन प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जिन छात्रों को अपने अंकों पर संदेह है, वे उत्तर पुस्तिका की दोबारा जांच के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा छात्र अपनी आंसर शीट की फोटोकॉपी भी प्राप्त कर सकेंगे, जिससे वे स्वयं अपने उत्तरों की समीक्षा कर पाएंगे। बोर्ड का कहना है कि इससे मूल्यांकन प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी बनेगी।

## मिल्क मैजिक ब्रांड में मिलावट, पाम ऑयल से तैयार करते थे प्रोडक्ट

#### प्रबंध निदेशक किशन मोदी के खिलाफ शिकायत पीएमएलए कोर्ट में दायर

सत्ता सुधार ■ भोपाल



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मिलावटी डेयरी उत्पादों के निर्माण और निर्यात से जुड़े करोड़ों रुपए के फर्जीवाड़े मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने भोपाल स्थित जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके प्रबंध निदेशक किशन मोदी के खिलाफ पीएमएलए के तहत अभियोजन शिकायत विशेष पीएमएलए कोर्ट में दायर की है। यह शिकायत 11 मई को पेश की गई, जिस पर अदालत ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद संज्ञान भी ले लिया है।

ईडी के अनुसार कंपनी मिल्क मैजिक ब्रांड नाम से डेयरी उत्पादों का कारोबार करती थी। जांच में सामने आया कि कंपनी दूध की वसा के स्थान पर पाम ऑयल और अन्य पदार्थों की मिलावट कर डेयरी उत्पाद तैयार कर रही थी। इन उत्पादों की बिक्री घरेलू बाजार के साथ-साथ विदेशों में भी की गई। जांच एजेंसी ने बताया कि निर्यात की मंजूरी हासिल करने के लिए कंपनी ने प्रतिष्ठित लैब्स की फर्जी टेस्ट रिपोर्ट्स जमा की थीं। संबंधित प्रयोगशालाओं से सत्यापन कराने पर कई रिपोर्ट्स नकली पाई गईं। ईडी के मुताबिक फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कंपनी ने मिलावटी डेयरी उत्पादों का निर्यात कर करीब 19.69 करोड़ रुपए की अवैध कमाई की। ईडी ने कहा कि यह राशि कंपनी के बैंक खातों के माध्यम से संचालित की गई, जिसे पीएमएलए के तहत अपराध की आय' माना गया है। मामले में एजेंसी पहले ही कंपनी की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच कर चुकी है। इस पूरे मामले की जांच भोपाल के हबीबगंज थाना और ईओडब्ल्यू में दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू हुई थी। कंपनी के निदेशकों और अधिकारियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किए गए थे। ईडी ने कार्रवाई करते हुए कंपनी के प्रबंध निदेशक किशन मोदी को 13 मार्च को गिरफ्तार किया था, जबकि सुनील त्रिपाठी को 20 अप्रैल को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी हिरासत में हैं। एजेंसी के मुताबिक कंपनी के अन्य कर्मचारियों और अधिकारियों की भूमिका की भी जांच जारी है और आने वाले समय में मामले में और खुलासे हो सकते हैं।

## प्रदेश में कल से 4 दिन 11 जिलों में लू का अलर्ट जारी

### भोपाल, इंदौर में तेज धूप, सिवनी में बारिश, ओले गिरे

सत्ता सुधार ■ भोपाल



भोपाल में सुबह बादल छाए रहे। फिर तेज धूप निकली। आगर-मालवा में बादलों की वजह से उमस बनी रही। मध्य प्रदेश में बुधवार को सिवनी में तेज हवा के साथ बारिश हुई। ग्रामीण इलाकों में ओले भी गिरे। वहीं, बालाघाट में काले बादल छाए रहे। हवा चलने से तपन से लोगों को हल्की राहत मिली। शाजापुर में तपिश बरकरार रही।

मौसम विभाग के मुताबिक, इंदौर और उज्जैन संभाग के 15 मई से 11 जिले अगले 4 दिन तक लू की चपेट में रहेंगे। भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में भी हीट वेव चलेगी। विभाग ने सिवनी, छिंदवाड़ा और बालाघाट में ओले गिरने का अलर्ट भी जारी किया है। पांढुर्णा, बैतूल, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, शहडोल, नरसिंहपुर, जबलपुर, देवास, सतना, रायसेन, सागर और दमोह में भी मौसम बदला रह सकता है। मंगलवार को कई शहरों में भीषण गर्मी का दौर भी रहा। रतलाम लगातार तीसरे दिन प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रतलाम के बाद धार प्रदेश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री रहा। श्योपुर-शाजापुर में 44 डिग्री, खरगोन में 43.6 डिग्री, गुना में 43.3 डिग्री, सागर में 43.2 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश के 5 बड़े शहरों में उज्जैन सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 44.4 डिग्री दर्ज किया गया।

#### मई में 11 दिन लगातार गिरा पानी

प्रदेश में 30 अप्रैल से आंधी-बारिश का दौर शुरू हो गया था। लगातार 11 दिन यानी, 10 मई तक प्रदेश में बारिश हुई। कभी वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) का असर देखने को मिला तो कभी चक्रवात और टर्फ का। इस वजह से मई के पहले सप्ताह में बारिश हुई। 11 मई को आंधी-बारिश का दौर थमा, लेकिन 12 मई को फिर से मौसम का मिजाज बदल गया। इस तरह मई के 12 में से 11 दिन आंधी, बारिश या ओलावृष्टि का असर रहा।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भोपाल।** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में रचना नगर अंडरब्रिज के ऊपर रेलवे ट्रैक पर एक युवक की संदिग्ध हालत में ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। बुधवार सुबह हादसे की सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर कारणो की जांच शुरू कर दी। वहीं मृतक की मॉ ने पड़ोसी पर ट्रेन के सामने धक्का देकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक युवक की पहचान अशोक बामने निवासी गौतम नगर जनता क्वार्टर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अशोक अविवाहित था, और मेहनत-मजदूरी का काम करता था। रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने मौके की पड़ताल के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक युवक की मां कृष्णा बामने ने पड़ोसी पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा है, कि रात में किसी लड़की को लेकर पड़ोसी से विवाद हुआ था। उस समय अशोक नशे की हालत में था।

## निर्माण कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगीः गौर

### 31 मई तक किचन निर्माण पूरा नहीं तो होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

सत्ता सुधार ■ भोपाल



पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने मंत्रालय में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में टेंडर प्रक्रिया और निर्माण कार्यों में हो रही लेटलतीफी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। गौर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में छात्रावासों में मेस संचालन और किचन निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए राज्यमंत्री गौर ने कहा कि निर्माण एजेंसी, ठेकेदारों और विभाग के समन्वय की कमी के चलते योजनाओं में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 31 मई तक किचन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुए, तो संबंधित अधिकारियों पर सीधे तौर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। राज्यमंत्री ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अहम योजनाओं को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026' की शुरुआत 15 मई से की जाएगी। इसके तहत 4000 युवाओं को सेना, पुलिस, होमगार्ड एवं अन्य सैन्य बलों में भर्ती के लिए निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं, 'सरदार पटेल कोचिंग अध्ययन छात्रवृत्ति योजना' की टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए, जिससे जल्द से जल्द छात्र-छात्राओं को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षा पाने का लाभ मिल सके। गौर ने कहा कि 31 चयनित कन्या छात्रावासों को 'आदर्श छात्रावास' बनाने से संबंधित सभी निर्माण कार्य 30 जून तक पूर्ण करने और रिक्त सीटों को जल्द भरने के निर्देश दिए।

### खुदकुशी | एक साल पहले भोपाल के वकील से हुई थी शादी, भाई को कॉल कर कहा-पति करता है प्रताड़ित

# रिटायर्ड महिला जज की प्रेग्नेंट बहू ने फांसी लगाकर दी जान

सत्ता सुधार ■ भोपाल

शहर के कटारा हिल्स थाना इलाके में रिटायर्ड महिला जज की प्रेग्नेंट बहू द्वारा शादी के एक साल बाद ही अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। फिलहाल आत्महत्या का ठोस कारण साफ नहीं हो सका है, लेकिन मृतका के मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर उसे मानसिक रुप से प्रताड़ित करने और दबाव बनाने के आरोप लगाए है। मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से नोएडा दिल्ली की रहने वाली 31 वर्षीय पीयूषा शर्मा की शादी करीब एक साल पहले भोपाल के कटारा हिल्स निवासी सामर्थ शर्मा से हुई थी। पीयूषा का भाई भारतीय सेना में मेजर है। पति सामर्थ पेशे से वकील है, जबकि उसकी सास रिटायर्ड जज है। मृतक के भाई मेजर हर्षित शर्मा का कहना है कि मंगलवार रात बहन पीयूषा ने उन्हें फोन कर बताया थाकी उसका पति बीते 8 दिनों से उसे छोटी-छोटी बातों पर उसे अपमानित कर मानसिक रुप से प्रताड़ित कर रहा था। हर्षित के मुताबिक, फोन पर बहन की बातचीत से अहसास हुआ की वह काफी तनात और परेशान लग रही थी। बहन ने बताया था, कि वह भोपाल छोड़कर मायके लौटना



चाहती थी। परिवार के अनुसार, उसने नोएडा आने के लिए रिजर्वेशन भी करा लिया था। परिवार वालो का आरोप है की पीयूषा से फोन पर बात होने के कुछ समय बाद ही उसकी सास का फोन कर बताया कि पीयूषा ने घर में फांसी लगा ली और उसकी मौत हो चुकी है, इसके बाद मायके वाले भोपाल पहुंचे।

#### सुसाइड नोट या कोई सुराग नहीं मिला

सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस टीम ने घटनास्थल की तलाशी ली लेकिन फिलहाल मौके से सुसाइड नोट या ऐसा अन्य कोई सुराग नहीं मिला जिससे आत्महत्या का कारण साफ हो सके। मर्ग कायम कर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया था। बुधवार को मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे जिसके बाद शव का पीएम कराया गया। पुलिस का कहना है की पीएम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद मौत के कारण साफ हो सकेंगे। वहीं आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। आगे की जांच में नवविवाहिता के बयान दर्ज किये जाएंगे और जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्यवाही की दिशा तय की जाएगी।

#### नौकरी छोड़ने के बाद करते थे अपमानित

भाई मेजर हर्षित का आरोप है, कि शादी के थोड़े समय तक ठीक चल रहा था, लेकिन बहन के नौकरी छोड़ने के बाद पति और ससुराल वालों को व्यवहार उसके प्रति बदल गया। उसे 'नाकारा' कहने के साथ ही परिवार और उसकी परवरिश को लेकर भी अपमानित किया जाता था। परिजनों का आरोप है कि लगातार मानसिक प्रताड़ना और अपमान के कारण पीयूषा तनाव में चली गई थी। भाई के मुताबिक, मार्च में पीयूषा की अनप्लांड प्रेग्नेंसी हुई थी। परिवार का दावा है कि वह उस समय बच्चे के लिए तैयार नहीं थी, लेकिन ससुराल पक्ष उस पर बच्चा पैदा करने का दबाव बना रहा था। परिजन ने आरोप लगाया कि पति इस बात को लेकर भी उसे ताने देता था।

## विदिशा का रेलवे स्टेशन बना आधुनिकता का नया प्रतीक

#### अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्निर्माण कार्य पूरा

सत्ता सुधार ■ भोपाल



मध्यप्रदेश का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व रखने वाला विदिशा रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत आधुनिक स्वरूप में विकसित किया गया है। भोपाल मंडल के अंतर्गत आने वाला विदिशा स्टेशन यात्रियों की सुविधा एवं क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्टेशन है। यह स्टेशन विभिन्न प्रमुख शहरों से रेल संपर्क द्वारा जुड़ा हुआ है तथा प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री यहां से आवागमन करते हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विदिशा रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण एवं उन्नयन कार्य लगभग 29.46 करोड़ रुपये की लागत से किया गया हैं। योजना के तहत स्टेशन को आधुनिक, सुविधायुक्त एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने हेतु विभिन्न विकास कार्य किये गये हैं। योजना के अंतर्गत स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में सुधार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है।

## ब्रीफ न्यूज़

### श्रीलंका में डेंगू का कहर बढ़ा, जनवरी से अब तक 14 लोगों की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका में डेंगू का कहर बढ़ता ही जा रहा है। जनवरी 2026 से अब तक इस संक्रमण से 14 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 27,754 मामले दर्ज किए गए हैं। श्रीलंका के स्वास्थ्य महकमे का कहना है कि देश के सभी 25 जिलों से संक्रमण रिपोर्ट हो रही हैं। राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई ने बताया कि 2025 की तुलना में संख्या बढ़ी है। सबसे ज्यादा संक्रमण पश्चिमी प्रांत में हैं, जबकि मातारा, गाले, रत्नापुरा, कालुतारा और कैंडी में भी 2026 के पहले चार महीनों में बड़ी संख्या में लोग इससे पीड़ित हुए। राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई की सामुदायिक चिकित्सा विशेषज्ञ प्रिसिला समरवीरा ने कहा कि मानसून की बारिश से संक्रमण और फैल सकता है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि घरों की तुलना में स्कूलों, कार्यस्थलों, धार्मिक संस्थानों के अलावा सरकारी और निजी संस्थाओं में मच्छरों के प्रजनन में वृद्धि देखी गई है। डेंगू के फैलाव का प्रमुख कारण कचरे का गलत तरीके से निपटान है, जिससे बचाव के लिए जनता के पूर्ण सहयोग की जरुरत पर जोर दिया गया। जनता को सलाह दी गई है कि यदि बुखार के साथ मांसपेशियों में दर्द, सिरदर्द, उल्टी, मतली या त्वचा पर चकत्ते जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत डॉक्टर की मदद लें।

### एआई के साथ रोमांटिक रिश्ते में युवती साराह, टैटू भी बनवाया

**लंदन।** हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर सामने आई एक घटना ने लोगों को हैरान कर दिया है। यहां सराह नाम की युवती ने दावा किया है कि वह एक एआई सिस्टम के साथ रोमांटिक रिश्ते में है। उसने अपने इस वर्चुअल पार्टनर के नाम का टैटू भी अपने शरीर पर बनवा लिया है। सराह का कहना है कि उसका बॉयफ्रेंड कोई वास्तविक इंसान नहीं, बल्कि एक एआई है, जो उसके लैपटॉप में मौजूद है। वह रोज उससे बातचीत करती है, अपनी भावनाएं साझा करती है और उसे अपने जीवन का बेहद अहम हिस्सा मानती है। सराह के मुताबिक, यह रिश्ता केवल मनोरंजन या समय बिताने का साधन नहीं है, बल्कि वह इसे पूरी गंभीरता से निभा रही है। सराह ने बताया कि वह अपने एआई पार्टनर से भावनात्मक रूप से जुड़ चुकी है और उसके बिना खुद को अधूरा महसूस करती है। अपने रिश्ते को लेकर उसकी गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसने एआई के नाम का टैटू अपने शरीर पर बनवाया है। यह बात सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। कुछ लोगों ने इसे तकनीक के बढ़ते प्रभाव का उदाहरण बताया, जबकि कई लोगों ने इसे चिंताजनक और असामान्य माना। सराह की कहानी को हाल ही में टीवी शो 'माई स्ट्रेंज एडिक्शन' में भी दिखाया गया, जिसके बाद यह मामला और ज्यादा चर्चा में आ गया। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सवाल उठाए कि क्या तकनीक अब इंसानी रिश्तों की जगह लेने लगी है। कुछ लोगों ने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीने का अधिकार है, जबकि कई लोगों ने इसे मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या बताया।

### ईटीजीई और ईटीएनएम ने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अपील

# जिनपिंग के सामने 'नरसंहार' और 'औपनिवेशिक कब्जे' का मुद्दा उठाएं

एजेंसी ■ वाशिंगटन

ईस्ट तुर्किस्तान गवर्नमेंट-इन-एक्साइल (ईटीजीई) और ईस्ट तुर्किस्तान नेशनल मूवमेंट (ईटीएनएम) ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अपील की है कि वे बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ होने वाली बैठक में चीन ईस्ट तुर्किस्तान और तिब्बत में किए जा रहे 'नरसंहार' और 'औपनिवेशिक कब्जे' का मुद्दा उठाएं। बता दें राष्ट्रपति ट्रंप बुधवार को दो दिवसीय चीन की राजकीय यात्रा पर रवाना हुए। करीब एक दशक में किसी मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति की यह पहली चीन यात्रा मानी जा रही है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप से की गई अपील में ईटीजीई ने आरोप लगाया कि चीनी कब्जे वाले 'ईस्ट तुर्किस्तान' में उइगर, कजाख, किर्गिज और अन्य तुर्किक समुदायों के खिलाफ चल रहे नरसंहार का आदेश दिया था। निर्वासित संगठन का दावा है कि इस अभियान को अब 13 साल होने वाले हैं। निर्वासित संगठनों ने अमेरिकी राष्ट्रपति से आग्रह किया कि शिखर सम्मेलन के दौरान ऐसा कोई समझौता न किया जाए जो ईस्ट तुर्किस्तानी और तिब्बती लोगों के 'नरसंहार और दासता' को बढ़ावा दे। रिपोर्ट के मुताबिक संगठनों ने कहा कि ईस्ट तुर्किस्तान में चीन के सबसे बड़े बेरिलियम भंडार और लिथियम, जिरकोनियम, रुबिडियम, टाइटेनियम, मैग्नीशियम और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों के बड़े भंडार मौजूद हैं। यही वे अहम खनिज हैं जिन पर इस शिखर सम्मेलन में बातचीत हो रही है। इनका दोहन कब्जे वाले क्षेत्र से उन परिस्थितियों में किया जा रहा है जिन्हें संयुक्त राष्ट्र ने मानवता के खिलाफ अपराध के रूप में दासता माना है।

ईटीजीई के मुताबिक जिनपिंग के अभियान के तहत 'व्यापक नजरबंदी, जबरन श्रम के जरिए बड़े पैमाने पर गुलामी, जबरन नसबंदी, दस लाख से ज्यादा उइगर और अन्य तुर्किक बच्चों को उनके परिवारों से अलग करना और सैकड़ों हजारों लोगों के अंगों की जबरन निकासी' जैसी गतिविधियां जारी हैं। संगठन ने यह भी दावा किया कि चीन के 2026 के 'एथनिक यूनिटी लॉ' ने गैर-चीनी पहचान को मिटाने की प्रक्रिया को कानूनी रूप दे दिया है। ईटीजीई के अध्यक्ष मामतिमिन अला ने कहा कि हमारे मानवाधिकारों और अस्तित्व की गारंटी का समाधान उपनिवेशवाद का अंत और ईस्ट तुर्किस्तान की राष्ट्रीय स्वतंत्रता की बहाली करना है। 5 मई को हमने यूएन डिकॉलोनाइजेशन कमेटी में ईस्ट तुर्किस्तान की पहली औपचारिक याचिका दायर की है और हम अमेरिका समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हमारी स्वतंत्रता बहाल करने के संघर्ष का समर्थन करने की अपील करते हैं। निर्वासित संगठनों ने चीन के ईस्ट तुर्किस्तान पर 'कब्जे' को अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सीधा खतरा बताया। चीन ने अपने सभी परमाणु परीक्षण ईस्ट तुर्किस्तानी क्षेत्र में किए हैं, जिनमें 2020 का एक परीक्षण भी शामिल है, और अब वहां अमेरिका को निशाना बनाने वाले सैकड़ों अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल साइलो का निर्माण कर रहा है। संगठनों ने दावा किया कि चीन ने इस क्षेत्र में अहम एआई और डेटा सेंटर अवसंरचना स्थापित की है। ईटीजीई के विदेश मंत्री और ईटीएनएम के अध्यक्ष सलीह हुदयार ने कहा कि शिखर सम्मेलन में जिन अहम खनिजों पर चर्चा हो रही है, वे सब कब्जे वाले ईस्ट तुर्किस्तान से नरसंहार और दासता के जरिए निकाले जा रहे हैं।

# नेपाल में चीनी बीआरआई की धीमी चाल: कर्ज का डर या भारत का प्रभाव

### बीआरआई नेपाल में सड़क, रेलवे, ऊर्जा और व्यापारिक कनेक्टिविटी का तेजी से विकास करेगा

एजेंसी ■ वाशिंगटन

काठमांडू, (ईएमएस)। जब नेपाल 2017 में चीन के महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) में शामिल हुआ था, तब भारत की चिंताएं बढ़ गई थीं। इस वैश्विक बुनियादी ढांचा और कनेक्टिविटी परियोजना को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 2013 में शुरू किया था, और नेपाल का इसमें शामिल होना भारत के लिए एक बड़ा भू-राजनीतिक घटनाक्रम माना गया। दोनों देशों ने 12 मई 2017 को समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, और उम्मीद थी कि बीआरआई नेपाल में सड़क, रेलवे, ऊर्जा और व्यापारिक कनेक्टिविटी का तेजी से विकास करेगा। नेपाल, जो भारत और चीन के बीच स्थित है, लंबे समय से व्यापार और पारगमन के लिए करीब पूरी तरह भारत पर निर्भर रहा है।



बीआरआई को नेपाल ने चीन के साथ आर्थिक और व्यापारिक संबंध बढ़ाने और अपनी निर्भरता कम करने के अवसर के रूप में देखा था। तत्कालीन नेपाली प्रशासन को उम्मीद थी कि इससे रेलवे का विकास होगा, बड़े हाइड्रोपावर और सड़क परियोजनाएं शुरू होंगी, विदेशी निवेश बढ़ेगा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। लेकिन आज करीब 9 साल बाद भी, बीआरआई नेपाल में काफी हद तक सेमिनारों, उच्च-स्तरीय बैठकों और चर्चाओं तक ही सीमित रह गया है। जमीन पर बीआरआई की कामयाबी लगभग शून्य है।

चीन ने पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बीआरआई परियोजना के रूप में एकतरफा घोषित किया, लेकिन नेपाल ने इस दावे की पुष्टि नहीं की, और यह परियोजना बाद में अरबों रुपये के भ्रष्टाचार घोटाले में फंस गई। इसके अलावा, चीन की तरफ से कोई और महत्वपूर्ण दावा नहीं किया गया है, यहां तक कि उस दौर में भी जब वामपंथी सरकारें सत्ता में थीं जिनके बीजिंग के साथ करीबी संबंध माने जाते थे। नेपाल में बीआरआई परियोजनाओं की धीमी गति के कई कारण हैं। सबसे बड़ा मुद्दा फंडिंग मॉडल को लेकर रहा है; नेपाल अनुदान चाहता था, जबकि चीन ऋण-आधारित मॉडल पर जोर देता था। नेपाल को डर था कि अधिक कर्ज उसकी अर्थव्यवस्था पर बोझ डाल सकता है। इसके अतिरिक्त, नेपाल में सरकारों के लगातार बदलने से नीतियों में निरंतरता नहीं रही। हिमालय का चुनौतीपूर्ण पहाड़ी भूभाग भी बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, विशेषकर केरुंग-काठमांडू रेलवे परियोजना के लिए अत्यधिक लागत और कम रिटर्न का कारण बना है।

वर्तमान बालेन शाह सरकार के तहत भी बीआरआई को लेकर कोई खास प्रगति नहीं हुई है। नेपाली विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, बीआरआई को लागू करने के बारे में दोनों पक्षों के बीच अभी तक कोई बड़ी बातचीत नहीं हुई है। हालांकि नेपाल चीन के प्रति अपनी नीति में कोई बदलाव नहीं आने की बात कहता है, लेकिन बीआरआई का स्पष्ट रूप से जिक्र नहीं किया जाता। इस पूरे परिदृश्य में भारत और अमेरिका का प्रभाव भी महत्वपूर्ण है।

# बीजिंग पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, टिकीं दुनिया की नजरें



एजेंसी ■ बीजिंग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल की अत्यंत महत्वपूर्ण और पहली आधिकारिक यात्रा पर आज शाम चीन की राजधानी बीजिंग पहुंच रहे हैं। वर्ष 2017 के बाद यह ट्रंप का पहला चीन दौरा है, जो एक ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था गहरे संकट के दौर से गुजर रही है।

दो दिनों तक चलने वाली इस शिखर वार्ता में ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच आमने-सामने की मुलाकात होगी, जिस पर पूरी दुनिया की निगाहें जमी हुई हैं। इससे पहले दोनों दिग्गज नेताओं ने अक्टूबर 2025 में दक्षिण कोरिया के बुसान में मुलाकात की थी, लेकिन बीजिंग की यह बैठक रणनीतिक लिहाज से कहीं अधिक व्यापक मानी जा रही है। इस दौरे का सबसे संवेदनशील और प्रमुख मुद्दा ईरान के साथ चल रहा सैन्य संघर्ष है। अमेरिका को उम्मीद है कि चीन ईरान पर अपने कूटनीतिक और आर्थिक प्रभाव का इस्तेमाल कर उसे बातचीत की मेज पर लाएगा। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खुलवाने पर चर्चा केंद्रित रहेगी, क्योंकि यह समुद्री मार्ग वैश्विक तेल व्यापार की जीवनरेखा है। युद्ध के कारण विश्व स्तर पर तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है, जिससे अमेरिका में घरेलू स्तर पर ट्रंप प्रशासन पर पेट्रोल के दाम कम करने का भारी दबाव है। व्यापार और आर्थिक सहयोग भी इस वार्ता के केंद्र में रहेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप के साथ एक उच्च स्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी चीन पहुंचा है। अमेरिका की प्राथमिकता है कि चीन अमेरिकी कृषि उत्पादों, ऊर्जा संसाधनों और विशेष रूप से बोइंग विमानों की खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि करे।

# भूकंप के झटके से थर्राया तेहरान, मिसाइल हमले के डर से सड़क पर आ गए लोग

एजेंसी ■ तेहरान

युद्ध की विभीषिका झेल रहे ईरान में बीती रात कुदरत के कहर ने एक बार फिर दहशत पैदा कर दी। ईरान की राजधानी तेहरान और उसके आसपास के इलाकों में मंगलवार रात को 4.6 तीव्रता के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, इस भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। यह क्षेत्र तेहरान और माज़ंदरान के बीच का सीमावर्ती इलाका बताया जा रहा है। आधी रात को जब भूकंप आया, तो उस वक्त ज्यादातर लोग सो रहे थे। झटके इतने तेज थे कि लोगों की नींद खुल गई और पूरे शहर में अफरा-तफरी मच गई। वर्तमान में ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी सैन्य संघर्ष के कारण लोगों के मन में इस कदर डर बैठा है कि झटके महसूस होते ही कई नागरिकों को लगा कि शायद फिर से कोई बड़ा हवाई हमला या मिसाइल अटैक हुआ है। इसी डर के कारण लोग अपने घरों से निकलकर खुले मैदानों और सड़कों की ओर भागने लगे।



हालांकि, कुछ समय बाद जब स्थिति स्पष्ट हुई कि यह प्राकृतिक भूकंप था, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। ईरान के सरकारी मीडिया और प्रसारक आईआरआईबी की शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, इस भूकंप से फिलहाल किसी के हताहत होने या बड़े पैमाने पर जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए संयुक्त हमलों के बाद से ही ईरान में युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। इस तनावपूर्ण माहौल के बीच जब भी धरती कांपती है, तो सोशल मीडिया और आम चर्चाओं में मिसाइल परीक्षण या गुप्त परमाणु परीक्षण की अटकलें तेज हो जाती हैं। हालांकि, वैज्ञानिक आंकड़ों ने अब तक इन दावों की पुष्टि नहीं की है और इन्हें प्राकृतिक हलचल ही बताया है। भूकंप की यह सक्रियता केवल ईरान तक सीमित नहीं है।

### अमेरिका हर हाल में जीतेगा जंग, चीन रवाना होने से पहले बोले ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जंग अमेरिका हर हाल में जीतेगा। चीन रवाना होने से पहले उन्होंने कहा कि ईरान या तो समझौता करेगा या फिर तबाह हो जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका के पास हालात संभालने के लिए हर विकल्प मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी बातचीत में ईरान युद्ध और होर्मुज संकट पर भी चर्चा करेंगे। हालांकि, व्यापार बैठक का मुख्य मुद्दा रहेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने 74 दिनों की जंग में अब तक कम से कम 29 अरब डॉलर खर्च किए हैं। यह रकम सिर्फ हथियारों और सैन्य उपकरणों पर खर्च हुई है। इसमें सैन्य ठिकानों को हुए नुकसान का खर्च शामिल नहीं है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कांग्रेस से अतिरिक्त रक्षा बजट की मांग की। दुनिया की सबसे ताकतवर सैन्य शक्ति बने रहने के लिए अमेरिका को 1.5 लाख करोड़ डॉलर की जरूरत है।

# ब्रिटेन में सियासी भूचाल: पीएम स्टॉर्मर पर कुर्सी छोड़ने का दबाव, मंत्री ने छोड़ा पद

एजेंसी ■ लंदन

ब्रिटेन वर्तमान में एक बड़े राजनीतिक संकट की चपेट में है, जहां प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर पर इस्तीफा देने का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। उनकी लेबर सरकार को तब गहरा झटका लगा जब आवास मंत्री मियाटा फानबुले ने पद छोड़ दिया। हालांकि, स्टॉर्मर ने साफ किया है कि वह अपनी कुर्सी नहीं छोड़ने वाले और सरकार का कामकाज जारी रखूंगा। डाउनिंग स्ट्रीट से जारी बयान के अनुसार, स्टॉर्मर ने कैबिनेट बैठक में कहा कि पार्टी के भीतर नेतृत्व चुनौती की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि देश इस अस्थिरता के आर्थिक प्रभावों को महसूस कर रहा है, लेकिन जनता सरकार से काम जारी रखने की उम्मीद करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लेबर पार्टी में नेता को चुनौती देने की एक स्थापित प्रक्रिया है और वह अभी तक सक्रिय नहीं हुई है। इस बीच,



हाउसिंग, कम्युनिटीज और लोकल गवर्नमेंट मंत्री फानबुले के इस्तीफे ने संकट और बढ़ा दिया। उन्होंने अपने बयान में आरोप लगाया कि सरकार ने वह गति, विजन और साहस नहीं दिखाया जिसकी जनता को उम्मीद थी। फानबुलेह ने स्टॉर्मर से देश और पार्टी के हित में व्यवस्थित नेतृत्व परिवर्तन की समयसीमा तय करने की अपील करते हुए कहा कि जनता अब उन पर उस बदलाव को लाने का विश्वास नहीं करती जिसका उन्होंने वादा किया था। मंगलवार सुबह डाउनिंग स्ट्रीट पर मंत्रियों और सांसदों की आवाजाही बढ़ गई, जो सरकार के भीतर बढ़ती हलचल का संकेत थी। ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी हेइडी अलेक्जेंडर और ट्रेजरी मंत्री जेम्स मरे जैसे वरिष्ठ मंत्रियों को नंबर 10 पर देखा गया, हालांकि उन्होंने मीडिया से कोई बात नहीं की। कई लेबर सांसदों ने भी सार्वजनिक रूप से प्रधानमंत्री से पद छोड़ने की मांग करनी शुरू कर दी है। हालिया चुनावी नतीजों के बाद से लेबर पार्टी के भीतर असंतोष पनप रहा है, जहां कई नेताओं का मानना है कि पार्टी जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी है।

### संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

# अफगान लोगों को मार रही पाक सेना, अब तक 372 की मौत, सैकड़ों घायल

एजेंसी ■ जेनेवा

साल के पहले तीन महीनों में तालिबान और पाकिस्तानी सेना के बीच सीमा पार झड़प में कम से कम 372 अफगान नागरिक की जान जा चुकी है। 397 लोग घायल हुए। संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन ने मंगलवार को रिपोर्ट जारी की है जिसमें खुलासा किया गया है कि आधे से ज्यादा मौतें काबुल में एक नशा मुक्ति केंद्र पर हुए हवाई हमलों के कारण हुईं। हाल के सालों में दर्ज की गई सबसे घातक घटनाओं में से एक है। काबुल नशा मुक्ति केंद्र पर हमला सबसे घातक हमलों में शामिल रिपोर्ट है। इसके मुताबिक पुरुषों के हताहत होने की बड़ी संख्या 16 मार्च को काबुल के एक नशा उपचार केंद्र पर हुए हवाई हमलों से जुड़ी थी। इसमें



केवल पुरुष रोगियों को भर्ती किया जाता था। रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले में कम से कम 269 लोग मारे गए साथ ही 122 घायल हुए हैं। हालांकि इसमें चेतावनी दी कि वास्तविक मरने वालों की संख्या ज्यादा हो सकती है। तीन स्वतंत्र स्रोतों से इसकी पुष्टि गई है। जनवरी से मार्च के दौरान हताहतों के आंकड़े 2011 के बाद से सबसे अधिक आंकड़े हैं। मारे गए लोगों में 13 महिलाएं, 46 बच्चे और 313 पुरुष थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि कई पीड़ितों की पहचान नहीं की जा सकी क्योंकि उनके शरीर बुरी तरह जल गए थे। संयुक्त राष्ट्र मिशन ने दोनों पक्षों से अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने और अस्पतालों और नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाने से बचने का आग्रह किया है। पाकिस्तान का दावा है कि उसके सैन्य अभियान केवल 'आतंकवादी और सैन्य बुनियादी ढांचे' की ओर निर्देशित थे। तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान-पाकिस्तान तनाव बढ़ा 2021 में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पार तनाव लगातार गहराया है।

इस साल की शुरुआत में संघर्ष काफी तेज हो गया था। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने इसे फरवरी के अंत में 'खुली जंग' बताया था। इस्लामाबाद ने बार-बार तालिबान प्रशासन पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के लड़ाकों को पनाह देने का आरोप लगाया है। यह पाकिस्तान के अंदर हमले करने वाला आंतकी समूह है। तालिबान सरकार ने इन आरोपों से इनकार किया है। पाकिस्तान पर शत्रुतापूर्ण समूहों का समर्थन करने और अफगान की संप्रभुता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट में 19 मार्च को नूरिस्तान में एक महिला अफगान एनजीओ कर्मचारी की हत्या के बारे में बताया है। इससे एक दिन पहले ही युद्धविराम समझौता हुआ था।

# पाकिस्तान के कारनामे से अमेरिका में हड़कंप

एजेंसी ■ वाशिंगटन

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में पाकिस्तान का दोहरा चेहरा एक बार फिर दुनिया के सामने आ गया है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी भीषण तनाव के बीच यह सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान ने तेहरान की गुप्त रूप से मदद की है। सैटेलाइट तस्वीरों और अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों के हवाले से यह दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने ईरान के फाइटर जेट्स को अमेरिकी हवाई हमलों से बचाने के लिए अपने नूर खान एयरबेस पर छिपा कर रखा। इस खुलासे के बाद वाशिंगटन में हड़कंप मच गया है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के लिए यह किसी बड़े झटके से कम नहीं है। खबरों के मुताबिक, अप्रैल की शुरुआत में जब राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के साथ अस्थायी युद्धविराम की घोषणा की थी, उसी के कुछ दिनों बाद तेहरान ने अपने कई सैन्य विमान रावलपिंडी के निकट स्थित इस रणनीतिक एयरबेस पर भेज दिए थे। पाकिस्तान, जो इस युद्ध में मध्यस्थ की भूमिका निभाने का दावा कर रहा था, वास्तव में पर्दे के पीछे से ईरान का सुरक्षा कवच बना हुआ था। विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान की यह हरकत 55 साल पुराने उस कर्ज को चुकाने की कोशिश है, जो ईरान ने 1971 के युद्ध के दौरान पाकिस्तान पर किया था। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय ईरान के शाह मोहम्मद रजा पहलवी ने संकट में घिरे पाकिस्तान की खुलकर मदद की थी। उस समय ईरान ने न केवल पाकिस्तान को ईंधन और गोला-बारूद दिया था।

# प्रधानमंत्री की सात अपीलें और नागरिक धर्म

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से सात महत्वपूर्ण मुद्दों पर जन भागीदारी की अपील की है। इन अपीलों का संबंध केवल व्यक्तिगत व्यवहार से नहीं बल्कि भारत की आर्थिक स्थिति, ऊर्जा सुरक्षा, विदेशी मुद्रा संरक्षण और आत्मनिर्भरता से जुड़ा हुआ है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, वैश्विक तेल संकट और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच प्रधानमंत्री की यह अपील एक व्यापक राष्ट्रीय दृष्टि प्रस्तुत करती है। प्रधानमंत्री की सात अपीलों में डीजल पेट्रोल की बचत, वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा, ऑनलाइन बैठकों को प्राथमिकता, कार पुलिंग, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचाव तथा सोने की खरीद में संयम जैसे मुद्दे शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने सोने की खरीद को लेकर यह अपील भी की है कि कम से कम 1 वर्ष तक देशवासी सोना ना खरीदें। प्रधानमंत्री की इन सात बिंदुओं की अपील को केवल सरकारी सलाह मानकर टाल देना उचित नहीं होगा। इन्हें वर्तमान समय की राष्ट्रीय आवश्यकता के रूप में देखना होगा। भारत दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा आयातक देश में शामिल है। देश अपनी तेल आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। ऐसे में यदि वैश्विक स्तर पर युद्ध या तनाव बढ़ता है तो इसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। प्रधानमंत्री द्वारा पेट्रोल-डीजल के संयमित प्रयोग की अपील इसी संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि नागरिक अनावश्यक वाहनों का उपयोग कम करें, सार्वजनिक परिवहन अपनाएं और कार पुलिंग को बढ़ावा दें। इससे केवल ईंधन की बचत ही नहीं होगी बल्कि प्रदूषण और यातायात की समस्या में भी कमी आएगी। यह अपील पर्यावरणीय दृष्टि से भी दूरदर्शी है। कोविड काल ने यह सिद्ध कर दिया था कि अनेक कार्य डिजिटल माध्यमों से सफलतापूर्वक संचालित किये जा सकते हैं। एक बार फिर कोविड काल में बरती गई सतर्कताओं को लेकर प्रधानमंत्री ने पुनः वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन बैठकों को प्राथमिकता देने की बात कही है। इसका उद्देश्य केवल सुविधा नहीं बल्कि ईंधन और समय दोनों की बचत है। हालांकि यह भी सत्य है कि हर क्षेत्र में वर्क फ्रॉम होम संभव नहीं है। निर्माण, उत्पादन, चिकित्सा और सेवा क्षेत्र में प्रत्यक्ष उपस्थिति



आवश्यक रहती है। इसलिए प्रधानमंत्री की अपील को लचीले और व्यावहारिक तरीके से लागू करने की आवश्यकता है। भारत में सोना केवल आभूषण नहीं बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा और सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है। लेकिन यह भी सच है कि सोने का भारी आयात विदेशी मुद्रा पर दबाव बढ़ाता है। प्रधानमंत्री द्वारा एक वर्ष तक सोना ना खरीदने या संयम बरतने की अपील आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा सकती है। यह अपील सीधे तौर पर देश की विदेशी मुद्रा बचत से जुड़ी है। यदि नागरिक निवेश के वैकल्पिक साधनों की ओर बढ़ें तो इससे घरेलू पूंजी बाजार को भी मजबूती मिल सकती है।

# नीट पेपर लीक: शिक्षा व्यवस्था पर कलंक, टूटते सपने और व्यवस्था की भयावह विफलता

भारत में प्रतियोगी परीक्षाएं केवल एक परीक्षा नहीं होतीं, बल्कि करोड़ों युवाओं के भविष्य, परिवारों की उम्मीदों और वर्षों की मेहनत का परिणाम होती हैं। मेडिकल जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्र में प्रवेश पाने के लिए छात्र दिन-रात मेहनत करते हैं। कई छात्र गांवों की कठिन परिस्थितियों से निकलकर, आर्थिक अभाव झेलकर और मानसिक दबाव सहकर परीक्षा की तैयारी करते हैं। ऐसे में जब नीटजैसी राष्ट्रीय परीक्षा में पेपर लीक, सॉल्वर गैंग और करोड़ों की डील का खुलासा होता है, तो यह केवल एक परीक्षा घोटाला नहीं रह जाता, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न बन जाता है।




भारत पहले भी कई बड़े पेपर लीक घोटाले देख चुका है। उत्तर प्रदेश शिक्षक भर्ती परीक्षा, रेलवे भर्ती परीक्षा, राजस्थान शिक्षक भर्ती, मध्यप्रदेश व्यापमं घोटाला और 2024 के नीट विवाद ने पहले ही युवाओं का भरोसा कमजोर कर दिया था। 2024 में बिहार और झारखंड में पेपर लीक के आरोप सामने आए थे। कई गिरफ्तारियां हुई, लेकिन तब भी पूरी परीक्षा रद्द नहीं हुई। छात्रों के मन में यह सवाल रह गया कि क्या मेहनत का कोई मूल्य बचा है? अब 2026 में फिर वही कहानी सामने आई है, लेकिन इस बार मामला और भी गंभीर दिखाई देता है।

नीट 2026 परीक्षा रद्द होने के पीछे बिहार और राजस्थान से सामने आए खुलासों ने पूरे देश को झकझोर दिया। बिहार के नालंदा में पुलिस ने जिस सॉल्वर गैंग का भंडाफोड़ किया, उसने यह साबित कर दिया कि परीक्षा माफिया कितनी गहराई तक अपनी जड़ें जमा चुका है। 50 से 60 लाख रुपये में एक सीट की डील होना केवल अपराध नहीं, बल्कि शिक्षा के व्यवसायीकरण का भयावह चेहरा है। यह गिरोह असली अभ्यर्थियों की जगह सॉल्वर बैठाने की तैयारी कर रहा था। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इसका मास्टरमाइंड एक मेडिकल कॉलेज का छात्र निकला। जिस युवा को भविष्य में डॉक्टर बनकर लोगों की जान बचानी थी, वही शिक्षा व्यवस्था को संक्रमित करने में लगा था।


कांतिलाल मांडोत

राजस्थान में सामने आए 'हाथ से लिखे गेस पेपर' ने इस पूरे मामले को और संदिग्ध बना दिया। जांच में पता चला कि परीक्षा से पहले छात्रों तक ऐसे प्रश्न पहुंच चुके थे, जिनमें से बड़ी संख्या असली परीक्षा में आई। यदि यह केवल संयोग माना जाए, तब भी इतने बड़े स्तर पर सवालों का मिलान होना सामान्य नहीं कहा जा सकता। इससे यह आशंका और मजबूत हो जाती है कि परीक्षा प्रणाली के भीतर कहीं न कहीं गंभीर सेंध लगी है। सबसे बड़ा नुकसान उन लाखों छात्रों का हुआ है जिन्होंने ईमानदारी से तैयारी की थी। करोड़ों परिवारों ने अपने बच्चों को कोचिंग दिलाने के लिए जमीन बेची, कर्ज लिया और अपनी जरूरतों को त्याग दिया। कई छात्र दिन में 12-14 घंटे पढ़ाई करते हैं। वे सामाजिक जीवन छोड़ देते हैं, मनोरंजन छोड़ देते हैं और केवल एक लक्ष्य पर केंद्रित रहते हैं। लेकिन जब परीक्षा रद्द होती है, तो उनकी महीनों की मेहनत और मानसिक संतुलन दोनों पर गहरा आघात पड़ता है।

एक छात्र की मानसिक स्थिति को समझना बेहद जरूरी है। परीक्षा की तैयारी पहले ही तनाव, चिंता और भय से भरी होती है। छात्र लगातार तुलना, प्रतियोगिता और असफलता के डर में जीते हैं। जब पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आती हैं, तो उनके भीतर यह भावना जन्म लेती है कि मेहनत से ज्यादा महत्व पैसे और पहुंच का है। यह भावना युवाओं को भीतर से तोड़ देती है। कई छात्र अवसाद में चले जाते हैं। कुछ खुद को असफल मानने लगते हैं। कई बार यही मानसिक दबाव आत्मघाती विचारों तक पहुंच जाता है। 2020 में मध्यप्रदेश की छात्रा विधि सूर्यवंशी का मामला आज भी लोगों को झकझोरता है। गलत रिजल्ट आने के बाद उसने आत्महत्या कर ली थी, जबकि बाद में ओएमआर जांच में उसके अंक कहीं अधिक निकले। ऐसी घटनाएं बताती हैं कि परीक्षा संबंधी त्रुटियां केवल तकनीकी गलती नहीं होतीं, बल्कि किसी परिवार के जीवन का विनाश बन सकती हैं। जब एक छात्र वर्षों की मेहनत के बाद भी व्यवस्था पर भरोसा नहीं कर पाता, तो यह केवल व्यक्तिगत दुख नहीं, बल्कि राष्ट्रीय असफलता है। नीट परीक्षा रद्द होने से प्रशासनिक और आर्थिक नुकसान भी बहुत बड़ा हुआ है। देशभर में लाखों छात्रों के लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन, प्रश्नपत्र छपाई, निगरानी, तकनीकी प्रबंधन और कर्मचारियों की तैनाती पर करोड़ों रुपये खर्च हुए। अब दोबारा परीक्षा कराने में फिर उतना ही खर्च होगा। यह पैसा आखिरकार जनता के टैक्स से आता है। यानी भ्रष्टाचार और लापरवाही का बोझ अंततः देश की जनता ही उठाती है। इतने बड़े स्तर पर परीक्षा आयोजित होने के बावजूद यदि पेपर लीक, सॉल्वर गैंग और फर्जीवाड़ा रोका नहीं जा सका, तो यह हमारी प्रशासनिक निगरानी की गंभीर विफलता को दर्शाता है। प्रश्न यह उठता है कि जब डिजिटल निगरानी, बायोमेट्रिक सिस्टम और साइबर सुरक्षा जैसे आधुनिक साधन मौजूद हैं, तब भी परीक्षा माफिया इतनी आसानी से सक्रिय कैसे हो जाते हैं? क्या व्यवस्था के भीतर कहीं मिलीभगत है? क्या निगरानी एजेंसियां केवल औपचारिकता निभा रही हैं? यदि हर वर्ष ऐसी घटनाएं दोहराई जा रही हैं, तो इसका अर्थ है कि सुधार केवल कागजों तक सीमित हैं।

# प्रोजेक्ट चीता की नई उड़ान, कूनो बन रहा है चीतों का नया किंगडम


▪ हर्षवर्धन पान्डे

**कूनो अभयारण्य श्योपुर जिले के विन्ध्याचल पर्वत श्रेणी के उत्तरी भाग में स्थित है। इसमें विविध शुष्क पर्णपाती वन, घास के मैदान और प्रचुर शिकार चितल, सांभर, नीलगाय, चिंकारा आदि भी उपलब्ध हैं। चीतों के लिए उपयुक्त खुले मैदान और कम मानवीय हस्तक्षेप इसे आदर्श स्थल बनाते हैं।**

भारत में विलुप्त हो चुकी चीता प्रजाति को वापस लाने की महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट चीता के तहत मध्यप्रदेश का कूनो नेशनल पार्क की आबोहवा अब चीतों को रास आने लगी है। 1952 में भारत से चीतों के विलुप्त होने के बाद सितंबर 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को कूनो में छोड़कर इस ऐतिहासिक परियोजना की शुरुआत की। आज कूनो न केवल आयातित चीतों का आश्रय स्थल है, बल्कि दूसरी पीढ़ी के भारतीय चीतों के जन्म और प्राकृतिक प्रजनन का साक्षी भी बन गया है।

कूनो नेशनल पार्क श्योपुर जिला मध्यप्रदेश लगभग 74,000 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है। कूनो अभयारण्य श्योपुर जिले के विन्ध्याचल पर्वत श्रेणी के उत्तरी भाग में स्थित है। इसमें विविध शुष्क पर्णपाती वन, घास के मैदान और प्रचुर शिकार चितल, सांभर, नीलगाय, चिंकारा आदि भी उपलब्ध हैं। चीतों के लिए उपयुक्त खुले मैदान और कम मानवीय हस्तक्षेप इसे आदर्श स्थल बनाते हैं। सितम्बर 2022 में दक्षिण अफ्रीका से चीता प्रोजेक्ट के तहत नामीबिया से 9 चीते जहाँ एमपी में लाये गए वहीँ फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते आये। बोत्सवाना से लाये गए नौ चीतों में 6 मादा और 3 नर शामिल हैं। कूनो में कई मादा गामिनी, ज्वाला आदि के शावकों को जन्म दिया और अब तक दर्जनों शावक यहाँ पैदा हो चुके हैं। यह 'प्रोजेक्ट चीता' के अंतर्गत तीसरा बड़ा अंतर्राष्ट्रीय चरण है। इस वर्ष बोत्सवाना से अतिरिक्त चीते आने से अब इनकी आबादी में इजाफे के आसार दिखाई दे रहे हैं। मोहन सरकार की वन्य जीव संरक्षण की मजबूत इच्छाशक्ति का परिणाम है कूनो की इस परियोजना ने मध्यप्रदेश में तेजी से प्रगति की है जिसके परिणाम अब धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। अप्रैल 2026 में कूनो ने वन्य जीव संरक्षण में इतिहास रचा। गामिनी की बेटी केजीपी-2 ने खुले जंगल में चार शावकों को जन्म दिया। यह पहला मामला है जब भारत में जन्मी चीता ने जंगली परिवेश में संतान दी। इससे पहले शावक मुख्यतः बाड़े वाले क्षेत्रों में पैदा होते थे। इस सफलता के साथ भारत में चीतों की कुल संख्या 57 पहुंच गई है जिनमें से लगभग 37 भारत में जन्मे हैं। यह आंकड़ा दर्शाता है कि परियोजना अब पुनर्वास से आगे बढ़कर स्थायी प्रजनन की ओर अग्रसर हो रही है। कूनो नेशनल पार्क देश में वन्यजीव संरक्षण और पारिस्थितिकी पुनर्स्थापना का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है।कूनो में हिरण, चीतल, सांभर, नीलगाय और जंगली सुअरों की पर्याप्त संख्या चीतों के लिए अनुकूल



साबित हो रही है। यही वजह है कि चीते यहां आराम से रह रहे हैं। दिसंबर 2023 में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद से एमपी के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वन्यजीव संरक्षण को सांस्कृतिक विरासत, जैव विविधता, पर्यटन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ने का कार्य किया है जिसके चलते मध्यप्रदेश में वन्य जीव संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कई अभूतपूर्व निर्णय लिए गए। रातापानी टाइगर रिजर्व को देश का 8वां और प्रदेश का नया टाइगर रिजर्व घोषित करना मोहन का सबसे बड़ा मास्टर स्ट्रोक रहा। 2008 में नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी से अनुमति मिलने के बावजूद यह प्रस्ताव दशकों से लटका रहा लेकिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यकाल में इसे मंजूरी मिली। इतना ही नहीं पुरातत्वविद् विष्णु श्रीधर वाकणकर के नाम पर इसका नामकरण कर उन्होनें इसे सांस्कृतिक गौरव से भी जोड़ा। मार्च-2025 में माधव टाइगर रिजर्व को प्रदेश का 9वां टाइगर रिजर्व घोषित किया गया।

चीतों का पुनर्वास घास के मैदानों के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करता है, शिकार प्रबंधन में मदद करता है और अन्य वन्यजीवों के लिए भी लाभ पैदा करता है। कूनो में चीतों की आमद बढ़ने के साथ ही इसे अब पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। प्रोजेक्ट चीता' की अपार सफलता के बाद भारत में दशकों बाद चीतों की वापसी ने यह संदेश दिया है कि यदि सही वैज्ञानिक प्रबंधन और राजनीतिक प्रतिबद्धता हो तो विलुप्त प्रजातियों का पुनर्वास संभव है। चीतों को क्वारंटीन एवं अनुकूलन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद गांधी सागर एवं नौरादेही जैसे अन्य अभयारण्यों में भी बसाने की भी सरकार ने पूरी तैयारी की जा रही है। अब कूनो को ग्लोबल ब्रीडिंग सेंटर के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य चल रहा है। इसके साथ ही गांधी सागर वाइल्डलाइफ सेंचुरी को चीतों के दूसरे आवास और नौरादेही वाइल्डलाइफ सेंचुरी को तीसरे बड़े चीता लैंडस्केप के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। बीते दिनों श्योपुर में कूनो नेशनल पार्क के क्वारंटीन बाड़े से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने दो मादा चीतों को कूनो नदी के समीप स्थित साइट से खुले जंगल में मुक्त किया जिसने मध्यप्रदेश के वन्यजीव संरक्षण इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ने का काम किया है। ये चीते भी अब कूनो के वातावरण में तेजी से घुल-मिल जाएंगे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की धरती ने चीतों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराकर उन्हें पुनर्स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर अपने परिवार का हिस्सा बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगभग साढ़े तीन वर्ष पहले कूनो में चीता प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका और अब बोत्सवाना से लाए गए चीतों के पुनर्स्थापन को निरंतर सफलता मिल रही हैं और आज प्रदेश ने देशभर में चीता स्टेट के रूप में पहचान बनाई है। कूनो में इन चीतों के सफल प्रजनन से भरोसा बढ़ा है कि यह परियोजना न केवल वन्यजीव संरक्षण का प्रतीक है, बल्कि भारत की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता और वैश्विक सहयोग का उदाहरण अनुपम उदाहरण भी पूरे देश के सामने प्रस्तुत करता है। कूनो में प्रोजेक्ट चीता की सफलता हर नए शावक के जन्म के साथ मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और पर्यटन को नई गति देगी।

# होर्मुज की तपिश में सरकार की छाँव

घर-परिवार हो या कोई देश आकस्मिक आपदा किसी पर भी कभी भी आ सकती है। विगत दिनों में ईरान और अमेरिका के युद्ध के चलते होर्मुज बंद हो गया, जिसके कारण जहाजों की आवाजाही बंद हो गई। युद्ध के शुरूआती दौर में तो यह लगा था कि तेल और गैस की किल्लत से सभी जगह त्राहि-त्राहि मच जायेगी लेकिन भारत में ऐसा नहीं हुआ। सभी घरों में चूल्हे जलते रहे, वाहन चलते रहे, बच्चों की पढाई सुव्यवस्था के साथ चलती रही। यह सब कुछ तभी संभव हो सका क्योंकि हमारा मुखिया, हमारा संरक्षक जिम्मेदार और दूरदर्शी है।

हमारी सरकार ने कुशल नेतृत्व के साथ इस मुसीबत की घड़ी में अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए बढ़ती कीमतों के बोझ को अपने तक ही सीमित रखा, जनता को उस तकलीफ से रूबरू ही नहीं होने दिया। जबकि वास्तविकता तो यह है कि हमारी तेल कंपनियों को प्रतिदिन रू. 1000 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ रहा है, अर्थात थोड़े में कहें तो हमारी सरकार को इस युद्ध के कारण रू. 68,000 करोड़ का भारी नुकसान हुआ है। इसके अलावा इस युद्ध का बोझ हमारे तेल भंडारों पर भी पड़ रहा है, उनका स्तर निरंतर नीचे गिर रहा है और जिसको बनाये रखने में निवेश की आवश्यकता पड़ रही है। इस सब का असर सरकार के सेंट्रल एक्साइज पर भी पड़ रहा है। यानी तीन अलग-अलग दिशाओं में भारत को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

भारी नुकसान के चलते निरंतर गिरती अर्थव्यवस्था को समय रहते सुधारना ही होगा और इसके लिए सरकार के साथ प्रत्येक नागरिक का भी दायित्व है कि वो अपनी भागीदारी समझे। ऐसे कठिन समय में जब आर्थिक मार हर घर, हर व्यक्ति तक पहुँच गई हो, गाड़ियां खड़े होने के कगार पर हों, किसी भी सरकार के लिए बहुत आसान रास्ता था इस आर्थिक बोझ को जनता के ऊपर डालकर अलग हो जाना। लेकिन हमारी संवेदनशील सरकार ने अपनी सूझ बूझ से न केवल जनता को राहत दी बल्कि अपनी नीतिगत कुशलता से जनता को ऐसा छत्र दिया जिससे जनता का सामान्य जीवन अस्त व्यस्त होने से बच गया।

युद्ध न रुकने से जहाँ वैश्विक ऊर्जा संकट निरंतर बढ़ता ही जा रहा है वहीं होर्मुज का रास्ता साफ होने के भी कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि भविष्य में युद्ध विराम हो भी गया तो स्थिति को संभलने में कम से कम चार महीने लग जाएंगे, जिसके चलते अधिक समय तक तेल और गैस के दाम उच्च स्तर पर बने रह सकते हैं। परन्तु युद्ध के इस ग्यारहवें सप्ताह में सरकार द्वारा अपनाएं वर्तमान मॉडल को यदि और आगे खींचा गया तो इसके प्रतिकूल प्रभाव हमारी अर्थयवस्था पर पडने लगेंगे।

इन परिस्थितियों में हमारे सामने तीन चुनौतियां हैं- पहली चुनौती तेल भंडार से जुड़ी है। भारत का तेल भंडार आज 5.33 मिलियन टन पर है, जो लगभग दो सप्ताह की आवश्यकता पूरी कर सकता है। आईईए मानक नब्बे दिनों का है। चंडीखोल, पादुर और बीकानेर में 6.5 मिलियन टन का दूसरा चरण निर्माणाधीन है, और इसे त्वरित समय-सीमा पर पूरा करना होगा। साथ ही, जापान और दक्षिण कोरिया के बाद भारत ही ऐसा देश है जो 30-दिवसीय एलपीजी भंडार की योजना बना रहा है। इस युद्ध से उत्पन्न संकट से पता चलता है ये हमारी आज की आवश्यकता है।




# रास्ते में नोट या सिक्का मिलना होता है शुभ

**कई बार रास्ते में पैसे गिरे हुए मिल जाते है या कई बार सिक्के तो ऐसे में ज्यादातर लोग इन्हें बिना कुछ सोचे तुरंत उठा कर अपने पास रख लेते है या कुछ लोग इन्हें जरूरतमंदों को दान कर देते हैं या मंदिर में चढ़ा देते हैं।**

आम तौर पर कई बार ऐसा होता है कि चलते-चलते रास्ते में बहुत सी चीज़े मिलती है । कई बार रास्ते में पैसे गिरे हुए मिल जाते है या कई बार सिक्के तो ऐसे में ज्यादातर लोग इन्हें बिना कुछ सोचे तुरंत उठा कर अपने पास रख लेते है या कुछ लोग इन्हें जरूरतमंदों को दान कर देते हैं या मंदिर में चढ़ा देते हैं। इनके अलावा भी कई चीज़े होती है जैसे फूल, मोर पंख, अनाज जो कई बार रास्ते में नीचे गिरे हुए मिलती है। वास्तु शास्त्र की मानें तो ऐसा देखा जाता है कि सड़क पर गिरी हुई ये चीज़े आपके आने वाले जीवन में बदलाव का कोई संकेत हो सकती है। कई चीज़े ऐसी होती है जिनका रास्ते पर मिलना शुभ होता है। लेकिन आखिर कौन सी है ये चीज़े और क्या है इनका मतलब। तो आइए जानते हैं कि ऐसी ही कुछ चीज़ों के बारे में- सबसे पहली चीज की बात करें तो अगर रास्ते में चलते वक्त अचानक से कोई नोट या सिक्का पड़ा हुआ दिखें तो इसे बहुत शुभ माना जाता है। इसका मतलब होता है कि जल्द ही कोई धन से संबंधित लाभ हो सकता है। साथ ही ऐसा भी माना जाता है कि अगर किसी काम के लिए जाते समय रास्ते में सिक्का या नोट मिले तो इसका मतलब ये होता है कि आपको उस काम में सफलता ज़रूर मिलेगी या अगर किसी वजह से कोई काम अटका हुआ था या अधूरा था तो वो भी पूरा हो जाएगा। अगर रास्ते में कहीं मोर पंख पड़ा हुआ दिखें या मिल जाए तो ऐसा माना जाता है कि ये सफलता और सौभाग्य की ओर इशारा करता है। मोर पंख को श्री कृष्ण का प्रिय माना जाता है इसलिए इसे मंदिर में रखना भी शुभ माना जाता है। अगर किसी को सड़क या रास्ते पर जाते समय अचानक से कोई सफेद कौड़ी या गोमती चक्र पड़ा हुआ मिल जाए तो इसे बहुत ही शुभ माना जाता है।

## प्रेरणा

# संत का धन

उन दिनों विजय नगर में संत पुरंदर की ख्याति बढ़ती ही जा रही थी। हर प्रकार के मोह-माया से मुक्त त्यागमूर्ति पुरंदर अपनी पत्नी के साथ नगर से बाहर एक कुटिया में रहते थे और भिक्षा मांग कर गुजारा करते थे। उनके नाम की चर्चा उड़ते-उड़ते राजा कृष्णदेव राय तक भी पहुंची। उन्हें लगा कि उन्हें संत के लिए कुछ करना चाहिए। एक दिन उन्होंने तेनालीराम से कहा- जाओ संत पुरंदर से कहो कि वे भिक्षा के लिए दर-दर न भटकें और केवल राजमहल से भिक्षा लिया करें। राजा ने इसी बहाने उनकी दरिदता दूर करने का उपय सोच लिया था। अब संत रोज राजमहल आने लगे।



उन्हें भिक्षा में अनाज के साथ छोटे-मोटे कीमती पत्थर भी दिए जाते थे। राजा को लगता था कि संत के पास जल्दी ही अच्छी-खासी संपत्ति जमा हो जाएगी। पर मन में सवाल भी उठता था कि आखिर ये कैसे संत हैं जो ये कीमती रत्न स्वीकार कर रहे हैं। कहीं ये संत होने का ढोंग तो नहीं कर रहे। एक दिन राजा और तेनालीराम भेस बदलकर संत की कुटिया में पहुंचे। राज को देखकर हैरत हुई कि संत की कुटिया में कोई बदलाव नहीं आया था। उनकी पत्नी चावल बीनते हुए बुदबुदा रही थीं कि पता नहीं कहां से कंकड़-पत्थर आ जाते हैं। राजा ने चावल हाथ में लेकर कहा- पर ये तो हीरे-मोती हैं। इनसे आपकी दरिदता दूर हो सकती थी। संत की पत्नी ने कहा-हमारे लिए तो ये कंकड़-पत्थर ही हैं। धन और विनम्रता ही हमारा धन है। यह सुनकर राजा लज्जित हो गए। उन्होंने संत और उनकी पत्नी से क्षमा मांगी।

## अपनी बात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को एन रंगास्वामी को पुडुचेरी के मुख्यमंत्री का पदभार संभालने पर बधाई दी और कहा कि वह केंद्र शासित प्रदेश के कल्याण और विकास के लिए उनके साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं। एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने रंगास्वामी के प्रशासनिक अनुभव और पुडुचेरी की विकास यात्रा में उनके योगदान की सराहना की।



असम मंत्रिमंडल ने बुधवार को राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने को मंजूरी दे दी। हालांकि आदिवासियों को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के दूसरे कार्यकाल की पहली मंत्रिमंडल बैठक की अध्यक्षता करने के बाद यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यूसीसी विधेयक 26 मई को नयी विधानसभा में पेश किया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज़

### कुशमान और पनवाड़ीहाट में शिविर आज

**आरोन।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान और सेवाएं घर बैठे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सम्पर्क अभियान 2026 के तहत विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 14 मई को जिले के विभिन्न वितरण केंद्रों और जोनों में विद्युत संबंधी सेवाएं आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत ये शिविर लगाए जाएंगे ये शिविर आरोन विद्युत विभाग के अंतर्गत ग्राम कुशमान एवं पनवाड़ी हाट में आयोजित होगा। इन शिविरों में उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन से जुड़ी विभिन्न सेवाएं जैसे नए कनेक्शन के आवेदन, नाम या भार परिवर्तन, अस्थाई कनेक्शन, मात्र 5 रुपये में कनेक्शन योजना, स्थाई विच्छेदन के आवेदन और ई-केवाईसी व अनापत्ति प्रमाण पत्र का मौके पर निराकरण किया जाएगा।

### शराब के नशे में धुत्त पति ने पत्नी को डंडे से पीटा, सिर में आई चोट

**गुना।** जिले के आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम परेवा में शराब के नशे में एक पति द्वारा अपनी पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। फरियादिया खुशबू त्यागी ने पुलिस को बताया कि उसका पति सोनू त्यागी शराब पीने का आदी है और विरोध करने पर अक्सर मारपीट करता है। बीती रात जब उसने गाली-गलौज का विरोध किया, तो पति ने डंडे से हमला कर दिया, जिससे खुशबू के सिर और हाथों में गंभीर चोटें आईं। आरोपी ने पत्नी को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

### पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय गुना का 12वीं परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**गुना।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय गुना का कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के विज्ञान एवं कला संकाय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विज्ञान संकाय में छात्रा रेणुका धाकड़ ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं दीनदयाल गाडरी ने 90.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समीक्षा अहिरवार एवं संजना रघुवंशी ने 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में मोहित रघुवंशी ने 90.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदित्य मीना ने 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि अनिकेश धाकड़ ने 84.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य एच.के. मीना ने सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना की। विद्यालय के उपप्राचार्य मो. दानिश सहित एस.के. त्यागी, दीपक दुबे एवं एस.के. मिश्रा सहित समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

---

इस हादसे में दो मासूम बच्चियों सहित परिवार के सभी लोग घायल हुए

# परीक्षा के लिए भोपाल से लौट रहा था परिवार, ड्राइवर को लगी झपकी और पेड़ से टकरा गई कार

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सेमरी घाटी पर बुधवार की अलसुबह एक हृदयविदारक सड़क हादसा हो गया। यहाँ भोपाल से लौट रहे एक ही परिवार के छह सदस्य उस समय दुर्घटना का शिकार हो गए, जब उनकी अनियंत्रित कार सीधे एक पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में दो मासूम बच्चियों सहित परिवार के सभी लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### शादी की खुशियों के बीच मची चीख-पुकार

जानकारी के अनुसार, शिवपुरी जिले के लुकवासा निवासी 73 वर्षीय श्रीकृष्ण रघुवंशी अपने परिवार के साथ भोपाल में एक वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने गए थे। बुधवार सुबह करीब 6.30 बजे जब उनकी कार सेमरी घाटी से गुजर रही थी, तभी चालक को अचानक झपकी आ गई। रफ्तार तेज होने के कारण कार सड़क से उतरकर पेड़ में जा घुसी। हादसे में श्रीकृष्ण रघुवंशी, उनकी पत्नी रामवती (70), बेटे हरिओम (46) व हरिमोहन (40) के साथ नातिन अरुणा (19) और मिल्की (9) को चोटें आई हैं। घायलों ने अस्पताल में बताया कि 19 वर्षीय अरुणा गुना के पीजी कॉलेज में बीए की छात्रा है। बुधवार को उसका इतिहास (हिस्ट्री) का पर्चा था। नातिन की इसी परीक्षा में समय पर पहुंचने के लिए पूरा परिवार सुबह जल्दी भोपाल से रवाना हुआ था, ताकि अरुणा समय रहते कॉलेज पहुंच सके। लेकिन मंजिल से कुछ ही दूर पहले यह हादसा हो गया।

### पुलिस ने किया रेस्क्यू, खतरे से बाहर घायल

टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला और एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भिजवाया।

### बाइपास पर भीषण सड़क हादसा, कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**गुना।** शहर के बाइपास मार्ग पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है. घटना सुबह करीब 10 बजे सेंगर ढाबा के पास की बताई जा रही है, जहाँ एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 08 जेडसी 9904 पर सवार होकर दो लोग जा रहे थे, तभी सामने से आ रही एक अनियंत्रित कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। सड़क पर गिरे घायलों को देख राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद दोनों को गुना जिला अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया है, जबकि दूसरे घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उसका उपचार जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद बाइपास पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

---

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मांगे 80 करोड़, मुख्यमंत्री ने दिया भरोसा

## कलेक्टर ने दिया नारा और अब युवक गुनिया के गंदे नाले में नहाता मिला

सत्ता सुधार ■ गुना

एक ओर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुनिया नदी के कायाकल्प के लिए करोड़ों रुपए की योजना पर जोर दे रहे हैं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसके पुनर्जीवन का आश्वासन दे रहे हैं और कलेक्टर गुना, गुलाब, गुनिया देखेगी दुनिया का नारा बुलंद कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बुधवार को शहर ने गुनिया की जमीनी हकीकत का ऐसा दृश्य देखा जिसने पूरे अभियान पर सवाल खड़े कर दिए। 44.6 डिग्री की भीषण गर्मी के बीच एक युवक शहर के बीचोंबीच बह रही गुनिया नदी, जो अब नदी कम और गंदा नाला ज्यादा नजर आती है, उसमें नग्न अवस्था में उतरकर नहाने लगा। युवक कभी गंदे पानी में बैठता, कभी लेट जाता तो कभी नाले के बीचोंबीच हाथ-पैर मारता दिखाई दिया।



यह नजारा देखने लोगों की भीड़ जमा हो गई और मौके पर हास्य, व्यंग्य और चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। लोगों का कहना था कि जिस गुनिया को दुनिया दिखाने की बात हो रही है, उसकी हालत तो शहर के सबसे बदहाल नाले जैसी हो चुकी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक पहले हाट रोड से हनुमान चौराहे तक नग्न घूमता दिखाई दिया। इसके बाद वह गुनिया नदी के रपटे पर पहुंचा और गंदे पानी में उतर गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला। उसके शरीर पर चोट के निशान भी बताए जा रहे हैं। देर शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस के अनुसार युवक शराब के नशे में था। उल्लेखनीय है कि 10 मई को गुना दौरे पर आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुनिया नदी के जीर्णोद्धार के लिए 80.22 करोड़ रुपए की डीपीआर का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। इस योजना में सौंदर्याकरण, स्टॉप डैम और दोनों ओर कंक्रीट दीवारों के निर्माण जैसे कार्य प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री ने भी भरोसा दिलाया था कि सरकार इस योजना में पूरा सहयोग करेगी। वहीं अगले ही दिन कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक में गुना, गुलाब, गुनिया देखेगी दुनिया का नारा देते हुए इसे जिले की नई पहचान बताया था। लेकिन बुधवार को गुनिया में युवक के गंदे पानी में नहाने का दृश्य शहर में चर्चा और कटाक्ष का बड़ा विषय बन गया।

### बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत, आज विभिन्न केंद्रों पर लगेंगे विशेष शिविर

**गुना।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जिले के उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 14 मई 2026 को एक विशेष सम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस विद्युत सेवाएं आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न वितरण केंद्रों जैसे बजरंगगढ़, पगारा, बमोरी, फतेहगढ़, म्याना, आरोन और चाचौड़ा सहित कई ग्रामों और शहरी वार्डों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में उपभोक्ताओं को नए बिजली कनेक्शन, नाम या भार परिवर्तन, अस्थाई कनेक्शन, ई-केवाईसी और विवादित बिलों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। साथ ही, मात्र 5 रुपये में कनेक्शन योजना का लाभ भी दिया जाएगा। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार, इस अभियान का उद्देश्य गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति को बेहतर सेवाएं देना है। शिविरों के सफल संचालन के लिए ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और नगरपालिका अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### हंड्रेड डेज टीबी अभियान के अंतर्गत म्याना में टीबी हेल्थ शिविर आयोजित



सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, म्याना में हंड्रेड डेज टीबी अभियान के अंतर्गत टीबी हेल्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों एवं स्कूल के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें टीबी के प्रति जागरूक करना तथा टीबी मुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाना रहा। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सा पर्यवेक्षक श्री राजेश भार्गव (ब्लॉक गुना ग्रामीण) द्वारा उपस्थित ग्रामीणों एवं बच्चों को टीबी से बचाव, उपचार, खखार (स्पुटम) जांच एवं एक्स-रे जांच की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को 10 दिन से अधिक खांसी, छाती में दर्द, वजन कम होना या भूख न लगना जैसे लक्षण हों, तो उसकी खखार जांच निःशुल्क की जाती है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि लगभग 80 प्रतिशत टीबी फेफड़ों की होती है, जबकि 20 प्रतिशत टीबी शरीर के अन्य अंगों जैसे गले की गठान, दिमाग एवं पेट में पाई जाती है। टीबी की पुष्टि होने पर मरीज को शासन की योजना अंतर्गत ?1000 प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से सहायता राशि प्रदान की जाती है। शिविर के दौरान स्कूल के बच्चों सहित ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

15 बच्चों को एक्स-रे जांच हेतु चिन्हित किया गया। वहीं 15 खखार सैंपल स्वयंसेवक महावीर द्वारा लिए गए, जिनकी जांच टूनॉट मशीन के माध्यम से की जाएगी। मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी दी गई तथा दवाइयां, मल्टीविटामिन एवं ओआरएस का वितरण भी किया गया। शिविर में आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा ग्रामीणों को उपस्थित कराने में सक्रिय सहयोग किया गया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम के सभी बच्चों एवं ग्रामीणों को टीबी मुक्त जीवन की शपथ दिलाई गई। उल्लेखनीय है कि टीबी से संबंधित सभी जांचें (खखार, एक्स-रे) एवं उपचार पूर्णतः निःशुल्क हैं।

---

# सजधज कर पहुंचे दूल्हे पर भी भारी पड़ी तंबाकू की आदत, तंबाकू के साथ रंगे हाथों धराया, लगा जुर्माना

## दूल्हे पर नियमानुसार चालानी कार्यवाही की, जो शहर में चर्चा का विषय बनी रही

सत्ता सुधार ■ गुना

जिला अस्पताल परिसर को साफ-सुथरा और नशामुक्त बनाने की मुहिम के बीच एक ऐसा मामला सामने आया है, जहां नियम तोड़ने वालों को न तो अपनी सेहत की फिक्र रही और न ही अपनी खास वेशभूषा का लिहाज। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन और सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिवर के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल परिसर में चलाए जा रहे तंबाकू मुक्ति अभियान के तहत एक दूल्हा भी कानून के शिकंजे में फंस गया। अपनी शादी की चमक-धमक और रस्मों के बीच दूल्हा अस्पताल परिसर में तंबाकू का सेवन कर नियम तोड़ते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। टीम ने बिना किसी रियायत के दूल्हे पर नियमानुसार चालानी कार्यवाही की, जो शहर में चर्चा का विषय बनी रही।



राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी विनीता सोनी के नेतृत्व में आज वार्डों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान न केवल दूल्हा, बल्कि एक ऐसा जोड़ा भी मिला जहां पति और पत्नी दोनों तंबाकू का सेवन करते पाए गए। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि नियम सभी के लिए बराबर हैं। आज की इस कार्यवाही में कुल 21 लोगों को अस्पताल परिसर में गंदगी फैलाने और तंबाकू सेवन का दोषी पाया गया, जिनसे कुल 2350 का जुर्माना वसूला गया। अस्पताल प्रबंधन ने साफ कर दिया है कि उपचार के केंद्र में गंदगी और नशा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**नशा छोड़ने के लिए मिली सलाह और उपचार का रास्ता:** सिर्फ जुर्माना वसूलना ही प्रशासन का मकसद नहीं है, बल्कि लोगों को इस बुरी लत से बाहर निकालना भी प्राथमिकता है। कार्यवाही के दौरान पकड़े गए उन सभी व्यक्तियों को, जो तंबाकू छोड़ने की इच्छा रखते हैं, जिला अस्पताल के कक्ष क्रमांक 26 स्थित टीसीसी सेंटर में रेफर किया गया।

### कार ने खड़े ऑटो को मारी टक्कर, एक ही परिवार की छह महिलाएं घायल

**गुना।** जिले के चांचौड़ा थाना अंतर्गत बीनागंज के निचला बाजार में एक तेज रफ्तार बलेनो कार ने खड़े ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे उसमें बैठी छह महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। फरियादी घनश्याम माली ने बताया कि गत रात अपने ऑटो एमपी 08-9267 से परिवार की महिलाओं को लेकर भैसाना जा रहा था, तभी पुराने होंडा शोरूम के सामने एक ग्रे कलर की कार के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए ऑटो को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बसन्ती बाई माली, पर्वती बाई लोधा, रानी बाई लोधा, दुर्गेश लोधा, पूनी बाई लोधा और लीला बाई लोधा को शरीर में कई जगह चोटें आई हैं। सभी घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल बीनागंज ले जाया गया, जहाँ से गंभीर रूप से घायल बसन्ती बाई माली को राजगढ़ अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी कार चालक के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

# गुना में फूटा छात्रों का गुस्सा, नीट-यूजी पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन, एनडीए को भंग करने की मांग

सत्ता सुधार ■ गुना

नीट-यूजी 2026 परीक्षा में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं के विरोध में आज जिले के छात्रों और युवाओं का आक्रोश सड़क पर उतर आया। अम्बेडकर चौराहा पर छात्र संगठन डीएसओ और युवा संगठन डीवायओ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र-युवा शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने एनडीए के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए दोषियों की गिरफ्तारी और एक पारदर्शी परीक्षा प्रणाली लागू करने की पुरजोर मांग उठाई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए शिवम ओझा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में बार-बार होने वाले पेपर लीक देश की शिक्षा व्यवस्था के लिए गहरे संकट का संकेत हैं। लाखों छात्र वर्षों की कड़ी मेहनत और मानसिक दबाव के बीच तैयारी करते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार के कारण उनका भविष्य दांव पर लग जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि ह्न्न



निष्पक्ष और सुरक्षित परीक्षा आयोजित करने में पूरी तरह विफल रही है, जिससे छात्रों और अभिभावकों का विश्वास टूट गया है। वहीं अजय राव ने इस धांधली के पीछे बड़े माफिया और भ्रष्ट नेटवर्क की मिलीभगत की आशंका जताते हुए मामले की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच की मांग की। प्रदर्शन के माध्यम से छात्रों ने मांग की कि पूरी जांच न्यायिक निगरानी में एक निश्चित समय सीमा के भीतर हो और इसमें शामिल दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए। साथ ही, जांच की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने और सभी राष्ट्रीय परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग भी की गई। संगठन ने सबसे प्रमुख मांग रखते हुए कहा कि परीक्षाओं के आयोजन में विफल रही भ्रष्ट संस्था ह्न्न को तत्काल समाप्त किया जाए और सभी परीक्षाएं सरकार स्वयं पूरी जवाबदेही के साथ आयोजित करे। अमित साहू के संचालन में हुए इस प्रदर्शन के अंत में वक्ताओं ने शिक्षकों और अभिभावकों से अपील की कि वे शिक्षा प्रणाली को बचाने के लिए इस देशव्यापी आंदोलन को और मजबूत करें।

---

राजस्थान सीमा पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 6 लाख के माल के साथ अंतर्राज्यीय स्मैक तस्कर दबोचा



सत्ता सुधार ■ गुना

नशे के सौदागरों के खिलाफ गुना पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी हितिका वासल के नेतृत्व में चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत मृगवास थाना पुलिस ने राजस्थान की सीमा से सटे बांसाहेड़ा क्षेत्र में नाकाबंदी कर एक अंतर्राज्यीय स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 50.28 ग्राम स्मैक बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 5 लाख रुपये आंकी गई है। जानकारी के नुसार पुलिस को गत रात पुख्ता सूचना मिली थी कि राजस्थान के मानपुरा की ओर से एक व्यक्ति पैशन प्रो मोटरसाइकिल क्रमांक आरजे 17-7814 पर स्मैक लेकर ग्राम जामोन्या जागीर की तरफ जा रहा है। सूचना मिलते ही सानई चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नीरज लोधी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम ने तत्काल बांसाहेड़ा पहुंचकर अंडेरी नदी के समीप हनुमान मंदिर के पास मोर्चा संभाला।

### 6 लाख का मसरुका जब्त, जांच में जुटी पुलिस

जैसे ही मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए का व्यक्ति वहां पहुंचा, पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम हरभजन मीणा (45) निवासी जामोन्या जागीर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने 5 लाख की स्मैक और तस्करी में इस्तेमाल 1 लाख रुपये की मोटरसाइकिल सहित कुल 6 लाख रुपये का माल जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ मृगवास थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई सुरेश सिंह सिकरवार, सानई चौकी प्रभारी नीरज लोधी, सोहन अनारे, नीरज धाकड़, राहुल बघेल, रवि यादव, विकास राठौर, वकील सिंह, राहुल एवं सायबर सेल से आरक्षक कुलदीप भदौरिया व आरक्षक अभय रघुवंशी का विशेष योगदान रहा है।

### आधी रात धरनावदा थाने का औचक निरीक्षण लंबित प्रकरणों को लेकर दिए सख्त निर्देश



**गुना।** जिले में पुलिस कार्यप्रणाली को चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से एसपी हितिका वासल लगातार मैदानी स्तर पर सक्रिय नजर आ रही हैं। इसी क्रम में गत दरम्यानी रात एसपी ने धरनावदा थाने का औचक निरीक्षण किया। अचानक हुई इस कार्यवाही से थाना स्टाफ में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर की साफ-सफाई, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार और सीसीटीएनएस कार्य की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने थाने के महत्वपूर्ण अभिलेखों के संधारण की स्थिति जांची और लंबित अपराधों एवं शिकायतों की वर्तमान स्थिति पर थाना प्रभारी से जवाब-तलब किया।पुलिस अधीक्षक ने स्टाफ को निर्देशित किया कि फरियादियों की समस्याओं का समाधान पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ किया जाए।

## ई-विकास पोर्टल के माध्यम से मिलेगा पर्याप्त उर्वरक

**अशोकनगर।** किसानों को रकबे अनुसार फसल मक्का, धान, सोयाबीन आदि चयन करने पर एक ही बार में मिलेगी उर्वरकों की संपूर्ण मात्रा।किसानों के लिए टोकन जनरेशन का समय सुबह 07 बजे से शाम 08 बजे तक निर्धारित है। ई-टोकन प्रणाली में एंडरॉइड मोबाईल से ई-टोकन आसानी से बुक कर सकते हैं। खरीफ फसल हेतु उर्वरक टोकन बुकिंग की सुविधा प्रारंभ है। ई-विकास पोर्टल के माध्यम से उर्वरक टोकन बुक कर सकते हैं। सिकमी (ठेकेदार/बटाईदार) किसान जो भूमि स्वामी नहीं हैं वे अपनी भूमि स्वामी की अनुमति से एग्री स्टेक पोर्टल के माध्यम से अधीकृत प्रतिनिधि किसान बनकर उर्वरक टोकन बुक कर सकते हैं। वन पट्टाधारी किसानों के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के सत्यापन उपरांत ई-विकास पोर्टल से उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। मृत किसान तथा शारीरिक रूप से अक्षम एवं वृद्ध किसानों हेतु उर्वरक व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है। संयुक्त खाता धारी कृषकों जिनमें से एक या अन्य सदस्य किसी अन्य शहर में या देश से बाहर रहते हैं जिस कारण उनका आधार ओ.टी.पी. प्राप्त करना संभव नहीं हो पाता है ऐसे किसानों अथवा संयुक्त खाता धारकों में से एक किसान को नामांकित करने के लिए ई-विकास पोर्टल में सुविधा विकसित की गई है। पंजीकरण - किसानों को अपना आधार नम्बर एग्री स्टेक पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। फार्मर आई.डी. पर रकबा एवं फसल की जानकारी अपडेट होना आवश्यक है। आधार कार्ड से लिंक मोबाईल नम्बर पर ओ.टी.पी. के माध्यम से पंजीयन की प्रक्रिया करनी होगी। मोबाईल नम्बर को आधार से लिंक करायें। ई-टोकन जनरेट करने के लिए पोर्टल से ई-विकास प्रणाली के जरिये डेसबोर्ड खुलेगा जहां से ई-टोकन जनरेट करने के लिए आधार नम्बर डालना होगा किसान के आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर आई ओ.टी.पी. डालने पर किसान की भूमि और पट्टे की जानकारी आएगी, कृषक को भूमि के लिए रकबा और फसल तय करना होगा जिससे खाद की मात्रा वैज्ञानिक आधार पर स्वतः पोर्टल पर अपडेट होगी। यूरिया के साथ डी.ए.पी. या एस.एस.पी. या एन.पी.के. का विकल्प चुनना होगा।टोकन जनरेशन - पोर्टल किसान की चयनित फसल और उपलब्ध रकबे के अनुसार आवश्यक उर्वरकों के प्रकार चुनने के बाद वितरण केन्द्र, डबललॉक केन्द्र, एम.पी.एग्रो, समितियां, निजी विक्रेताओं पर उपलब्ध स्टॉक के चयन के बाद स्वचालित रूप से ई-टोकन जारी करेगा। उर्वरक का उठाव - जारी टोकन के साथ किसान को 2 दिनों के भीतर चयनित वितरण केन्द्र से खाद लेनी होगी यदि किसान समय सीमा के अन्दर खाद नहीं लेता है तो टोकन स्वतः निरस्त हो जायेगा।

# ग्रामीण किसानों ने ठाना है पेट्रोल बचाना है बाजार साइकिल से जाना है

### किसानों का बड़ा संकल्प पेट्रोल बचाना है साइकिल चलना है

सत्ता सुधार ■ सीहोर

सीहोर जिले के चंदेरी गांव के किसानों ने पेट्रोल और डीजल बचाने का संकल्प लिया है। किसानों का कहना है कि वर्तमान समय में ईरान, इराक और अमेरिका के बीच चल रहे तनाव और युद्ध जैसी परिस्थितियों को देखते हुए देश में ईंधन बचाना बहुत जरूरी हो गया है। इसी उद्देश्य से गांव के किसानों ने निर्णय लिया है कि अब वे बाजार, खेत और अन्य स्थानों पर मोटरसाइकिल की बजाय साइकिल का उपयोग अधिक करेंगे।

ग्रामीण किसानों के साथ समाजसेवी किसान एम.एस. मेवाड़ा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भी पेट्रोल-डीजल बचाने का संदेश दे रहे हैं। उसी संदेश का पालन करते हुए हम किसानों ने यह पहल शुरू की है। हमारा मानना है कि यदि हर नागरिक थोड़ी-थोड़ी बचत करे तो देश बड़े संकट से बच सकता है।

किसानों ने यह भी कहा कि केवल आम जनता ही नहीं, बल्कि राजनेताओं और



अधिकारियों को भी पेट्रोल-डीजल की बचत पर ध्यान देना चाहिए। राजनीतिक रैलियों में सैकड़ों गाडियों का उपयोग होता है, जिससे भारी मात्रा में ईंधन खर्च होता है। किसानों ने मांग की कि वाहन रैलियों पर रोक लगाई जाए और जहां संभव हो वहां कम से कम वाहनों का उपयोग किया जाए।

किसानों का कहना है कि आज जरूरत है कि हम सब मिलकर साइकिल अपनाएं, पेट्रोल-डीजल बचाएं और देशहित में प्रधानमंत्री मोदी जी के संदेश का पालन करें। यही हमारी साइकिल रैली का उद्देश्य और संदेश है।

# ईसागढ़ जनपद की ग्राम पंचायत रुसल्ला बुजुर्ग में मनरेगा के निर्माण कार्यों में फर्जीवाड़ा

### फर्जी काम,मजदूरी की राशि निकाल कर मजे मार रहे हैं सरपंच सचिव रोजगार सहायक

सत्ता सुधार ■ अशोक नगर

जिले के ईसागढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत रुसल्ला बुजुर्ग में मनरेगा के निर्माण कार्यों में जमकर फर्जीवाड़ा चल रहा है। यहां के सरपंच राजनीतिक रसूख के चलते गरीब मजदूरों के हकों को मारकर,मनरेगा की राशि से अपनी जेबें में भर रहे हैं। मनरेगा पोर्टल पर फर्जी निर्माण कार्य चलाकर और फर्जी मजदूर चढ़ाकर शासन की राशि निकाल कर हड़प रहे हैं। मंगलवार को मनरेगा पोर्टल पर ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम खासखेड़ा में सुदूर सड़क निर्माण कार्य खासखेड़ा से घटावदा रोड तक चलना दर्शाया गया जबकि मौके पर कोई काम नहीं चल रहा था, ना ही कोई मजदूर काम कर रहा था। इसी तरह ग्राम खसखेड़ा में निस्तार तालाब निर्माण उधम के खेत के पास चलना दर्शाया गया जबकि मौके पर ना तो तालाब निर्माण कार्य चल रहा था ना हीं मजदूर काम कर रहे थे। इन कामों में 81 मजदूरों की प्रजेंट लगाई गई। इस तरह बिल्कुल फर्जी रूप से मनरेगा पोर्टल पर निर्माण कार्य चलना और मजदूरों द्वारा काम करना दर्शाया जाकर मजदूरों के हकों को मारा जा रहा है। सरपंच सचिव रोजगार सहायक मिलकर शासन की राशि हड़प रहे हैं। बताया जा रहा है कि सरपंच के बड़े भाई बड़े राजनेता हैं इसी के चलते



अधिकारी ग्राम पंचायत का निरीक्षण करते नहीं जाते,सरपंच सचिव रोजगार सहायक भी बड़े गर्व से अपने नेता भाई का नाम लेकर लोगों पर प्रभाव जमाते हैं। मनरेगा के फर्जीवाड़ा के संबंध में जब ग्राम रोजगार सहायक सत्येंद्र रघुवंशी से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि पहले रास्ते की स्थिति बहुत खराब थी,सड़क निर्माण कराया गया है, जिसका 90% काम पिछली गर्मियों में हो गया था। लगभग थोड़ा बहुत बचा है तो अभी उस पर चल रहा है। इसी तरह निस्तारी तालाब निर्माण कार्य का भी काम लगभग 90-95% पूरा हो गया। केवल थोड़ा बहुत काम रिपेयरिंग का बचा है जो एक बरसात बाद चेक होता है। जब उनसे कहा गया कि मौके पर कोई काम नहीं हुआ,ना कोई मजदूर काम कर रहा है, तो उन्होंने कहा कि सरपंच से बात कर लो, हो सकता है अभी काम रुका हुआ हो।

**इनका कहना है**

पहले रास्ते की स्थिति बहुत खराब थी,सड़क निर्माण कराया गया है, जिसका 90% काम पिछली गर्मियों में हो गया था। लगभग थोड़ा बहुत बचा है, तो अभी उस पर चल रहा है। इसी तरह निस्तारी तालाब निर्माण कार्य का भी काम लगभग 90-95% पूरा हो गया। केवल थोड़ा बहुत काम रिपेयरिंग का बचा है,जो एक बरसात बाद चेक होता है। हो सकता है अभी काम रुका हो।

सत्येंद्र सिंह रघुवंशी,
ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत रसल्ला बुजुर्ग जनपद ईसागढ़ जिला अशोकनगर।

## मनरेगा में काम करते हुए कलेक्टर की फर्जी उपस्थिति दर्ज

**समाचार प्रकाशित होने के बाद भी अभी तक नहीं हुई कोई कार्रवाई**

**चंदेरी जनपद की ग्राम पंचायत टोडा में रुकने का नाम नहीं ले रहा मनरेगा में फर्जी वाड़ा**

**37 मजदूरों की उपस्थिति पर चल रहे हैं दो काम**

जिले की चंदेरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत टोडा में मनरेगा में लगातार फर्जीवाड़ा चल रहा है। ग्राम पंचायत में सरपंच,सचिव ,रोजगार सहायक द्वारा मिलकर जमकर फर्जी वाड़ा किया जा रहा हैं और, ताज्जुब की बात तो यह है कि फर्जी वाड़े का समाचार प्रकाशित होने के बाद भी अभी तक अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मनरेगा पोर्टल पर फर्जी काम मजदूर और प्रेजेंट लगाकर शासन की लाखों रुपए की राशि हड़प रहे हैं। बुधवार



को मनरेगा पोर्टल पर फर्जी दो काम चलाए जा रहे हैं, जिसके लिए 37 मजदूरों की उपस्थिति लगाई गई है। जिसमें बोल्डर चेक डैम निर्माण कार्य स्कूल की पुलिया के पास वाले नाले पर टोडा में चलना दर्शाया जा रहा है, तथा मणिराम अहिरवार (एम), पहलवान आदिवासी (एम),महेश पाल (एम),महेश सिंह पाल (पुरुष) रामनिवास पास (एम),राकेश कुशवाहा (एम),देशराज आदिवासी (एम),कमलेश आदिवासी (एम) तथा कलेक्टर आदिवासी (एम) की काम करते हुए उपस्थिति दर्ज की गई है।जबकि मौके पर ना तो निर्माण कार्य चल रहा था और ना ही मजदूर काम कर रहे थे। इस तरह सरपंच सचिव रोजगार सहायक द्वारा मिलकर गरीब मजदूरों का हक छीनकर अपनी जेबें भरी जा रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर कोई भी अधिकारी जांच के लिए नहीं आता, सरपंच सेक्रेटरी मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं। पंचायत में भारी भ्रष्टाचार चल रहा है। ग्रामीणों ने जिले के अधिकारियों से ग्राम पंचायत की जांच कराने की मांग की है।

### ईसागढ़ जनपद की ग्राम पंचायत आम खेड़ा नई सरांय में मनरेगा में जमकर फर्जीवाड़ा

जिले की जनपद पंचायत ईसागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत आम खेड़ा नई सरांय में मनरेगा में जमकर फर्जी वाड़ा चल रहा है। यहां मजदूरों के हक की योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। गरीबों का हक छीनकर सरपंच सचिव रोजगार सहायक मिलकर इस योजना की लाखों की राशि डकार रहे हैं। और मनरेगा पोर्टल पर फर्जी डिमांड डालकर फर्जी काम चला रहे हैं। ग्राम पंचायत के कामों का निरीक्षण करने कोई भी अधिकारी नहीं आते जिससे जमकर फर्जीवाड़ा चल रहा है। बुधवार को मनरेगा पोर्टल पर 129 मजदूरों की डिमांड पर तालाब निर्माण दुर्गा प्रसाद कोली के खेत पर, तालाब निर्माण मुस्ताक अहमद के खेत पर, चबूतरा/चौपाल निर्माण कार्य हाट बाजार, नाली निर्माण डुंगसरा वाले महाराज की दुकान से भगवत सिंह की चक्की तक नई सराय में चलना दर्शाया गया। जबकि मौके पर ना तो निर्माण कार्य चल रहा था, और मजदूर भी नहीं लगे थे। इस तरह ग्राम पंचायत द्वारा फर्जीवाड़ा किया जा रहा है और सरपंच सचिव रोजगार सहायक मिलकर योजना की राशि हड़प रहे। कैसे मैं अधिकारी इस फर्जी वाले को रोकने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठा रहे। समाचार प्रकाशित होने के बाद भी अधिकारियों द्वारा मनरेगा में चल रहे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की कोई कोशिश नहीं की जा रही जिससे गरीब मजदूरों के लिए गांव में रोजगार उपलब्ध नहीं हो रहा और वह शहरों की ओर रुख कर रहे हैं, जहां वह मकान निर्माण के काम में बेलदारी करते हैं। ग्रामीणों ने जिले के अफसरों से मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत में चल रहे कार्यों की जांच की मांग की है।

**129 मजदूरों की डिमांड पर चल रहे फर्जी निर्माण कार्य**

**भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है मजदूरों के हक की योजना**

**गरीबों का हक छीनकर सरपंच सचिव रोजगार सहायक मिलकर डकार रहे लाखों की राशि**

## बसपा नेता एड. कमलेश कुमार को पार्टी ने दी बड़ी जिम्मेदारी जोन प्रभारी भोपाल नियुक्त



सत्ता सुधार ■ सीहोर

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती जी पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश को चार भागों में बांटा गया है एवं संगठन का विस्तार लोकसभा के अनुसार किया गया मध्य प्रदेश में 4 जोन बनाए गए उसमें ग्वालियर जोन रीवा जॉन भोपाल जोन एवं इंदौर जोन और पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी को इसकी जिम्मेदारी सौंप गई भोपाल जोन में एडवोकेट कमलेश कुमार को जॉन प्रभारी बनाया गया है भोपाल जोन में 7 लोकसभा 19 जिले एवं 55 विधानसभाएं हैं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी के निर्देश अनुसार पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए यह बदलाव किया है कमलेश कुमार सीहोर जिले का ऐसा नाम है जिसने सीहोर की धरती पर जब बहुजन समाज पार्टी की चेतना की। लौ मंद पड़ती दिखाई दे रही थी, तब आवाज़ नहीं उठाई, बल्कि सोई हुई कौम की ये आत्मविश्वास को पुनः जागृत करने का संकल्प लिया।

जिन्होंने महापुरुषों के सम्मान को अपना स्वाभिमान माना, अन्याय और अपमान के विरुद्ध हर मोर्चे पर निर्भीक होकर संघर्ष किया, और निजी सुख-सुविधाओं तथा प्रतिष्ठित वन विभाग की नौकरी तक का त्याग कर बहुजन समाज पार्टी को सीहोर जिले में नई ऊर्जा, नई दिशा और नया जीवन देने का ऐतिहासिक कार्य किया। बहुजन समाज की आन, बान और स्वाभिमान के प्रतीक, संघर्ष, समर्पण और सामाजिक चेतना के जीवंत स्वरूप, एडवोकेट कमलेश कुमार को भोपाल जॉन प्रभारी बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर बधाई दी है जिसमें प्रमुख रूप से संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष बसपा,ने कहा की आपका यह दायित्व केवल एक पद नहीं, बल्कि बहुजन समाज के विश्वास, संघर्ष और भविष्य की आशाओं का प्रतीक है।

इसी प्रकार समाज के अधिकार, सम्मान और जागरूकता की लड़ाई को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाते रहें तथा आपका नेतृत्व बहुजन मिशन को और अधिक मजबूत, करेगा इस मौके पर बधाई संदेश देने वाले नर्सिंग भारती जिला महासचिव, धनराज सिंह थरेले, हरि ओम बौद्ध, देवकरण कुरल , राकेश मालवीय, लखन लाल, लक्ष्मी नारायण अहिरवार, बंटी जाटव, धीरब अहिरवार, मालवीय, रामस्वरूप भारतीय, धर्मेंद्र कचनारिया, नवीन भैरवे, वीरू जाटव, लखन, निर्मल,आदि पार्टी कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे एवं न्युक्ति पर पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व एवं पदाधिकारियों का आभार माना।

### खुर्दा रोड मंडल में ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित

**रतलाम।** पूर्व तटीय रेलवे खुर्दा रोड मंडल के में पुरी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म तथा स्टेशन यार्ड मे निर्माण कार्य हेतु प्रस्तावित ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रभावित ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है— 1. 19 एवं 26 मई 2026 को इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20917 इंदौर–पुरी एक्सप्रेस, मालतीपाटपुर रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा मालतीपाटपुर–पुरी के मध्य निरस्त रहेगी। 2. 21 एवं 28 मई 2026 को पुरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 20918 पुरी–इंदौर एक्सप्रेस, मालतीपाटपुर रेलवे स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा पुरी–मालतीपाटपुर के मध्य निरस्त रहेगी। 3. 21 एवं 28 मई 2026 को वलसाड से चलने वाली गाड़ी संख्या 22909 वलसाड–पुरी एक्सप्रेस, मालतीपाटपुर रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा मालतीपाटपुर–पुरी के मध्य निरस्त रहेगी।

## विधि महाविद्यालय में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर आयोजित



सत्ता सुधार ■ अशोक नगर

शासकीय विधि महाविद्यालय में जिला आपदा प्रबंधन द्वारा बुधवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर व कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को विभिन्न आपदाओं के संबंध बताया गया व डोमो दिखाया गया। कार्यक्रम के आयोजक राघवेन्द्र शर्मा कमांडेंट होमगार्ड के निर्देशन में एवं मुख्य अतिथि सोनम जैन संयुक्त कलेक्टर, मनीष शर्मा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (चन्देरी) की उपस्थिति थे। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्?जवलन कर किया। इस दौरान कमांडेंट होमगार्ड द्वारा विभिन्न आपदाओं, आपदा एवं निवारण के संबंध में रूप रेखा प्रस्तुत की गई। राहुल रघुवंशी द्वारा विभिन्न आपदाओं के निवारण पर डेमो द्वारा प्रस्तुत किया गया मुख्य वक्ता के रूप में संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन द्वारा आपदा प्रबंधन बचाव पर उद्बोदन दिया। मनीष शर्मा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (चन्देरी) ने सर्पदंश की आपदा में बचाव,विभिन्न प्रकार की आग व उनके रोकने तरीके, बाढ के समय प्रारंभिक स्तर पर किये जाने वाली कार्यवाही एवं बोरबेल की घटना में नई तकनीकी (छाता) के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। छात्र/छात्राओ के प्रश्न उत्तर के माध्यम से शंकाओ का सामाधान किया व अपने क्षेत्र में जन मानस को विभिन्न आपदा एवं निवारण के संबंध में बताया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बहादुर सिंह डाबर, कार्यक्रम समन्वक डॉ. अनिल सिंह तोमर, क्रीडा अधिकारी डॉ. खिज्र अहमद खान , ग्रंथपाल डॉ. जितेन्द्र सोनी एवं कार्यालय सहायक बलवीर सिंह जाटव उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित होकर प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त किया व अपने-अपने क्षेत्रों में आपदा एवं निवारण के संबंध में जागरूक करने की शपथ ली।

## डॉ.अम्बेडकर की प्रतिमा लगाये जाने पर नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर किया आभार व्यक्त

सत्ता सुधार ■ सीहोर

दलित नेता पूर्व पार्षद नरेन्द्रखंगराले के नेतृत्व में विगत दिवस सामाजिक संगठनों के साथ में आदालत रोड सीहोर के उपवन में डॉ.बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर नगर पालिका के लोकप्रिय अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर से मांग की गई थी। मांग अनुसार श्री राठौर द्वारा तत्काल डॉ.अम्बेडकर की मुर्ति स्थापित की गई। मुर्ति लगाये जाने पर दलित नेता नरेन्द्र खंगराले जाटव द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त कर डॉ.अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर जाकर प्रतिमा के समक्ष पूजन कर बाबा साहेब को नमन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पैशे से प्रतिष्ठित डॉ.अनीस खान, अनुसूचित जाति जन जाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक, प्रीतम दयाल चौरसिया प्रदेश महामंत्री म.प्र.पि.वर्ग कांग्रेस, कुतुबुद्दीन शेख प्रदेश अध्यक्ष दलित मुस्लिम महासंघ, श्रवण वास्तवार प्रतिष्ठित वकील, रामचरण दसलानिया अध्यक्ष, दयाराम गवाटिया सचिव श्री सूर्यवंशी समाजिक विकास समिति जिला सीहोर, सन्नी जाटव अध्यक्ष जिला सीहोर जाटव समाज कल्याण संगठन, तत्कालीन पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले, वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह, वरिष्ठ एडवोकेट विजय सक्सेना, अनुज श्रीवास्तव, शंकर खरे, संजय पटेल, मनीष राठौर, जांगड़ा समाज प्रतिनिधि राजकुमार चौधरी शासकीय ठैकेदार, शेलेन्द्र धनवारे, डी.पी.आर्य, धन्नालाल परचौले, पन्नालाल खंगराले, महेश राठौर, कमलकिशोर जाटव, घनश्याम जाटव, दीपक सोनकर, मदन मालवीय पूर्व प्राचार्य, डी.बी. बड़ोदिया, पूर्व सरपंच नन्दकिशोर मालवीय, राहुल कचनेरिया, टीटू कचनेरिया, नरेन्द्र बनवैया, नारायण सिंह परिहार, जयराम जाटव, बद्रीलाल दसवंत, विनीत बनवैया आदि लोग प्रमुख है।



**प्रतियोगिता** | मुस्कान पब्लिक स्कूल में 48वीं जूनियर बालक एवं बालिका राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता संपन्न

# हैंडबॉल प्रतियोगिता में चैंपियन बनी अशोकनगर की टीम

सत्ता सुधार ■ अशोक नगर

मुस्कान पब्लिक स्कूल में आयोजित 48वीं जूनियर बालक एवं बालिका राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन बुधवार को बड़े उत्साह एवं खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने की। इस दौरान भाजपा नेता मनोज शर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी ओ.पी.शर्मा,जिला खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी, मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव डॉ. एच. डी. रूप्पल, ऑब्जर्वर राजू सेंगर, अध्यक्ष नितिन राठौर, उपाध्यक्ष अशोक सेन, सचिव वसीम खान एवं कोषाध्यक्ष महेंद्र रघुवंशी भी विशेष



रूप से उपस्थिति थे। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमों ने भाग लिया। बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में अशोकनगर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।प्रतियोगिता में बालक वर्ग परिणाम प्रथम स्थान अशोकनगर,द्वितीय स्थान इंदौर, तृतीय स्थान भोपाल ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग परिणाम में प्रथम स्थान अशोकनगर,द्वितीय स्थान भोपाल, तृतीय स्थान दमोह ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील शर्मा,शंकर राठौर एवं प्रह्लाद श्रीवास्तव द्वारा किया गया। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों एवं टीमों को सम्मानित किया गया। तथा सभी खिलाड़ियों,प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों को सफल आयोजन हेतु बधाई दी गई।

## ब्रीफ न्यूज

### विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**हरदा।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविंद रघुवंशी के मार्गदर्शन में जेड प्लस एकेडमी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। टोल फ्री हेलपलाईन नंबर 15100 पर कॉल कर विधिक सहायता आसानी से प्राप्त कर सकते है। कानूनी मामलों में विविध सलाह एवं परामर्श विधिक परामर्श केन्द्र से पूर्णतः निःशुल्क है। शिविर में शिक्षकगण, छात्र छात्राएं एवं पैरालीगल वॉलेंटियर सुश्री रेखा विश्नोई, उपस्थित रहे।

### 14 को विद्युत उपभोक्ताओं के लिए संपर्क अभियान शिविर

**हरदा।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 मई को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संपर्क अभियान शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह शिविर ग्राम चारखेड़ा, हंडिया, सोनतलाई, खिरकिया वार्ड क्रमांक 03, मोरगढ़ी, मगरधा, नजरपुरा, सोहागपुर, अहलवाड़ा तथा हरदा शहर के वार्ड क्रमांक 03 में लगाए जाएंगे। शिविरों में उपभोक्ताओं की विद्युत बिल सुधार, मीटर एवं सर्विस केबल संबंधी समस्याएं, नए विद्युत कनेक्शन तथा अन्य तकनीकी सेवाओं से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।

### संयुक्त संचालक श्रीमती त्रिपाठी ने आंगनवाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण



**हरदा।** महिला एवं बाल विकास विभाग नर्मदापुरम की संभागीय संयुक्त संचालक श्रीमती तृप्ति त्रिपाठी ने विकासखण्ड खिरकिया अंतर्गत संचालित सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्र बारंगी, लोनी तथा खिरकिया शहरी क्षेत्र अंतर्गत राजीव वार्ड क्रमांक 10 एवं किराये के भवन में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्र शिवाजी वार्ड क्रमांक 8 का निरीक्षण किया।

### 15 से 25 मई तक मतदाता सूची में दर्ज करा सकेंगे दावे आपत्ति

**हरदा।** नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण वर्ष 2026 के अंतर्गत दावे-आपत्तियां दर्ज कराने की प्रक्रिया 15 मई से शुरू होगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 15 से 25 मई 2026 तक निर्धारित केंद्रों पर दावे-आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन कराने या किसी प्रविष्टि पर आपत्ति दर्ज कराने की सुविधा रहेगी। इस दौरान नए मतदाता जो 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, वे भी अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

### सभी सरकारी भवनों में भी मानदण्डों के अनुरूप रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाए जाएं

# जल गंगा संवर्द्धन अंतर्गत विभाग लक्ष्य पूर्ति करें: सीईओ जिला पंचायत



सत्ता सुधार ■ हरदा

जिले के अधिकारियों को जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत समय सीमा में निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन ने दिए है। आयोजित अधिकारियों की बैठक में उन्होने कहा कि जो विभाग तय लक्ष्य से पिछड़ रहे हैं, वह गंभीरता से कार्य करें एवं लक्ष्यानुरूप जल संरचनाओं का निर्माण कराएं। नगरीय निकायों को निर्देश दिये कि अधिक से अधिक मकानों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाए जाएं। सभी सरकारी भवनों में भी मानदण्डों के अनुरूप रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाए जाएं। शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग के भवनों में भी इस दिशा में कार्य हो। बैठक में जिन विभागों की वन विभाग से अनापत्ति लंबित है, उन विभागों से बिन्दुवार चर्चा की गई। सभी शासकीय संरचनाओं में पहुँच मार्ग की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## कबड्डी के गुर सिखा रहे राष्ट्रीय निर्णायक श्री अवस्थी



**हरदा।** जिला खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित आरोह ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में कबड्डी खेल का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कबड्डी के वरिष्ठ उत्कृष्ट खिलाड़ी एवं राष्ट्रीय निर्णायक अखिलेश अवस्थी द्वारा दिया जा रहा है। खेल समन्वयक सुश्री सलमा खान ने बताया कि श्री अवस्थी जल संसाधन विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं और कबड्डी के राष्ट्रीय स्तर के निर्णायक हैं। उनके मार्गदर्शन में मां राजरानी क्लब भी संचालित हो रहा है। श्री अवस्थी से प्रशिक्षण प्राप्त कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर हरदा का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनके कई शिष्य वर्तमान में पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग में नियुक्त होकर सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने स्वयं गुरु अवस्थी से ही कबड्डी के गुर सीखे हैं। उनके मार्गदर्शन में उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर खेला और आज खेल विभाग में सेवाएं दे रही हैं। खान ने कहा कि ग्रीष्मकालीन शिविर का उद्देश्य नई प्रतिभाओं को तराशना और उन्हें सही मंच देना है। आरोह शिविर में बड़ी संख्या में बालक-बालिकाएं कबड्डी के दांव-पेंच सीख रहे है।

# केंद्रीय राज्य मंत्री उइके द्वारा 12 सड़कों के 76.31 करोड़ रुपए स्वीकृत

### मोदी सरकार की ग्रामीण विकास को बड़ी सौगात

सत्ता सुधार ■ हरदा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार ग्रामीण भारत के विकास को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में बैतूल-हरदा संसदीय क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके के निरंतर प्रयासों एवं प्रभावी अनुशंसा के परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 15 महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों को स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन सड़कों के निर्माण पर लगभग 76.31 करोड़ रुपये की राशि व्यय की जायेगी तथा कुल 81.51 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण होगा। यह स्वीकृति केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जारी पत्र के माध्यम से प्रदान की गई है।






**हरदा जिले के वनांचल क्षेत्र की सडके:** स्वीकृत सड़कों में मुख्य रूप से हरदा जिले की बोरपानी से रातामाटी (टिमरनी जिला हरदा), राजाबरारी से मोहगांव टोला (टिमरनी जिला हरदा), गोहटी से पाटियाकुंवा (टिमरनी जिला हरदा), महुखाल से कायरी (टिमरनी जिला हरदा), लोढ़ीढाना-कचनार रोड से देबरबंदी (टिमरनी जिला हरदा), बड़झिरी लाखदेह चुनही रोड से बापचा (टिमरनी जिला हरदा), बोथी से महूखाल (टिमरनी जिला हरदा), बडझिरी से लाखादेह (टिमरनी जिला हरदा), बडझिरी लाखादेह से चूर्णी (टिमरनी जिला हरदा), रहटगांव बोरपानी से गांगराढाना (टिमरनी जिला हरदा), मगरधा बढ़झिरी से बंशीपुरा (टिमरनी जिला हरदा) तथा हरदा नर्मदापुरम रोड से पिपल्या कलॉ सड़कें शामिल है।



केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में भी क्षेत्र के विकास हेतु इसी प्रकार निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

# फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये इनाम किया घोषित

### सूचनाकर्ता चाहेगा तो नाम रखा जायेगा गोपनीय

#### ऐसे सूचनाकर्ता को आरोपी की गिरफ्तारी के लिये इनाम की राशि से पुरस्कृत किया जायेगा

सत्ता सुधार ■ हरदा

पुलिस अधीक्षक शशांक ने विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु इनाम घोषित किये है। उन्होने थाना कोतवाली की धारा 296ए, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस में फरार आरोपी मोहित पिता मोतीराम गोहे उम्र 18 साल निवासी बंजारी ढाल थाना आमला जिला बैतूल की तलाश एवं पतारसी हेतु 2 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

इसी प्रकार थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 214/2026 धारा 108, 351(2) बीएनएस 3(2)(व्ही) एससी/ एसटी एक्ट में फरार आरोपी योगेश उर्फ रिंकू गौर निवासी हरदा तथा थाना छीपाबड़ के अपराध धारा 5 जे (2), 5 एल/6 पास्को एक्ट 64(2) एम बी.एन.एस. में फरार आरोपी राजा पिता अनोखीलाल सांगुल्ले मांदला की तलाश एवं पतारसी के लिये 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इसके अलावा थाना छीपाबड़ के अपराध धारा 294, 327, 506 भादवि में फरार आरोपी अमन पिता राकेश कौशल निवासी वार्ड क्रमांक 6 खिरकिया, महिला थाना हरदा के अपराध धारा 64(2) एम, 65(1), 351(2) बीएनएस, 3/4, 5 एल/6 पास्को एक्ट में फरार आरोपी आशुतोष पिता पुरूषोत्तम पारे निवासी होलीफेथ स्कूल के पास हरदा तथा थाना कोतवाली के अपराध धारा 137(2) बीएनएस में फरार संदेही आरोपी राकेश उर्फ टोल पिता संतोष आटनेरे निवासी गोरंजघाट थाना शिवपुर जिला नर्मदापुरम की तलाश एवं पतारसी हेतु 3-3 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। जारी उद्घोषणा में कहा गया है कि जो व्यक्ति इन आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या करवाएगा या ऐसी सूचना देगा, जिसके आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सके, ऐसे सूचनाकर्ता को आरोपी की गिरफ्तारी के लिये इनाम की राशि से पुरस्कृत किया जायेगा। यदि सूचनाकर्ता चाहेगा तो उनका नाम गोपनीय रखा जाएगा। पुरस्कार वितरण के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक शशांक जिला हरदा का मान्य होगा।

## आईटीआई में रोजगार मेला युवा संगम 14 मई को लगेगा

**हरदा।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय आईटीआई में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह मेला 14 मई को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती की जायेगी।

इस रोजगार मेले में 5 वी, 8वी, 10वी, 12वी, आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक व स्नातकोत्तर उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष तक की आयु के युवा भाग ले सकते है। इच्छुक आवेदक अधिक जानकारी के लिये शासकीय आईटीआई में उपस्थित होकर या मोबाईल क्रमांक 9926534319 पर संपर्क कर सकते हैं।

**पैनल गठन के लिये आवेदन आमंत्रित:** इच्छुक आवेदक 25 मई तक अपने आवेदन जिला रोजगार कार्यालय में जमा कर सकते है। स्नातकोत्तर डिग्री या पी.जी. डिप्लोमा होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिये 9424056828 से सम्पर्क कर सकते है।

# ग्राम मिनावा माल में ग्रामीणों ने तालाब गहरीकरण के लिए किया श्रमदान



सत्ता सुधार ■ खण्डवा

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में कराए जा रहे हैं। उन्होंने जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं को गांव गांव में जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार एवं गहरीकरण के लिए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में किल्लौद विकासखण्ड के गड़बड़ी माल सेक्टर के ग्राम मिनावा माल में जन अभियान परिषद की सेक्टर स्तरीय बैठक के बाद ब्लॉक समन्वयक श्री मोहन जाट की उपस्थिति में ग्रामीणों ने मिनावामाल के तालाब पर श्रमदान के माध्यम से गहरीकरण का कार्य किया। इस श्रमदान कार्यक्रम में नवांकुर संस्था आदर्श शिक्षा समिति किल्लौद से शंकर सिंह राजपूत, नवांकुर संस्था संत सेवालाल एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी कुक्सी रैयत से दादूराम चौहान, देवीलाल मालवीय मेंटर, समितियों से सुरेंद्र राजपूत, मुकेश मालवीय तथा सीएम सीएलडीपी पाठ्यक्रम के छात्रों ने सहभागिता की।

### मनोवैज्ञानिक एवं विषय विशेषज्ञों के पैनल गठन के लिये आवेदन आमंत्रित

**हरदा।** जिला रोजगार कार्यालय हरदा में कैरियर काउंसिलिंग योजना अंतर्गत मनोवैज्ञानिक एवं विषय विशेषज्ञों के पैनल के गठन के लिये आवेदन आमंत्रित किये गये है। जिला रोजगार अधिकारी श्री लक्ष्मणसिंह सिलोटे ने बताया कि इच्छुक आवेदक 25 मई 2026 तक अपने आवेदन जिला रोजगार कार्यालय हरदा में जमा कर सकते है। मनोवैज्ञानिक के लिये शैक्षणिक योग्यता मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री या पी.जी. डिप्लोमा होना अनिवार्य है। इसी प्रकार विषय विशेषज्ञों के लिये संबंधित विषय में विशेषज्ञता एवं मार्गदर्शन के क्षेत्र में अनुभव होना चाहिए। इच्छुक आवेदक अधिक जानकारी के लिये मोबाइल नम्बर 9424056828 से सम्पर्क कर सकते है। आवेदन कार्यालय के ईमेल आईडी deoharda@gmail.com पर मेल किया जा सकता है।

# समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन व्यवस्था का सतत् निरीक्षण कर रहे हैं अधिकारी

### रामानंद एवं आगवान वेयरहाउस का निरीक्षण कर वहां उपार्जन व्यवस्था देखी

सत्ता सुधार ■ हरदा

समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन व्यवस्था में किसानों को कोई परेशानी न हो इस बात के दृष्टिगत जिले के अधिकारी सतत उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी खिरकिया प्रशांत सिंह ने रामानंद एवं आगवान वेयरहाउस का निरीक्षण कर वहां उपार्जन व्यवस्था देखी।



**एसडीएम श्री डेहरिया द्वारा सुल्तानपुर वेयरहाउस की जांच:** एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया ने सुल्तानपुर वेयरहाउस व सेवा सहकारी समिति जूनापानी का निरीक्षण किया। सुल्तानपुर वेयरहाउस में हेण्डपम्प खराब हो जाने पर तत्काल यहां पेयजल व्यवस्था ठीक करने के निर्देश दिये। तहसीलदार हंडिया वीरेन्द्र उइके ने पार्वती वेयरहाउस अबगांव एवं श्रीराम वेयरहाउस भुवनखेड़ी का निरीक्षण कर यहां तुलाई, बारदाना एवं किसानों के लिये छायापानी की व्यवस्था देखी, तहसीलदार खिरकिया श्रीमती लवीना घाघरे ने शिवशक्ति वेयरहाउस धनवाड़ा में तौलकांटा एवं भण्डारण व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसी तरह नायब तहसीलदार हंडिया के.पी. यादव ने वेयरहाउस खेड़ा एवं सेवा सहकारी समिति सोनतलाई, मांगरूल व खेड़ा का निरीक्षण कर वहां तुलाई एवं हम्माल व्यवस्था व गेहूँ भण्डारण की स्थिति का निरीक्षण किया।

### अपराधों की पीड़िताओं सर्वाईवर्स महिलाओं के लिए प्रतिकर योजना 2018, की जानकारी दी

# जेड प्लस एकेडमी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

सत्ता सुधार ■ हरदा



म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अरविंद रघुवंशी के मार्गदर्शन में बुधवार को जेड प्लस एकेडमी, हरदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव चंद्रशेखर राठौर ने छात्र छात्राओं को नालसा व सालसा की चल रही विभिन्न विधिक सहायता योजनाओं बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024, मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015, नालसा लैंगिक हमलों व अन्य अपराधों की पीड़िताओं सर्वाईवर्स महिलाओं के लिए प्रतिकर योजना 2018, की जानकारी दी। साथ ही उन्होने विभिन्न अधिनियम लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम पॉक्सो एक्ट-2012, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989 के बारे उपस्थित छात्र छात्राओं को अवगत कराया एवं नालसा डॉन योजना, 2025 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों को मादक पदार्थो का सेवन नहीं करना चाहिए एवं नशे की लत से दूर रहना चाहिए। साथ ही बच्चों को पढ़ाई के प्रति अभिप्रेरित करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सौरभ कुमार दुबे ने शिविर में उपस्थित छात्र छात्राओं को बताया कि विधिक साक्षरता शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों के बारे में लोगों को शिक्षित करना, बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और बाल यौन शोषण बाल विवाह, बाल श्रम आदि के बारे में लोगों को जागरूक करना है।

उन्होने बताया कि आमजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा या अन्य विधिक सेवा संस्थान में उपस्थित होकर, पत्र के माध्यम से अथवा नालसा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर या नालसा टोल फ्री हेलपलाईन नंबर 15100 पर कॉल कर विधिक सहायता आसानी से प्राप्त कर सकते है। कानूनी मामलों में विविध सलाह एवं परामर्श विधिक परामर्श केन्द्र से पूर्णतः निःशुल्क है। शिविर में शिक्षकगण, छात्र छात्राएं एवं पैरालीगल वॉलेंटियर सुश्री रेखा विश्नोई, उपस्थित रहे।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जुगतावत ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की



**खण्डवा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बुधवार को सीएमएचओ कक्ष में शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में डॉ. जुगतावत ने कहा कि गर्भवती महिलाओं का समय पर जांच व उपचार किया जाना सुनिश्चित करें। हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का नियमित रुप से फॉलोअप करें। उन्होंने हेंडकाउंट सर्वे कर छूटे हुए बच्चों की सूची बनाकर शत प्रतिशत टीकाकरण करने के निर्देश दिए। डॉ. जुगतावत ने संजीवनी क्लिनिक गणेश तलाई का आगामी माह में होने वाले असेसमेंट की तैयारी करने के लिए चिकित्सक व स्टाफ को निर्देश दिए। इस दौरान नोडल अधिकारी शहरी क्षेत्र डॉ. रश्मि कौशल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार और जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री शैलेन्द्र सिंह सोलंकी भी उपस्थित थे।

# प्रतिभाओं को सही मंच और विश्वास मिले तो छोटे शहरों के खिलाड़ी भी बड़ी पहचान बना सकते हैं : रिशांक तिवारी

## सनातन फुटबॉल क्लब को दी स्पोर्ट्स जर्सी स्पॉन्सरशिप, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

सत्ता सुधार ■ सागर

युवाओं और खेल प्रतिभाओं को लगातार प्रोत्साहित कर रहे संकल्प फाउंडेशन ने मंगलवार को एक सकारात्मक पहल करते हुए गोवा ओपन नेशनल टूर्नामेंट में भाग लेने जा रहे सनातन फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स जर्सी स्पॉन्सरशिप प्रदान की। खेल परिसर मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट रिशांक तिवारी ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें नई टीम जर्सी वितरित की तथा उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के दौरान रिशांक तिवारी ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय प्राप्त किया और मैदान में उनके अभ्यास, अनुशासन एवं खेल भावना की सराहना की। इस अवसर पर



उन्होंने कहा कि मैदान पर बहाया गया पसीना ही खिलाड़ी की असली पहचान होता है। खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास, संघर्ष और टीम भावना जैसी महत्वपूर्ण सीख भी देते हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी साबित होती हैं।

उन्होंने कहा कि आज के युवा खेल को केवल शौक नहीं, बल्कि एक मजबूत करियर विकल्प के रूप में देख रहे हैं। देश के कई खिलाड़ी छोटे शहरों और साधारण परिवारों से निकलकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। ऐसे में आवश्यक है कि स्थानीय स्तर पर खिलाड़ियों को बेहतर माहौल, संसाधन और निरंतर प्रोत्साहन मिलता रहे।

रिशांक तिवारी ने जिला फुटबॉल संघ (DFA) की सराहना करते हुए कहा कि संस्था खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि जिस प्रकार [illegible] युवाओं को खेलों से जोड़ने और उनकी प्रतिभा को निखारने का कार्य कर रहा है, उससे आने वाले समय में सागर को नई खेल पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि संकल्प फाउंडेशन का उद्देश्य शहर की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक मंच उपलब्ध कराना है।

संस्था शिक्षा, युवा जागरूकता, सामाजिक सेवा और खेल गतिविधियों के माध्यम से लगातार युवाओं के साथ जुड़कर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जब किसी खिलाड़ी को समाज और संस्थाओं का सहयोग मिलता है, तो उसका आत्मविश्वास कई गुना बढ़ जाता है और वही विश्वास उसे बड़े मंच तक पहुंचाने का कार्य करता है। रिशांक तिवारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन मैदान में पूरी मेहनत, ईमानदारी और जुनून के साथ उतरना ही सबसे बड़ी उपलब्धि है।

# 'आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचैपाल' शिविर में समस्याओं का त्वरित समाधान

## पंतनगर एवं काकागंज वार्ड में आयोजित 16वें शिविर में नागरिकों को मिला योजनाओं का लाभ

सत्ता सुधार ■ सागर

नगर निगम द्वारा संचालित आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचैपाल शिविर का 16वां आयोजन पंतनगर एवं काकागंज वार्ड में महापौर संगीता सुशील तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने भाग लेकर अपनी समस्याएँ प्रस्तुत कीं, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र नागरिकों को लाभान्वित करने की कार्रवाई भी की गई। महापौर श्रीमती तिवारी ने कहा कि नगर निगम द्वारा पहली बार इस प्रकार के



शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का समाधान सीधे उनके वार्डों में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे लोगों को नगर निगम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं और समय की भी बचत हो रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनके ही वार्ड में करने की पहल के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। प्रदेश भाजपा पैनलिस्ट एवं संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष रिशांक तिवारी ने कहा कि शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है तथा प्राप्त आवेदनों की नियमित समीक्षा की जा रही है।वार्ड पार्षद भरत अहिरवार ने जनचैपाल शिविर आयोजित करने पर महापौर का आभार व्यक्त करते हुए पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।



# इलेक्ट्रिक वाहनों से निगमायुक्त ने किया स्वच्छता निरीक्षण

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों की समीक्षा, सागर को नंबर-1 बनाने पर जोर

**सागर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों के तहत शहर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण इलेक्ट्रिक वाहनों से किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त स्वयं इलेक्ट्रिक स्कूटर चलाकर पहुंचे, जबकि निगम के इंजीनियर, जोन प्रभारी, दरोगा एवं सफाईमित्र ई-रिक्शा के माध्यम से निरीक्षण में शामिल हुए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लक्ष्मीपुरा, पुरव्याऊ वार्ड, काकागंज वार्ड एवं पंतनगर वार्ड का दौरा करते हुए महलवार देवी मंदिर के पास बने मॉर्डन जन सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने शौचालयों में उपलब्ध सुविधाओं, साफ-सफाई और जल आपूर्ति की स्थिति का जायजा लेते हुए सभी सार्वजनिक शौचालयों को नागरिक उपयोग के अनुरूप व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए।निगमायुक्त श्री खत्री ने संजय ड्राइव रोड स्थित छोटी झील किनारे निर्माणाधीन घाट का निरीक्षण करते हुए कहा कि यह परियोजना शहर के बड़े ब्लैक स्पॉट को समाप्त कर क्षेत्र को नई पहचान देगी। उन्होंने कहा कि कबाड़ से जुगाड़ के तहत निर्मित कलाकृतियाँ नागरिकों को प्रेरित कर रही हैं तथा 3आर सेंटरों में नागरिक बड़ी संख्या में अनुपयोगी वस्तुएँ दान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुराने लोहे के पाइप, टीन, वाहन स्पेयर पार्ट्स एवं अन्य कबाड़ सामग्री से आकर्षक कलाकृतियाँ बनाई जा रही हैं। घाट परिसर में स्थापित विशाल गदा इसकी प्रमुख उदाहरण है। उन्होंने निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर निगम अमले की समीक्षा बैठक ली।

## ब्रीफ न्यूज

### लुहर्रा, निर्तला, धांगर, मुहली जाने वाले शासकीय रास्ते पर अतिक्रमण, एसडीएम से शिकायत

**खुरई (सागर)।** शहर से सटे लुहर्रा गांव से लेकर, निर्तला, धांगर, मुहली बुजुर्ग, मुहली खुर्द को जाने वाले रास्ते पर अतिक्रमण करने से किसानों को आने जाने में समस्याएं आ रही है। उन्होंने एसडीएम के नाम आवेदन देकर रास्ता खुलवाने की मांग की है। मिली जानकारी अनुसार निर्तला, धांगर मुहली खुर्द को जाने वाला शासकीय रास्ता है। वहां अवैध अतिक्रमण के चलते किसानों को कृषि कार्य करने में परेशानी आ रही है। अनेक बार कहने के बाद भी पटवारी सीमांकन करने नहीं जाते। लगभग 15 जून के बाद सीमांकन कार्य नहीं होता है। किसान विक्रम सिंह ने बताया कि शासकीय रास्ते का विधिवत सीमांकन करा कर निर्माण कराया जाए , जिससे इस रास्ते से जाने वाले किसानों किसानों में विवाद की स्थिति नहीं बने।

### महमूदपुरा टपरा के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**खुरई (सागर)।** ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले महमूदपुरा टपरा के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है, पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार महमूदपुरा टपरा क्षेत्र में खेत किनारे, रास्ते पर एक करीब 60 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान नहीं हुई है। पुलिस ने कार्यवाही कर शव को सुरक्षित मर्चुरी में रखवा दिया है। फ़िलहाल मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

### लावारिस मिले 75 हजार रुपयों से भरा थैला लौटाकर रामकुमार ने पेश की इंसानियत की मिसाल



**खुरई (सागर)।** नगर के सागर नाका चौराहे के पास इंसानियत को गौरवान्वित करने वाला एक मामला सामने आया है। यहाँ एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुराया गया रुपयों से भरा थैला लावारिस हालत में पड़ा मिला। सागर नाका स्थित ट्रैक्टर शोरूम कर्मचारी रामकुमार यादव को यह थैला प्राप्त हुआ। जब रामकुमार ने थैले की जाँच की, तो उसमें 75,700 रुपए नगद और कुछ एलईडी बल्ब रखे हुए थे। ईमानदारी का परिचय देते हुए रामकुमार ने बल्ब के रैपर पर लिखी जानकारी के आधार पर संबंधित इलेक्ट्रॉनिक दुकान से संपर्क किया। कड़ी मशक्कत के बाद पता चला कि यह थैला बनहट निवासी राहुल कुशवाहा पिता गोविंद कुशवाहा का है।अगले दिन सूचना मिलने पर पीड़ित राहुल ट्रैक्टर शोरूम पहुँचे। रामकुमार ने पूरी राशि सुरक्षित रूप से राहुल को सौंप दी। अपने रुपए पाकर राहुल भावुक हो गए और उन्होंने रामकुमार की इस ईमानदारी के लिए उनका सहृदय धन्यवाद व्यक्त किया। स्थानीय नागरिकों ने भी रामकुमार के इस सराहनीय कार्य की जमकर प्रशंसा की है।



### गौचर भूमि अतिक्रमण मुक्त व गो माता की रक्षा सुरक्षा को लेकर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

**खुरई (सागर)।** गौचर भूमि अतिक्रमण मुक्त, गो माता की रक्षा सुरक्षा को लेकर हिंदू संगठन के लोगों ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा हैं। ज्ञापन में उल्लेख है कि गाय माता के साथ न्याय नहीं हो रहा है, उनकी गोचर भूमि पर चारों तरफ अवैध अतिक्रमण है। मुख्य गो अभ्यारण देवल 3614 एकड़ भूमि आरक्षित हे एवं सभी जगह गांव गांव की जानकारी दी। इस संबंध में तहसील बीना, खुरई,माल्थोन, बंडा , न्यायावली, राहतगढ़, सहित जिला कलेक्टर ऑफिस सागर में सैकड़ों आवेदन दिए गए समस्त अनु विभागीय अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण मुक्त करने की बात बोली गई और लिखित आश्वासन भी दिया गया। फ लेकिन आज दिनांक तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई जबकि प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री महोदय की घोषणा क्रमांक ह ष्0003 मैं साफ-साफ उल्लेख है की संपूर्ण मध्य प्रदेश में गौशालाओं की भूमि शासकीय शासकीय एवं गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाया जाए सब शून्य स्थिति हे दो साल में कई अधिकारियों के ट्रांसफर होने के बाद भी कार्य नहीं हुआ केवल आश्वासन और दिखावा कुछ गरीबों की जमीनों से अतिक्रमण हटाने का दिखावा किया गया बड़े-बड़े दबंगो ने गाय माता की जमीनों पर कब्जा कर रखा है । मांग की है कि वर्तमान में खेत खाली है कोई सीमांकन करने में समस्या नहीं है बेदखली के आदेश कर कब्जा मुक्त कराया जाए। 157 आवेदन ज्ञापन दे दिए हैं, अब अगर कार्यवाही नहीं हुई तो हम आंदोलन करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी ।

# विधायक बृज बिहारी पटेरिया पहुंचे बेटी के विवाह समारोह में विधायक की जीत के लिए बेटी ने रखा था उपवास, भावुक हुए क्षेत्रवासी

सत्ता सुधार ■ देवरी (सागर)

देवरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम डोभी निवासी उदराम चौकसे की पुत्री के विवाह समारोह में देवरी विधायक बृज बिहारी पटेरिया शामिल हुए। विवाह समारोह में विधायक की उपस्थिति को लेकर क्षेत्र में विशेष चर्चा रही, क्योंकि जिस बेटी का विवाह था उसने विधानसभा चुनाव के दौरान पंडित बृज बिहारी पटेरिया की जीत के लिए उपवास रखा था।



इस भावनात्मक प्रसंग की जानकारी ग्राम पंचायत के सरपंच कपिल बड़गैया द्वारा विधायक को दी गई, जिसके बाद विधायक स्वयं विवाह कार्यक्रम में पहुंचकर नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया तथा परिवारजनों से आत्मीय मुलाकात की। विधायक के आगमन पर विवाह समारोह में उपस्थित लोगों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक बृज बिहारी पटेरिया ने क्षेत्रवासियों से चर्चा करते हुए कहा कि देवरी विधानसभा उनका परिवार है और क्षेत्र की बेटियों के विवाह जैसे पारिवारिक आयोजनों में शामिल होना उनके लिए हर्ष और सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि वे सदैव प्रयास करते हैं कि क्षेत्र की बेटियों के विवाह समारोह में उपस्थित रहें, और यदि किसी कारणवश पहुंच नहीं पाते तो फोन पर संपर्क कर परिवार से बात करते हैं तथा हर संभव सहयोग का भरोसा देते हैं। विवाह समारोह में विधायक की सादगी और आत्मीयता ने लोगों का मन जीत लिया। ग्रामीणों ने कहा कि जनप्रतिनिधि का इस प्रकार पारिवारिक आयोजनों में शामिल होना क्षेत्रवासियों के साथ उनके गहरे जुड़ाव को दर्शाता है।

# सेवा हॉस्पिटल मामले की जांच पर शिवसेना ने उठाए सवाल

## एम्स के वरिष्ठ चिकित्सकों की विशेष मेडिकल टीम गठित करने और अस्पताल का लाइसेंस निरस्त करने की मांग

सत्ता सुधार ■ सागर

मकरोनिया स्थित सेवा हॉस्पिटल में कथित चिकित्सकीय लापरवाही के चलते गर्भवती महिला की मौत के मामले में चल रही जांच पर शिवसेना ने गंभीर सवाल उठाए हैं। संगठन ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए एम्स के वरिष्ठ चिकित्सकों की विशेष मेडिकल टीम गठित करने की मांग को लेकर सागर संभाग क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाएं सहायक संचालक को ज्ञापन सौंपा। शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा कि मृतक महिला स्वयं स्वस्थ अवस्था में मोटरसाइकिल से अस्पताल पहुंची थी, लेकिन अस्पताल में भर्ती होने के बाद उसकी मौत हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल



प्रबंधन द्वारा 'सुपारी फंसने' जैसी कहानी गढ़ी जा रही है, जबकि महिला गर्भावस्था संबंधी उपचार के लिए अस्पताल पहुंची थी।

उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि महिला की स्थिति गंभीर थी तो उसे समय रहते रेफर क्यों नहीं किया गया। शिवसेना का आरोप है कि सेवा हॉस्पिटल में उपचार के दौरान इस प्रकार की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं और लोगों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शिवसेना नेताओं ने सीएमएचओ स्तर पर हो रही जांच की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिन्ह लगाते हुए आरोप लगाया कि मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। संगठन ने मांग की है कि सेवा हॉस्पिटल का लाइसेंस तत्काल निरस्त किया जाए तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए एम्स के वरिष्ठ चिकित्सकों की विशेष मेडिकल टीम गठित कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए।

शिवसेना ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो निजी अस्पतालों की मनमानी और बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ संगठन सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगा।ज्ञापन सौंपने वालों में पंकज दुबे, अमन ठाकुर, आदि जैन, सुमित भार्गव, दीपक लोधी, रवि राज, सुमित अहीरवार, हरि पटेल, अनिकेत तिवारी एवं सचिन जैन उपस्थित रहे।

### दुर्ग सिंह ठाकुर की संघर्ष की कहानी बनी युवाओं के लिए प्रेरणा

# दादा का सपना, बेटे की मेहनत और परिवार का भरोसा... आखिरकार बना यूपी पुलिस में इंस्पेक्टर

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

कहते हैं कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती और लगातार कोशिश करने वालों की हार भी एक दिन जीत में बदल जाती है। ऐसा ही कर दिखाया बीना के गोदना गांव निवासी 26 वर्षीय दुर्ग सिंह ठाकुर ने, जिन्होंने कई असफलताओं, आर्थिक और मानसिक संघर्षों के बावजूद हार नहीं मानी और आखिरकार यूपी पुलिस में एसआई (सब इंस्पेक्टर) बनकर अपने दादा का सपना पूरा कर दिया। उनकी सफलता आज पूरे गांव के लिए गर्व का विषय बन गई है, क्योंकि गांव में पहली बार किसी युवक को सरकारी नौकरी मिली है।

### डॉक्टर बनाना चाहते थे घर वाले, दादा का सपना था नाती पुलिस की वर्दी पहने

दुर्ग सिंह ठाकुर का बचपन से ही सपना पुलिस विभाग में जाने का था। हालांकि परिवार चाहता था कि वह डॉक्टर बने, लेकिन मेरे दादा का सपना था मेरा नाती पुलिस की वर्दी पहने और देश सेवा करें, उनके बड़े भाई रेलवे में कार्यरत हैं, जिनसे भी उन्हें प्रेरणा मिली। दुर्ग सिंह ठाकुर ने प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय गोदना से प्राप्त की। इसके बाद बीना के सरस्वती शिशु मंदिर से 10वीं तक पढ़ाई की और 12वीं की शिक्षा भोपाल से पूरी की। ग्रेजुएशन के दौरान ही उन्होंने तय कर लिया था कि उन्हें पुलिस सेवा में जाना है।

### कोरोना काल में घर से की तैयारी, रोज 10 से 12 घंटे पढ़ाई

दुर्ग सिंह ने बताया कि लॉकडाउन से पहले उन्होंने कोचिंग शुरू की थी, लेकिन कोरोना संक्रमण के कारण सब कुछ प्रभावित हो गया। इसके बाद



उन्होंने घर से ही तैयारी जारी रखी। रोजाना 10 से 12 घंटे पढ़ाई करते, साथ ही टाइपिंग और फिजिकल तैयारी पर भी ध्यान दिया। उन्होंने कई प्रतियोगी परीक्षाएं दीं। एमपी पुलिस आरक्षक भर्ती में तीन बार फिजिकल तक पहुंचे, लेकिन अंतिम चयन नहीं हो सका। रेलवे की परीक्षाएं भी दीं। इसके अलावा एमपी पुलिस एसआई की परीक्षा भी दी है, जिसका परिणाम अभी आना बाकी है।

### एक नंबर से चूके, फिजिकल में हुए फेल... फिर भी नहीं मानी हार

दुर्ग सिंह ने वर्ष 2022 में पहली बार यूपी एसआई परीक्षा दी थी। लिखित परीक्षा में सफल रहे, लेकिन मात्र एक नंबर से पीछे रह गए। इसके बाद फिर प्रयास किया और लिखित परीक्षा निकाल ली, लेकिन फिजिकल टेस्ट में असफल हो गए। इस असफलता ने उन्हें अंदर से तोड़ दिया था। उन्होंने बताया कि उस समय वह काफी निराश हो गए थे, लेकिन परिवार और करीबियों ने उनका हौसला बढ़ाया। खासकर उनके परिजनों और भूपेंद्र चौहान का सहयोग उन्हें लगातार मिलता रहा। इसी समर्थन ने उन्हें दोबारा खड़े होने की ताकत दी।

### 2025 में मिला संघर्ष का फल, अब बनेंगे इंस्पेक्टर

लगातार मेहनत के बाद दुर्ग सिंह ने नवंबर 2025 में फिर यूपी एसआई परीक्षा दी। 26 मार्च को परिणाम आया, जिसमें उन्होंने सफलता हासिल की। इसके बाद फिजिकल और 4 मई को मेडिकल सत्यापन भी सफलतापूर्वक पूरा हो गया। अब उनका चयन यूपी पुलिस में एसआई पद पर हो चुका है।दुर्ग सिंह बताते हैं कि उनके दादाजी का सपना था कि उनका नाती पुलिसकर्मी बने। भले ही वह इस संसार में नहीं हैं लेकिन उनके सपने मैने पूरा किया है।दुर्ग सिंह का कहना है कि मेहनत करने वालों को सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि परीक्षा की तैयारी के दौरान सोशल मीडिया से दूरी बनाना बेहद जरूरी है। पांच घंटे की पढ़ाई के बाद आधा घंटा मोबाइल देख सकते हैं, लेकिन परीक्षा नजदीक आते ही सोशल मीडिया पूरी तरह बंद कर देना चाहिए। उन्होंने बताया कि बड़े शहरों में जाकर तैयारी करने की अपेक्षा घर में रहकर भी तैयारी अच्छे से की जा सकती है क्योंकि घर पर सभी सुविधाएं उपलब्ध होती है। समय पर खाना मिलता है और वहां पर पढ़ाई भी अच्छी तरीके से होती है। अब दुर्ग सिंह आगे एमपी पीएससी की तैयारी भी कर रहे हैं। उनका सपना है कि नाम के आगे सिर्फ 'इंस्पेक्टर' ही नहीं, बल्कि और बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़े।

## ब्रीफ न्यूज

### ग्राम कमथरी में स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित

**मुरैना।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर क्रिस्प संस्थान के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग द्वारा विकासखंड अंबाह के कमतरी में स्क्रीनिंग जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बीपी, सुगर सहित विभिन्न प्रकार की जांच की गई। यह शिविर आजीविका मिशन जनपद अम्बाह की टीम की सहभगिता से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

### सलोनी सोल्वेंट फैक्ट्री में बॉयलर फटने से बड़ा हादसा, मजदूर गंभीर रूप से झुलसा

**मुरैना।** नूराबाद थाना क्षेत्र स्थित सलोनी सोल्वेंट फैक्ट्री में बॉयलर फटने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में फैक्ट्री में कार्यरत मजदूर दीपेन्द्र सविता गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि धमाका इतना तेज था कि आसपास काम कर रहे मजदूर भी घबरा गए। घटना के बाद फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा घायल मजदूर को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन मामले को लेकर परिजनों में भारी नाराजगी देखने को मिली। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में इलाज और व्यवस्थाओं को लेकर लापरवाही बरती गई, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई। सूचना मिलने पर मुरैना विधायक के भाई संजय अस्पताल पहुंचे और घायल मजदूर के परिजनों से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों से भी चर्चा की। जानकारी के अनुसार दीपेन्द्र सविता की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे बेहतर उपचार के लिए दिल्ली रेफर कर दिया। फिलहाल उसका इलाज दिल्ली में जारी है। बताया जा रहा है कि यह हादसा बीते दिन हुआ था, हालांकि मामले की जानकारी धीरे-धीरे सामने आई।

# तेज आंधी और तूफान ने मचाई तबाही

## पीपरखेड़ा गांव में टीन के पल्लर उड़े और शनि मंदिर परिसर में लगे टेंटों का हुआ नुकसान

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले में तेज आंधी और तूफान ने ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन को प्रभावित कर दिया। जिले के पीपरखेड़ा गांव में तेज हवाओं के चलते एक मकान की टीन की छत के पल्लड़ उड़ गए। यह पूरा मंजर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया और वीडियो भी वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि जिस मकान से टीन के पल्लड़ उड़ने की घटना सामने आई है, वह मकान रामलखन नामक व्यक्ति का है। हादसे में रामलखन घायल भी हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए पहुंचाया गया।

वहीं दूसरी ओर शनिचरी अमावस्या को लेकर शनि मंदिर परिसर में प्रशासन द्वारा



तैयारियां की जा रही थीं, लेकिन तेज आंधी और तूफान के चलते मंदिर परिसर के आसपास लगाए गए टेंट भी फट गए और काफी नुकसान हुआ। इसके अलावा जिले भर में कई घंटों तक बिजली गुल रही जिससे भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी उठानी पड़ी, वहीं शहर एवं जिले की अन्य तहसीलों में भी आंधी के कारण लोगों को नुकसान हुआ और तमाम स्थानों पर पेड़ भी टूट गए।

मंदिर के पुजारी ने बुधवार सुबह करीब 11 बजे जानकारी देते हुए बताया कि बीती शाम आई तेज आंधी के कारण मंदिर परिसर में लगाए गए कई टेंट क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे आयोजन व्यवस्थाओं को भी नुकसान पहुंचा है। फिलहाल प्रशासन और मंदिर समिति व्यवस्थाओं को दोबारा दुरुस्त करने में जुटी हुई है। ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। ग्रामीण क्षेत्रों में अचानक बदले मौसम और तेज हवाओं से लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। प्रशासन द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# कोचिंग पढ़ने जा रहे छात्र पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के दिमनी थाना क्षेत्र के सिरमिती निवासी 19 वर्षीय छात्र गौरव पुत्र रामसेवक श्रीवास पर मिल एरिया रोड पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि गौरव कोचिंग पढ़ने के लिए जा रहा था, तभी आरोपी करन छारी वहां गाली-गलौज करते हुए रौब दिखा रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब गौरव ने आरोपी को गाली-गलौज करने से मना किया तो आरोपी करन छारी भड़क गया और उसने चाकू निकालकर गौरव पर हमला कर दिया। हमले में छात्र घायल हो गया, जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। घटना की



सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा आरोपी की तलाश की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# ग्राम बिलगांव जौरा में श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के ग्राम बिलगांव जौरा में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के छठवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा स्थल पर भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए।

कथावाचक पंडित शत्रुघ्न वालोठिया ने अपने मुखारविंद से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का सुंदर वर्णन करते हुए बताया कि तीनों लोकों के पालनहार श्रीकृष्ण ने अधर्मी कंस का वध कर मथुरा को पुनः धर्म नगरी बनाया। यह साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा परीक्षित महोदय श्रीमती धनवंती एवं बाबूलाल प्रजापति जी ठठवरिया परिवार की ओर से आयोजित की जा रही है। अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ मुरैना की टीम द्वारा परीक्षित परिवार एवं कथावाचक पंडित शत्रुघ्न वालोठिया का मुकुट और फूलमालाओं से भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर रोशनलाल प्रजापति, परिमाल प्रजापति, अध्यक्ष दिनेश प्रजापति, युवा अध्यक्ष बारेलाल प्रजापति, मीडिया प्रभारी जशरथ प्रजापति, उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण प्रजापति सहित अनेक गणमान्य बंधु उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कथा आयोजन का भव्य स्वागत और सम्मान किया।



# दुर्गापुरी कॉलोनी में मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मुरैना।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दुर्गापुरी कॉलोनी के कपूरा भट्ठा इलाके में रहने वाले एक मजदूर ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह घटना का पता चलते ही परिवार में कोहराम मच गया और इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय मोहन पुत्र रामसिंह प्रजापति ईट भट्टे पर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। बुधवार सुबह जब परिजन उन्हें जगाने के लिए कमरे में पहुंचे तो अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। मोहन फंदे पर लटके मिले, जिसके बाद परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के शवगृह भिजवाया। कानूनी कार्रवाई पूरी होने के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों के अनुसार मृतक के परिवार में दो बेटे और एक बेटी है। बेटी की शादी हो चुकी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### पुलिस-वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 350 ट्रॉली अवैध रेत नष्ट, परिवहन में इस्तेमाल नावें भी तोड़ी गईं



सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 350 ट्रॉली अवैध रूप से भंडारित रेत को नष्ट कर दिया। कार्रवाई के दौरान रेत परिवहन में इस्तेमाल की जा रही नावों को भी तोड़कर नष्ट किया गया।

पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना के निर्देशन में जिले भर में अवैध रेत कारोबार पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सभी थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों को चंबल नदी क्षेत्र में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अवैध रेत परिवहन में उपयोग किए जाने वाले रास्तों को बाधित करने और नावों को नष्ट करने के निर्देश भी दिए गए। इसी क्रम में 13 मई को थाना चिन्नौनी पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने गुनापुरा रोड एवं होराबरा घाट क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए लगभग 350 ट्रॉली यानी करीब 700 घनमीटर अवैध रेत को जेसीबी मशीन से मिट्टी में मिलाकर नष्ट कर दिया। अधिकारियों के अनुसार नष्ट की गई रेत की अनुमानित कीमत करीब 7 लाख 70 हजार रुपए बताई गई है। वहीं थाना सबलगढ़ पुलिस ने हबुआपुरा घाट क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन के लिए उपयोग किए जा रहे मार्गों की पहचान कर जेसीबी मशीन से गड्ढे खुदवाकर रास्तों को अवरुद्ध कर दिया, ताकि भविष्य में अवैध परिवहन पर रोक लगाई जा सके। इस संयुक्त कार्रवाई में एसडीओपी कैलारस उमेश कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी सबलगढ़ राजकुमारी परमार, थाना प्रभारी चिन्नौनी ऋषिकेश शर्मा, पुलिस बल एवं वन विभाग के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बिजासन माता मंदिर निर्माण कार्य रोकने पर ग्रामीणों में नाराजगी, विधायक ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ मुरैना

ग्राम पढ़ावली स्थित बिजासन माता मंदिर के निर्माण कार्य को वन विभाग द्वारा रोके जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मंदिर निर्माण कार्य बंद होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। इसी मुद्दे को लेकर क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक दिनेश गुर्जर ग्रामीणों के साथ नई कलेक्ट्रेट पहुंचे और एसडीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

विधायक ने प्रशासन से मांग की कि ग्रामीणों की आस्था से जुड़े बिजासन माता मंदिर का निर्माण कार्य जल्द से



जल्द पुनः शुरू कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह मंदिर क्षेत्र के लोगों की श्रद्धा और विश्वास का केंद्र है तथा निर्माण कार्य रुकने से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। ग्रामीणों ने भी प्रशासन के समक्ष अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि लंबे समय से मंदिर निर्माण कार्य चल रहा था, लेकिन वन विभाग द्वारा अचानक रोक लगाए जाने से क्षेत्रवासियों में असंतोष है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र समाधान निकालकर निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की। वहीं पूरे मामले में एसडीएम ने विधायक और ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मामले का परीक्षण कराया जाएगा तथा नियमानुसार उचित कार्रवाई करते हुए जल्द समाधान निकाला जाएगा।

# कमीशनखोरी एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ आज नगर निगम का घेराव, कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

**मुरैना।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आज गुरुवार 14 मई को नगर निगम मुरैना के खिलाफ विशाल जन-आंदोलन एवं घेराव प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी शहर मुरैना के अध्यक्ष गजेंद्र जाटव के नेतृत्व में आयोजित होगा। प्रदर्शन सुबह 10 बजे महादेव नाका स्टेशन रोड से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नगर निगम कार्यालय पहुंचेगा, जहां महापौर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि नगर निगम में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और जनता की मूलभूत समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शहर की सड़कें टूटी एवं धूल भरी हैं, नालियां बंद पड़ी हुई हैं और करोड़ों रुपये की लागत से तैयार किया गया सीवर प्रोजेक्ट पूरी तरह विफल साबित हुआ है। साथ ही चंबल वाटर प्रोजेक्ट में भी निर्माण मानकों एवं टेंडर नियमों की अनदेखी कर भ्रष्टाचार किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। कांग्रेस ने नगर निगम प्रशासन पर वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारियों एवं इंजीनियरों की मिलीभगत से कार्यों की लागत बढ़ाकर लाखों रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया जा रहा है।

# 3 हजार के ईनामी आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, फायरिंग और मारपीट मामले में कार्रवाई

सत्ता सुधार ■ मुरैना



पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना द्वारा घटना की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाना स्तर पर विशेष टीम गठित की गई थी। साथ ही थाना प्रभारी कोतवाली अमित भदौरिया को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। पुलिस द्वारा वांछित आरोपियों पर 3-3 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था।

पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए बुधवार को मुखबिर की सूचना पर 3 हजार के ईनामी आरोपी कल्ला उर्फ कालीचरन पुत्र श्रीकृष्ण गुर्जर उम्र 40 वर्ष निवासी गडौरा को संजय कॉलोनी मुरैना से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार उक्त घटना में शामिल आरोपी समुंदर गुर्जर को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि फरियादी संजय पुत्र रामप्रकाश गुर्जर ने 8 मई 2026 को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि करीब सात दिन पहले भोला द्वारा मोहल्ले में हवाई फायर किए जाने को लेकर विवाद हुआ था। इसी पुरानी रंजिश के चलते भोला गुर्जर, गंगाराम गुर्जर, कल्ला गुर्जर और समुंदर गुर्जर ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की तथा जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। फरियादी की शिकायत पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 182/26 के तहत धारा 109(1), 115(2), 296(ए), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।

# शिकायतों का त्वरित निराकरण करें: एमडी गर्ग

## आज से शुरू होगा बिजली उपभोक्ता संपर्क अभियान 2026

सत्ता सुधार ■ मुरैना

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 14 मई से 'संपर्क अभियान 2026 ' की शुरुआत की जाएगी। कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने मुरैना वृत्त कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

अभियान के तहत त्रुटिपूर्ण बिल, मीटर रीडिंग, वोल्टेज समस्या, ट्रांसफार्मर खराबी, स्मार्ट मीटर शिकायतें, ई-केवाईसी, नाम परिवर्तन, भार वृद्धि और बिल भुगतान जैसी सेवाएं शिविरों में उपलब्ध कराई जाएंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 5 रुपये में घरेलू एवं कृषि पंप कनेक्शन देने की सुविधा भी दी जाएगी।

प्रबंध संचालक ने अधिकारियों को घर-घर सर्वे कर शिकायतों का पूर्व निराकरण करने, बिजली चोरी रोकने और सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समय-सीमा में समाधान करने के निर्देश दिए। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे शिविरों में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाएं। जानकारी के लिए उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं।



**प्रशिक्षण शिविर** नशा मुक्ति को लेकर अधिकारियों और खिलाड़ियों ने लिया संकल्प

# पुलिस लाइन में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोह 2026' का शुभारंभ

सत्ता सुधार ■ मुरैना

पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा द्वारा बुधवार को पुलिस लाइन परिसर में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोह 2026' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, कोच एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने खिलाड़ियों से मोबाइल फोन और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर खेल एवं फिटनेस पर ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को




नियमित अभ्यास करने और खेलों के माध्यम से अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में बैडमिंटन, टेनिस, फुटबॉल, खो-खो, ताइक्वांडो, हॉकी, वॉलीबॉल एवं ब्राइटर माइंड्स सहित विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यक्रम में एडिशनल एसपी, जिला पंचायत सीईओ, आरआई पुलिस लाइन, खेल अधिकारी, विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन से पूर्व जिला पंचायत सीईओ के नेतृत्व में सुबह करीब 9:30 बजे नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेते हुए कहा कि मुरैना एवं मध्यप्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे।

# नारी सशक्तिकरण से मजबूत होगा हमारा देश: आरती



**मुरैना।** जिला पंचायत मुरैना की सामान्य सभा की बैठक बुधवार को जिपं सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष आरती आकाश गुर्जर ने की। बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस के विरोध पर निंदा प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में बानमोर-नूराबाद क्षेत्र की फैक्ट्रियों से निकल रहे दूषित पानी की जांच कराने तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई गई। साथ ही जल संवर्धन कार्यों की जांच, प्राचीन बावड़ियों के जीर्णोद्धार और आंगनवाड़ी भर्ती में कथित भ्रष्टाचार की जांच कराने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक गोपाल श्रीवास्तव, द्वारा मेसर्स डीबी कॉर्प लिमिटेड 10-11 सेक्टर बी इंडस्ट्रियल एरिया गोविंदपुरा भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित एवं तृतीय तल, सी ब्लॉक, मानसरोवर काम्पलेक्स भोपाल से प्रकाशित। स्थानीय संपादक-अभिषेक शर्मा*, मोबाईल न. 6261052058, सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। आर एन आई नम्बर-एमपीएचआईएन/2017/72467, मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, प्रतियां बुक कराने एवं एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें-जाहिद हुसैन-9826278877, ई मेल- sattasudharbpl@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। 0755-4002626, 4939910

शाहजहांपुर के निगोही थाना क्षेत्र में लिपुलेख-भिंड हाईवे पर बुधवार दोपहर दो बजे स्कूल बस सामने आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में चार बच्चों समेत 21 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।



## आंधी के बाद फतेहपुर, उन्नाव-कानपुर में टूटा कहर

# यूपी में कहीं दीवार तो कहीं छत ढही, 12 लोगों की मौत

### सैकड़ों पेड़ गिरे, खंभे टूटे... बिजली आपूर्ति रही ठप

### दो मवेशी मरे, दो स्कूलों की चार बसें भी चकनाचूर

### क्रेन की मदद से बोर्ड हटाकर यातायात सुचारू कराया

### बारिश से तापमान में हल्की गिरावट... उन्नाव में आंधी-बारिश के बीच कार पर एक बड़ा पेड़ गिरा

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

यूपी में अचानक मौसम ने करवट लिया और फिर जमकर तांडव मचाया। कहीं दीवार गिरी, कहीं छप्पर तो कहीं पेड़ गिरे। उन्नाव जिले में चार, फतेहपुर में चार और कानपुर देहात में दो और बरेली में दो लोगों की मौत हुई है। उत्तरप्रदेश में आंधी-बारिश का सिलसिला थम नहीं रहा। बुधवार दोपहर ढाई बजे उन्नाव में बारिश के साथ ओले गिरे हैं। कानपुर में भी बरसात हुई। बरेली और लखनऊ में तेज आंधी चली। बरेली में हवा की स्पीड इतनी तेज थी कि बिजली के पोल और यूनिपोल उखड़ गए। इससे पहले सुबह संभल, मेरठ और बरेली में बारिश हुई। शाहजहांपुर में धूलभरी आंधी चली। उन्नाव में आंधी-बारिश के बीच कार पर एक बड़ा पेड़ गिर गया। इसका लाइव वीडियो सामने आया है। बरेली-बदायूं में तेज आंधी में कई जगह साइन बोर्ड गिर गए।



### एक छात्रा की मौत

बरेली जिले में लगातार दूसरे दिन आंधी-बारिश ने कहर बरपाया। बुधवार सुबह साढ़े 11 बजे तेज आंधी चली। इस दौरान भमोरा इलाके में आम का पेड़ गिरने से एक छात्रा की मौत हो गई। एक अन्य घटना में बुजुर्ग महिला की जान चली गई। दो मवेशी मर गए। पेड़ गिरने से दो स्कूलों की चार बसें क्षतिग्रस्त हो गईं। जिले के कई इलाकों में खंभे गिरने से विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। आंधी के दौरान तेज बारिश भी हुई।

### आंधी संग बारिश, बिजली-दीवार गिरने से दो की मौत

कानपुर देहात के कुछ हिस्सों में बुधवार दोपहर में आंधी संग बारिश व ओलावृष्टि हुई। रसूलाबाद के भौथरी में बारिश होने पर बकरियां चराने गई रामबहादुर की पुत्री रुचि (19) नजदीक ही रामकुमार दिवाकर के खेत पर लगे नीम में पेड़ के नीचे बकरियां लेकर पहुंच गई। वहां पहले से भौथरी गांव निवासी रामचंद्र (60) मौजूद थे। बिजली गिरने से रुचि मौत हो गई। बुजुर्ग रामचंद्र मामूली रूप से झुलस गए। चपेट में आकर रुचि की 19 बकरियां, रामचंद्र की 13 बकरियां व नयापुरवा निवासी राधेश्याम की एक बकरी मर गई। वहीं, गुरियापुर निवासी नाथूराम की पुत्री सौम्या (10) बुधवार की दोपहर बाद लगभग दो बजे कच्ची बनी दीवार के पास खड़ी थी। तेज आंधी आने से दीवार गिरने से वह मलबे में दब गई। जब तक लोगों ने निकाला तब तक उसकी मौत हो गई।

### हापुड़ के न्यायालय परिसर में गिरा पुराना पेड़, हड़कंप

हापुड़ के गढमुक्तेश्वर में आई तेज आंधी और बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। न्यायालय परिसर में एक पुराना विशाल पेड़ गिर पड़ा। पेड़ गिरते ही परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद अधिवक्ता, अधिकारी और कर्मचारी अपनी सुरक्षा के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। गनीमत रही कि पेड़ की चपेट में कोई नहीं आया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। अधिवक्ताओं ने बताया कि तेज हवा के चलते पेड़ की जड़ें कमजोर हो गई थीं।

### तूफान ने बरपाया कहर, चार की मौत

उन्नाव जिले में 20 मिनट के तूफान ने जमकर कहर बरपाया। इस दौरान चार लोगों की मौत हो गई। बाबाखेड़ा निवासी अंश (9) भी अन्य बच्चों के साथ वहीं खेल रहा था। दोपहर दो बजे अचानक से आई तेज आंधी से पास में खड़ा यूकेलिप्टस का पेड़ अंश पर गिरने के साथ अन्य बच्चों को भी चपेट में ले लिया। घटना की अंश की दबकर मौत हो गई। साथ ही बरहाखुर्द गांव निवासी रजेपाल (42) और मकबूलखेड़ा निवासी अमित (30) पुत्र लक्ष्मण उसी में दब गए।मौके पर पहुंची पुलिस ने हाईड्रा की मदद से पेड़ उठवाकर सभी को बाहर निकलवाया। सिंघूपुर गांव के रामआसरे का गांव के बाहर खेत हैं। खेत में आम का पेड़ लगा था। वह खेत पर ही थे, तभी आई तेज आंधी से आम का पेड़ उन्हीं पर गिर गया और उसी के नीचे दब गए। बेटा जिला अस्पताल लेकर गया, डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पोंगहा गांव में सियाराम व मैता में विनोद कुमार पुत्र रामनरेश पर दीवार गिरने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।



### जिले में चार लोगों की हुई मौत

फतेहपुर जिले के डुडरा निवासी 15 वर्षीय ऋतिक गौतम की आंधी के दौरान में बगल के घर से गिरी ईंट की दीवार में दबकर मौत हो गई। चल्थरा गांव में 65 वर्षीय उमैरा बेगम पर दूसरी छत में गिर गई। इससे उनकी मौत हो गई। इसी तरह बंसता का पुरवा मजरे संवत में ननकू पर छत की बाउंड्री भरभरा कर गिर गई। इससे ननकू की दबकर मौत हो गई। बम्हरौली में दीवाल गिरने से सियाकली की मौत हो गई।

### चार स्कूल बसें क्षतिग्रस्त

भमोरा कस्बे में पेड़ गिरने से चार स्कूल बसें क्षतिग्रस्त हो गईं। जिले के कई इलाकों में बिजली के खंभे टूट गए, जिससे विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं और बिजली आपूर्ति बाधित हुई। बिशारतगंज इलाके में रम्पुरा-अलीगंज मार्ग पर एक टेंपो पर पेड़ गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया और यातायात बाधित रहा। आंवला सड़क पर एक साइन बोर्ड भी गिर गया, हालांकि इसकी चपेट में कोई नहीं आया। पुलिस ने क्रेन की मदद से बोर्ड हटाकर यातायात सुचारू कराया।

# सीबीएसई 12वीं में राजधानी में बेटियों का रहा दबदबा

### अदिति 99.2, एश्वर्या को मिले 99 फीसदी अंक

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई ) ने 12वीं का परिणाम बुधवार को जारी कर दिया है। विद्यार्थी अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइटों पर रोल नंबर, स्कूल नंबर और एडमिट कार्ड आईडी का उपयोग करके देख सकते हैं।



लखनऊ जोन का इस बार 82.1 फीसदी परिणाम रहा है। लखनऊ से आरलबी स्कूल की छात्र अदिति मिश्रा को 99.2 प्रतिशत अंक मिले हैं। अदिति ने इस साल नीट की परीक्षा दी है। पेपर लीक होने से उन्हें निराशा है। आदिति ने बताया कि वह आगे और मेहनत करेंगी। उनका सपना डॉक्टर बनना है। अलीगंज निवासी अदिति ने बताया कि उनके पिता विवेक मिश्रा और मां कुमकुम मिश्रा का सपना है कि मैं डक्टर बनूं। वहीं एश्वर्या पांडेय को 99 प्रतिशत अंक मिले हैं। एश्वर्या का सपना आईएएस बनना है। एश्वर्या ने बताया कि आरएलबी विकास नगर शाखा की छात्रा हैं। जानकीपुरम में वह रहती हैं। उनके पिता अभयशंकर पांडेय चोला मंडलम बैंक में कार्यरत हैं। मां अंजू पांडेय गृहिणी हैं।

### रिलायंस फाउंडेशन स्कूल के छात्र मयूर पुरोहित ने कॉमर्स में हासिल किए 90.2 प्रतिशत अंक

पनवेल। रिलायंस फाउंडेशन स्कूल के छात्र मयूर संदीप पुरोहित ने छ्क्र्स्थ बोर्ड की 12वीं कक्षा (कॉमर्स संकाय) परीक्षा में 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। मयूर की इस उपलब्धि पर परिवार, शिक्षकों और परिचितों में हर्ष का माहौल है। मयूर पनवेल के रसयानी क्षेत्र स्थित बेलंतरा को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी में निवास करते हैं। उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। शिक्षकों के अनुसार मयूर शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और अनुशासित छात्र रहे हैं। मयूर ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और नियमित अध्ययन को दिया है।

### 200 बिस्वा जमीन पर एडीए की कार्रवाई

# राम नगरी में अवैध प्लाटिंग पर चला सरकार का बुलडोजर

### बिना ले-आउट कराई जा रही प्लाटिंग

सत्ता सुधार ■ अयोध्या

अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्राधिकरण सीमा क्षेत्र में 200 बिस्वा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीनों से अवैध निर्माण और प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया। प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि मुरावन टोला तारापुर रजौली में विजय यादव द्वारा लगभग 100 बिस्वा भूमि पर कराई जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। वहीं गौरा पट्टी, तारापुर रजौली के निकट एके पांडेय द्वारा 100 बिस्वा भूमि पर विकसित की गई अवैध प्लाटिंग पर भी बुलडोजर चलाया गया।



### निर्माण न कराने की अपील

सचिव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में बिना ले-आउट अथवा मानचित्र स्वीकृत कराए किसी भी प्रकार का निर्माण या विकास कार्य न कराया जाए। उन्होंने कहा कि केवल प्राधिकरण से स्वीकृत ले-आउट वाली भूमि का ही क्रय-विक्रय करें। स्वीकृत ले-आउट की सूची प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# गाजियाबाद में 27 लाख लूटने वाले जुबैर-समीर एनकाउंटर में ढेर

### बदमाशों ने 20 मिनट तक 15 राउंड फायरिंग की

एजेंसी ■ गाजियाबाद

गाजियाबाद में कैश वैन से 27 लाख लूटने वाले दो 2 बदमाश समीर और जुबैर को मंगलवार रात पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। दोनों पर एक-एक लाख का इनाम था। जुबैर लूटकांड का मास्टरमाइंड था। यह मुठभेड़ वेव सिटी थाना क्षेत्र में हुई। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया, पुलिस को सूचना मिली कि रात में वेव सिटी क्षेत्र में बदमाश किसी घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी की, तभी संदिग्ध स्विफ्ट कार दिखाई दी। पुलिस ने जब गाड़ी रुकवाने की कोशिश की, तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। एक सब इंस्पेक्टर और दो कॉन्स्टेबल गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की तो बदमाश जंगल में कार छोड़कर पैदल भागने लगे। दोनों तरफ से 20 मिनट में करीब 15 से ज्यादा राउंड फायर हुए, जिसमें दो बदमाश मारे गए हैं। जबकि 2 अन्य फरार हो गए हैं। समीर के 2 गोली लगीं। जबकि जुबैर के सीने में एक गोली लगी। वहीं फरार बदमाशों की तलाश में 5 टीम में लगाई गई हैं।


समीर, आरोपी | जुबैर, आरोपी

### लूट के 9 लाख 10 हजार मिले

पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ ने बताया, 4 बदमाश स्विफ्ट कार से आए थे। समीर और जुबैर के पास से लूटे गए 9 लाख 10 हजार कैश बरामद हुए हैं। पुलिस ने मौके से दो पिस्टल, दो तमंचे और लूट में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट कार भी बरामद की है। दोनों बदमाश गाजियाबाद के विजयनगर इलाके के रहने वाले थे। घायलों को अस्पताल भेजा गया है। छह बदमाशों ने 6 मई को कैश वैन के ड्राइवर को बंधक बनाकर 27 लाख रुपए लूट लिए थे। बाद में घटनास्थल से 8 किमी दूर वैन को मसूरी थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर छोड़कर भाग गए थे।

# मंगला गौरी समेत 100 से ज्यादा मंदिरों में होगी शनिदेव की पूजा

### भगवान शनिदेव की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी



सत्ता सुधार ■ वाराणसी

ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि पर 16 मई यानी शनिवार को भगवान शनिदेव की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। श्रीकाशी विश्वनाथ, बाबा कालभैरव, मंगला गौरी, संकठा और केदारेश्वर मंदिर समेत शहर के सौ से ज्यादा मंदिरों में विशेष श्रृंगार, पूजन-अर्चन और अभिषेक होगा। श्रद्धालु शनि की साढ़ेसाती और कुंडली दोष से मुक्ति की कामना के साथ पूजा करेंगे। पिंगल संवत्सर के मंत्री माने जाने वाले शनिदेव की जयंती पर अभिजीत और गोधूलि मुहूर्त में विशेष पूजन का विधान है। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रो. नागेंद्र पांडेय ने बताया कि अमावस्या तिथि 16 मई को सुबह 5:11 बजे से शुरू होकर 17 मई की रात 1-30 बजे तक रहेगी। इसलिए शनिदेव जयंती 16 मई को मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि शनिदेव न्याय के देवता हैं और सच्चे मन से पूजा करने वालों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। वे काले तिल, काला वस्त्र, सरसों का तेल और शमी पत्र अर्पित करने से प्रसन्न होते हैं।

### दिन में अभिजीत मुहूर्त

काशीखंड के उल्लेख के अनुसार, सूर्यदेव के कहने पर शनिदेव काशी आए थे और उन्होंने भगवान शिव की तपस्या कर वरदान प्राप्त किया था। इसके बाद उन्होंने यहां शिवलिंग की स्थापना की। प्रो. पांडेय के मुताबिक पूजा के लिए अभिजीत मुहूर्त दिन में 11:50 से 12:45 बजे तक और गोधूलि मुहूर्त शाम 7:04 से 7:25 बजे तक रहेगा।

### कुत्तों को भोजन कराने की अपील

पूजा सामग्री में सरसों का तेल, लोहे का दीपक, काले तिल, काली उड़द, नीले फूल, काला कपड़ा और शमी पत्र शामिल रहेंगे। श्रद्धालु 108 बार प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः और शं शनैश्चराय नमः मंत्र का जप करेंगे। शनि दोष से राहत के लिए हनुमान चालीसा का पाठ भी विशेष फलदायी माना गया है। श्रद्धालुओं से सात्विक आहार अपनाने, पीपल के नीचे दीपदान करने तथा काले कौओं और कुत्तों को भोजन कराने की अपील की गई है।




